शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र इस सूचना के साथ संलग्न है, शेयरधारकों / परोक्षियों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र में निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें तथा उसे बैठक के स्थान पर सौंप दें. शेयरधारक के परोक्षी/ प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति पर्ची पर परोक्षी या प्राधिकृत प्रतिनिधि जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख किया जाना चाहिए.

(iv) **बुक क्लोजर**

वार्षिक साधारण बैठक के उद्देश्य एवं लाभांश की पात्रता का पता लगाने के लिए बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर शनिवार दिनांक 22 जून, 2013 से बुधवार दिनांक 26 जून, 2013 (दोनों दिन को मिलाकर) तक बंद रहेगा.

(v) **लाभांश का भुगतान**

बैंक के निदेशक मंडल द्वारा यथा प्रस्तावित शेयरधारकों के लिए लाभांश का भुगतान भौतिकरूप में रखने वाले उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में दि. 26 जून, 2013 को दर्ज है तथा डिमैट शेयरों के मामलों में, दिनांक 21 जून, 2013 को कारोबार समाप्ति पर डिपॉजिटरी द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार हिताधिकारी स्वामित्व के आधार पर ही प्रस्तावित लाभांश का भुगतान किया जाएगा तथा लाभांश का भुगतान 5 जुलाई, 2013 को किया जाएगा.

(vi) **अंतरण**

अतंरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को अंतरण हेतु भेजा जाना चाहिए.

(vii) **लाभांश वारंटों में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एनईसीएस)/ यूनियन बैंक खाते में सीधे जमा के माध्यम से लाभांश के भुगतान के लिए बैंक खाते के ब्योरे**

बैंक, लाभांश राशि प्रत्यक्ष जमा के माध्यम से यथासंभव यूनियन बैंक खाते/ राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा(एनईसीएस) सुविधा में शेयरधारकों के बैंक खातों में जमा करेगा, अतएव, शेयरधारक, जो शेयरों को इलेक्ट्रॉनिक रुप में रखते हैं, से अनुरोध है कि अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स को अपने पते में नवीनतम परिवर्तन और बैंक आदेश के ब्योरे (नए खाते, यदि कोई, बैंक का एमआइसीआर और आइएफएससी कोड नंबर सहित) तुरंत सूचित करें ताकि प्रत्यक्ष जमा के जरिए लाभांश राशि तत्काल उनके यूनियन बैंक खाते/एनईसीएस में जमा की जा सके.डीमेट रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारक इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेन्ट्स से संपर्क करें.

शेयरधारक जो अपने शेयर भौतिक रुप में रखते हैं, अपने बैंक आदेश ब्योरे बैंक के निवेशक सेवा कक्ष को या बैंक के शेयर ट्रांसफर एजेंट को पैरा (ix)में दिए गए पते पर 21 जून 2013 तक या उससे पूर्व प्रेषित करें.

बैंक केवल, इलेक्ट्रानिक रुप में भुगतान किए जाने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध न होने की दशा में या भुगतान निदेश असफल हो जाने या बैंकर्स द्वारा निरस्त किए जाने पर ही लाभांश वारंट जारी करेगा. ऐसे मामलों में बैंक ऐसे लाभांश वारंटों पर निवेशक के बैंक खाते के ब्योरे अनिवार्यतः मुद्रित करेगा.

बैंक ब्योरे देने हेतु फार्मेट इस रिपोर्ट से संलग्न किया गया है और बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

(viii) अदावाकृत लाभांश, यदि कोई है.

ऐसे शेयरधारकों, जिन्होंने पिछली अवधियों के अपने लाभांश वारंट, यदि कोई हैं, का नकदीकरण नहीं कराया है या लाभांश प्राप्त नहीं किया है, से अनुरोध है कि वे डुप्लीकेट लाभांश वारंट जारी करने के लिए बैंक शेयर अंतरण एजेंट से संपर्क करें. संबंधित क्षतिपूर्ति बांड बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

बैंक कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण अधिनियम 1970) में धारा 10बी के अनुसार 7 वर्ष की अवधि के अप्रदत्त या अदावाकृत रहने वाली लाभांश की राशि कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205 सी के अधीन केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जानी अपेक्षित है तथा उसके उपरांत लाभांश के भुगतान के संबंध में बैंक या आईईपीएफ को किसी भी प्रकार का दावा नहीं किया जाएगा.

(ix) पते / बैंक ब्यौरों / बैंक खाता मैन्डेट में परिवर्तन की सूचना :

(क) जिनके पास भौतिक रुप में शेयर उपलब्ध हैं :

जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हें, उनसे अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते और / या बैंक खाते में यदि कोई परिवर्तन हो तो वे इसकी सूचना बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट को निम्न पते पर दें :

डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि.,
यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. बी 5
पार्ट बी, क्रॉस लेन, एमआईडीसी, मरोल
अंधेरी (पूर्व)
मुंबई - 400 093

(ख) जिनके पास डीमैट रुप में शेयर उपलब्ध हैं :

डिमैट रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते तथा बैंक मैनडेट / ब्यौरे में कोई परिवर्तन होने की स्थिति में उसकी सूचना केवल अपने डिपॉजिटरी सहभागी(गियों) को दें.

(x) निवासी स्थिति में परिवर्तन

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के शेयर अंतरण एजेंट डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. को तत्काल सूचित करें.

ए. स्थायी निवास हेतु भारत वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी. भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड आदि यदि पहले नहीं दिया गया हो.

(xi) फोलियो का समेकन

एक से अधिक खाते में एक जैसे नाम से या नामों से उसी क्रम में संयुक्त नाम से भौतिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे उन सभी शेयरों का एक ही खाते में समेकन करने हेतु अपने शेयर प्रमाणपत्र बैंक के शेयर अंतरण एजेंट डाटामैटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि.को प्रेषित करें.

(xii) शेयरधारक / परोक्षीधारक / प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वार्षिक साधारण सभा में आते समय वे अपने साथ वार्षिक रिपोर्ट तथा नोटिस की प्रतियां साथ लाएं.

(xiii) शेयरधारक अपने लेखों पर किसी भी प्रकार की जानकारी चाहते हों तो उनसे अनुरोध है कि वे बैंक को लिखें, जो वार्षिक साधारण बैठक की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले प्राप्त हो जाना चाहिए ताकि प्रबंधन वह सूचना तैयार रख सके. उत्तर केवल वार्षिक साधारण सभा में ही दिये जाएंगे.

निदेशक बोर्ड के आदेश से
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



स्थान : मुंबई.
दिनांक : 20 मई, 2013

(डी. सरकार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारक,

निदेशक मंडल को 2012-13 को समाप्त वित्तीय वर्ष का लेखापरीक्षित तुलनपत्र, लाभ एवं हानि लेखा, नकदी प्रवाह विवरण और प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण पर रिपोर्ट सहित आपके बैंक की 94वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष है. कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट भी वार्षिक रिपोर्ट का एक भाग है.

1. **परिदृश्य**

1.1 वर्ष के दौरान बैंक का कार्य निष्पादन ग्राहक केंद्रित पहलों से संचालित हुआ है. कारोबार में गुणात्मक वृद्धि, उत्पादक क्षेत्र को उधारी एवं आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए आपके बैंक ने एक बार पुन: प्रमुख कारोबारी पैरामीटरों में अच्छा कार्य निष्पादन किया है. कारोबारी लक्ष्यों और मानव संसाधन प्रैक्टिस का समन्वय कर बैंक द्वारा लागू की गई मानव संसाधन रुपान्तरण पहल से बैंक की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

1.2 आपके बैंक ने घरेलू एवं वैश्विक दोनों ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना सही तरह से किया है. बैंक की कारोबारी रणनीतियां कारोबार के चुनिंदा क्षेत्रों जैसे कोर एवं रिटेल कारोबार, सार्थक वित्तीय समावेशन एवं सिस्टम एवं नियंत्रण को मजबूत बनाने आदि जैसी गतिविधियों के इर्द-गिर्द ही रहीं.

1.3 बैंक योजनाबद्ध प्रगति, नई तकनीकों के साथ ग्राहकों तक पहुंचने के नए तरीके विकसित करने और ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर दे रहा है. आपके बैंक ने वैश्विक बाजार में अपने पैर जमाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है. पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की दूसरी ओवरसीज़ शाखा ने दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में काम करना आरंभ कर दिया है.

1.4 कारोबार निष्पादन की प्रमुख उपलब्धियां निम्नानुसार हैं :

तालिका - 1: विशिष्ट वित्तीय कार्यनिष्पादन

(₹ करोड़ में)

	वि. व. 2012	वि. व. 2013	वार्षिक परिवर्तन
कुल कारोबार	403900	475673	17.77%
कुल ब्याज आय	6793	7543	11.04%
परिचालन लाभ	5254	5583	6.26%
प्रावधान	3467	3425	-1.22%
शुद्ध लाभ	1787	2158	20.76%
शुद्ध ब्याज आय (एनआईएम)	3.16%	2.96%	-20आधार बिंदु
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	11.85%	11.45%	-40आधार बिंदु
प्रति कर्मचारी सकल लाभ (₹ लाख में)	17.04	17.56	3.05%
लाभांश (₹ प्रति शेयर)	8.0	8.0	कोई परिवर्तन नहीं
प्रति शेयर बही मूल्य	237.48	264.37	11.32%

2. **कारोबार**

2.1 बैंक का वैश्विक कारोबार 17.77% की वार्षिक वृद्धि के साथ 31 मार्च 2013 को ₹ 4,75,673 करोड़ रहा,

2.2 बैंक की कुल जमाराशियां 18.35% की वार्षिक वृद्धि के साथ 31 मार्च 2013 को ₹ 2,63,762 करोड़ और बैंक की कुल अग्रिम 17.06% की वार्षिक वृद्धि के साथ 31 मार्च 2013 को ₹ 2,11,911 करोड़ रहे.

2.3 बैंक का वैश्विक कारोबार 51.90% की वार्षिक वृद्धि के साथ 31 मार्च 2013 को ₹ 15,780 करोड़ पहुंच गया. इसमें जमाराशियां 31 मार्च 2012 के ₹ 1,207 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2013 को ₹ 2,763 करोड़ जबकि अग्रिम 31 मार्च 2012 के ₹ 9,181 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2013 को ₹ 13,017 करोड़ हो गया.

3. **आय :**

3.1 बैंक की कुल आय वित्तीय वर्ष 2011-12 के ₹ 23,476 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2012-13 में ₹ 27,677 करोड़ हो गई, जिसकी वार्षिक वृद्धि दर 17.89 प्रतिशत रही. वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक के अग्रिमों पर आय का प्रतिशत 11.05 रहा, जबकि निवेशों पर आय 7.38 प्रतिशत दर्ज की गई. वित्तीय वर्ष 2012-13 में बैंक की कुल निधियों से प्राप्त आय 9.19 प्रतिशत रही.

3.2 बैंक की शुद्ध ब्याज आय वर्ष 2011-12 के ₹ 6,793 करोड़ में 11.04% की वार्षिक वृद्धि के साथ वर्ष 2012-13 में ₹ 7,543 करोड़ हो गयी. शुद्ध ब्याज आय की पिछले तीन वर्षों में चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 21.63% रही.

3.3 गैर ब्याज आय 2011-12 के ₹ 2,448 करोड़ में 4.24% की वार्षिक बढ़त के साथ 2012-13 में ₹ 2,552 करोड़ हो गई. राइट ऑफ खातों में पिछले वित्तीय वर्ष के ₹ 354 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान ₹ 324 करोड़ की वसूली हुई. कोर फी आधारित आय वित्तीय वर्ष 2011-12 के ₹ 1,392 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2012-13 में ₹ 1,421 करोड़ हो गई.

तालिका - 2 : गैर ब्याज आय

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	वित्तीय वर्ष -12	वित्तीय वर्ष -13	वर्षिक वृद्धि
1. कोर गैर ब्याज आय	1392	1421	2.09%
2. ट्रेज़री आय	702	807	14.87%
जिसमें से,			
- निवेश की बिक्री से लाभ	441	477	8.28%
- विनिमय लाभ	261	329	25.97%
3. राइट-ऑफ खातों में वसूली	354	324	(-)8.40%
4. कुल गैर ब्याज आय (1+2+3)	2448	2552	4.24%

4. **व्यय**

4.1 बैंक के कुल व्यय वित्तीय वर्ष 2011-12 में ₹ 18,222 करोड़ थे, जो वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 21.25% की वार्षिक बढ़त के साथ ₹

22,094 करोड़ हो गए. स्थापना व्यय वर्ष 2011-12 के ₹ 2,479 करोड़ से 11.13 प्रतिशत बढ़कर कर वित्तीय वर्ष 2012-13 में ₹ 2,755 करोड़ हो गए. वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक के कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौते के पेटे ₹ 75 करोड़ का प्रावधान किया गया.

4.2 ब्याज व्यय ₹ 14235 करोड़ में 39.07% की वृद्धि के साथ ₹ 17582 करोड़ हो गया, जिसका प्रमुख कारण वित्तीय बाजार में सख्त तरलता स्थिति रहने एवं उच्च नीतिगत दरों के कारण जमाराशियों की लागत का पिछले वर्ष के 6.93% की तुलना में 7.38% हो जाना रहा. तदनुसार, निधियों की लागत भी पिछले वर्ष के 6.33% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2012-13 में 6.43% हो गई.

तालिका - 3 : परिचालन व्यय

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	वित्तीय वर्ष -12	वित्तीय वर्ष -13	वृद्धि %
कुल परिचालन व्यय	3987	4512	13.17%
जिसमें से:			
स्टाफ व्यय	2479	2755	11.13%
अन्य परिचालन व्यय	1508	1757	16.51%

4.3 बड़ी संख्या में नई शाखाएं खोलने, लंबित वेतन समझौते एवं पेशन देयताओं के भुगतान हेतु प्रावधानों के चलते लागत आय अनुपात पिछले वित्त वर्ष के 43.15 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44.70 प्रतिशत हो गया.

5. लाभप्रदता :

5.1 ब्याज आय में बढ़ोत्तरी एवं परिचालन व्यय में नियंत्रण के कारण बैंक का परिचालन लाभ पिछले वर्ष के ₹ 5254 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012-13 में बढ़कर ₹ 5583 करोड़ हो गया.

5.2 शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2013 में ₹ 2158 करोड़ रहा. शुद्ध लाभ में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012-13 में 20.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई.

5.3 शुद्ध आय मार्जिन (एनआईएम) पिछले वर्ष के 3.16 प्रतिशत के पेटे वित्तीय वर्ष 2013 में 2.96 प्रतिशत रहा. औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ वर्ष 2012-13 में पिछले वर्ष के 0.79 प्रतिशत पर ही बरकरार रहा.

चार्ट -1 : परिचालन लाभ एवं शुद्ध लाभ



6. उत्पादकता अनुपात

6.1 वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान औसत प्रति कर्मचारी कारोबार ₹ 1215 लाख तक बढ़ गया और इसमें 13.55 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जबकि प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ 17.07 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ 6.79 लाख हो गया.

6.2 वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान प्रति शाखा औसत कारोबार एवं प्रति शाखा शुद्ध लाभ में क्रमश: 6.73 प्रतिशत एवं 10.08 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई.

तालिका 4: उत्पादकता अनुपात

(₹ लाख में)

पैरामीटर	वित्तीय वर्ष 12	वित्तीय वर्ष 13	वार्षिक वृद्धि
प्रति कर्मचारी औसत कारोबार	1070	1215	13.55%
प्रति शाखा औसत कारोबार	10311	11005	6.73%
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ	5.80	6.79	17.07%
प्रति शाखा शुद्ध लाभ	55.83	61.46	10.08%

7. लाभांश

7.1 आपके निदेशकों को वर्ष 2012-13 के दौरान 80% अर्थात् ₹ 10/- प्रति शेयर के बही मूल्य पर ₹ 8.00 प्रति शेयर लाभांश संस्तुत करते हुए हर्ष है. लाभांश को वित्तीय वर्ष 2011-12 के बराबर रखा गया है.

8. शेयरधारकों को प्रतिफल

8.1 बैंक की नेटवर्थ पिछले वर्ष के ₹ 13075 करोड़ से 20.66% बढ़कर वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ 15777 करोड़ हो गई. इस प्रकार प्रति शेयर बही मूल्य पिछले वर्ष के ₹ 237.48 से बढ़कर ₹ 264.37 हो गया. प्रति शेयर आय पिछले वर्ष के ₹ 34.07 की तुलना में ₹ 38.93 रही. इक्विटी पर प्रतिफल पिछले वर्ष के 13.67% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013 में 13.68% रहा.

9. रेटिंग एवं पूंजी संवर्धन

9.1 विभिन्न क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा बैंक की टीयर I तथा टीयर II पूंजी को समय से वित्तीय अपेक्षाओं के अनुपालन के संबंध में सर्वाधिक सुरक्षित माना गया है और इन विलेखों को न्यूनतम क्रेडिट जोखिम में शामिल किया जाता है.

तालिका - 5 : बांड की रेटिंग

रेटिंग एजेंसी	शाश्वत	अपर टायर II Bonds	लोअर टायर II Bonds
क्रिसिल	AAA	AAA	AAA
इकरा	AA	-	AA+
केयर	AA+	AAA	AAA
फिच	AA(Ind)	AA(Ind)	AA+(Ind)
ब्रिकवर्क	AAA	AAA	AAA

9.2 वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान बैंक ने ₹ 800 करोड़ के बेजमानती रीडिमेबल कन्वर्टिबल सबार्डिनेट लोअर टीयर II बांड जारी किए.

9.3 बैंक ने भारत सरकार को ₹ 10/- के इक्विटी शेयर ₹ 230.89 के प्रति शेयर प्रीमियम पर 4,62,45,174 इक्विटी शेयर ₹ 1114 करोड़ में आबंटित किए. इस प्रकार बैंक की सरकारी शेयरधारिता 31 मार्च, 2012 के 54.35% से बढ़कर 31 मार्च, 2013 को 57.89% हो गई.

10. पूंजी पर्याप्तता अनुपात :

10.1 31 मार्च 2013 को बासल II के अनुसार पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 11.45% रहा, जो 9% के नियामक बेंचमार्क से काफी अधिक है. टीयर I सीएआर 8.23% एवं टीयर II 3.22% रहा.

तालिका 6 : पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	वित्तीय वर्ष 12	वित्तीय वर्ष 13
कुल जोखिम भारित आस्तियां	168178	203927
पूंजी निधि	19926	23341
टायर - I पूंजी	14081	16785
सी ए आर बासल -II	11.85%	11.45%
टीयर - I	8.37%	8.23%
टीयर - II	3.48%	3.22%

11. डिलीवरी चैनल

11.1 आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान भारत में 309 एवं दुबई में एक विदेशी शाखा खोली. यह बैंक द्वारा किसी एक वर्ष के दौरान खोली गई शाखाओं की सर्वाधिक संख्या है. 309 घरेलू शाखाओं में 232 (75 प्रतिशत) शाखाएं ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में खोली गईं. बैंक ने टीयर 5 एवं 6 केंद्रों पर भारिबैं के अनिवार्य 25% शाखाएं खोलने की आवश्यकता के पेटे ऐसे केंद्रों पर 33% शाखाएं खोलीं. जिसके परिणामस्वरुप, 31 मार्च 2012 के 3201 शाखाओं की तुलना में 31 मार्च 2013 को दो विदेशी शाखाओं सहित 3511 हो गई. आपके बैंक ने मिज़ोरम राज्य में पहली शाखा आइज़ोल में खोली.

11.2 31 मार्च 2012 के 3801 एटीएम की तुलना में 31 मार्च 2013 को एटीएम की संख्या 4603 हो गई अर्थात् वर्ष के दौरान 802 नए एटीएम खोले गए. शाखाओं की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान एटीएम का अनुपात सुधरकर 1.31 हो गया, जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में श्रेष्ठतम में से एक है. बैंक ने मार्च 2013 के अंत तक 100 बोलने वाले एटीएम खोल लिए हैं. बैंक द्वारा आंरभ किया गया बोलने वाला एटीएम सॉल्यूशन भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा दृष्टिबाधित लोगों के लिए मानक एटीएम सॉल्यूशन के रुप में स्वीकार किया गया है.

11.3 आपका बैंक भारत में रुपे कार्ड जारी करने वाले बैंकों के प्रथम समूह में से एक है. अब बैंक के सभी एटीएम रुपे कार्ड को स्वीकार करते हैं. रुपे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम लि.(एनपीसीआई) द्वारा स्थापित भारतीय घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क है. बैंक ने चुनिंदा शाखाओं में बंच नोट स्वीकार करने वाली मशीनें भी लगाई हैं.

11.4 आपका बैंक अपने प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में नेशनल इलेक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) की शुरुआत करने वाला पहला बैंक हैं. बैंक ने जनवरी 2013 से स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मेसेजिंग सिस्टम (एसएफमएस) के माध्यम से ऑन लाइन साख पत्र जारी करना एवं प्राप्त करना आरंभ कर दिया है. सभी शाखाओं को ऑन लाइन साख पत्र जारी करने एवं प्राप्त करने की सुविधा प्रदान कर दी गई है.

11.5 लेनदेनों की बढ़ती हुई संख्या को ध्यान में रखते हुए बैंक ने कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) सिस्टम की गणन क्षमता को बढ़ा दिया है. मिडिलवेयर के माध्यम से बैंक ने विदेशी आवक प्रेषण, ट्रेज़री, एचआरएम सॉल्यूशन, स्विफ्ट, आरटीजीएस, एनईएफटी, ऑनलाइन ट्रेडिंग आदि कार्यों को सीबीएस से जोड़ दिया है, जिससे सामान्य गति से लेनदेन किए जा सकें.

11.6 इलेक्ट्रानिक चैनेलों के माध्यम से होने वाले लेनदेन 31 मार्च, 2012 के 54.75% की तुलना में 31 मार्च, 2013 को 60.02% हो गए.

11.7 आपके बैंक ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) को सफलतापूर्वक ऑफ-यूएस- मोड में क्रियान्वित कर दिया है.

11.8 बैंक ने ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने के लिए एवं सभी चैनलों में आने वाली शिकायतों के मूल कारणों को सुव्यवस्थित रुप से हटाने हेतु मुंबई में एक ग्राहक सेवा इकाई की स्थापना की है. इसमें सभी चैनेलों से प्राप्त शिकायतों को एकीकृत करने के लिए इंटीग्रेटेड केस मैनेजमेंट टूल (आईसीएमटी) का प्रयोग किया जाता है.

12. पुरस्कार एवं सम्मान

12.1 आपके बैंक को वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान श्रेष्ठ एवं बहुमुखी कार्यनिष्पादन, योग्य प्रबंधन और उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं.

12.2 आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी. सरकार को स्कॉच कंसल्टेंसी सर्विसेज़ द्वारा उनके वित्तीय समावेशन अवार्ड 2013 के एक भाग के रुप में "बैंकर ऑफ द ईयर" पुरस्कार से नवाज़ा गया. बैंक को भारतीय बैंक संघ से वित्तीय समावेशन के लिए 2012 का सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ.

12.3 डा. डी. सुब्बाराव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंक के केरल राज्य के एक अग्रणी जिले एर्णाकुलम को देश का पहला "सार्थक वित्तीय समावेशन" जिला घोषित किया गया. इस प्रोजेक्ट में, बैंक ने केवल खाता खोलने के बजाए "आवश्यकता" का पता लगाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया. समुदाय आधारित संगठनों की मदद से बैंक ने अपने ग्राहकों को बचत एवं ऋण की आवश्यकता बताई. इससे बैंक को मोबाइल बैंकिंग एवं काफी मात्रा में सक्रिय खातों की संख्या बढ़ाने में मदद मिली.

12.4 बैंक को मुंबई में आयोजित आईबीए बैंकिंग टेक्नालाजी अवार्ड में निम्नलिखित संवर्गों में चार पुरस्कार प्राप्त हुए:

12.4.1 सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल

12.4.2 वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेक्नालाजी बैंक

12.4.3 बैंकिंग में मोबाइल टेक्नालाजी का सर्वश्रेष्ठ उपयोग

12.4.4 बिज़नेस इंटेलीजेंस का सर्वश्रेष्ठ उपयोग

12.5 बैंक को एटीएम के माध्यम से तीन धनप्रेषण उत्पादों यथा नेफ्ट, आईएमपीएस एवं यूनियन ईकैश के कार्यान्वयन के लिए प्रतिष्ठित एसीआई एक्सेलेंस अवार्ड 2012 प्राप्त हुआ. यह एसीआई वर्ल्डवाइड इंक द्वारा दिया जाने वाला एक वैश्विक अवार्ड है, जो भुगतान प्रणाली

में प्रयुक्त साफ्टवेयरों के नवोन्मेषी प्रयोग के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किये जाते हैं.

12.6 बैंक को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया से भी प्रतिष्ठित आईटी इनोवेशन अवार्ड प्राप्त हुआ. बैंक को यह अवार्ड दृष्टिबाधितों के लिए टॉकिंग एटीएम स्थापित करने के लिए दिया गया. यह सॉल्यूशन सभी बैंक ग्राहकों को जारी सामान्य डेबिट कार्ड पर भी कार्य करता है.

12.7 बैंक को एनपीसीआई से नेशनल फाइनेंशियल स्विच में परिचालनात्मक उत्कृष्टता के लिए सार्वजनिक क्षेत्र संवर्ग में सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार प्राप्त हुआ है. ये पुरस्कार एनसीपीआई द्वारा एटीएम के परिचालन में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किए जाते हैं, जिनमें विवाद प्रबंधन, नेटवर्क अपटाइम, लेनदेन निरस्त होने पर नियंत्रण, डी आर ड्रिल्स आदि शामिल हैं.

12.8 बैंक को वर्ष 2010-11 के लिए माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी ने प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड प्रदान की.

12.9 बैंक की गृह पत्रिका "यूनियन धारा" को एबीसीआई वार्षिक पुरस्कार 2012 में प्रतिष्ठित "चैंपियन ऑफ द चैंपियंस ट्राफी" प्रदान की गई. यूनियन धारा को आंतरिक संवाद हेतु विशेष कॉलम (अंग्रेजी), आंतरिक पत्रिका, द्विभाषिक पत्रिका, फीचर (भाषा), फोटो फीचर एवं फोटोग्राफी जैसे विभिन्न संवर्गों के अधीन 1 स्वर्ण, 3 रजत एवं 2 कांस्य सहित 6 पुरस्कार प्राप्त हुए.

13. निदेशक

13.1 वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान, आपके बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

13.1.1 श्री डी. सरकार भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा से 9 की उपधारा 3 (ए) के अधीन दिनांक 1 अप्रैल 2012 से श्री एम. वी. नायर के स्थान पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नामित किए गए, जिनका कार्यकाल दिनांक 31.03.2012 को सेवानिवृत्त होने के कारण समाप्त हुआ.

13.1.2 डा. ए. भट्टाचार्या, संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा से 9 की उपधारा 3 (बी) के अधीन दिनांक 20 जुलाई 2012 से भारत सरकार द्वारा श्री राजेश खुल्लर के स्थान पर केन्द्रीय सरकार के गैर-पूर्णकालिक अधिकारी के रुप में नामित किए गए.

13.1.3 26 जून 2012 को शेयरधारकों की वार्षिक साधारण बैठक में श्री आर. एच. ढोलकिया, श्री जी. के. लाठ एवं श्री डी. चटर्जी को भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा से 9 की उपधारा 3 (i) के अधीन दिनांक 27 जून 2012 से 3 वर्षों के लिए श्री एम. एस. श्रीराम, श्री एस. रवि एवं श्री ए. के. नन्दा के स्थान पर शेयरधारक निदेशक के रुप में चुना गया.

13.1.4 श्री के. सुब्रम्हण्यम को भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा से 9 की उपधारा 3 (ए) के अधीन दिनांक 21 जनवरी 2013 से श्री एस. एस. मूंदड़ा के स्थान पर कार्यपालक निदेशक के रुप में निदेशक मंडल में चुना गया, जिन्हें उसी दिन से बैंक ऑफ बडौदा का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया.

13.2 31 मार्च 2013 के बाद श्री एस. के. मिश्रा एवं सुश्री ए. शर्मा को भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा से 9 की उपधारा 3 (एच) के अधीन क्रमश: दिनांक 11 अप्रैल 2013 एवं 6 मई 2013 से अंशकालिक गैर-अधिकारिक निदेशक के रुप में नामित किया गया. इसके साथ ही, श्री बी.एम. शर्मा का कार्यकाल दि. 15 अप्रैल 2013 को समाप्त हो गया.

13.3 नए निदेशकों का स्वागत करते हुए बोर्ड श्री राजेश खुल्लर, श्री एस. एस. मूंदड़ा, श्री एस. एस. श्रीराम, श्री ए. के. नंदा, श्री. बी. एम. शर्मा एवं श्री एस. रवि द्वारा दी गई बहुमूल्य सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करता है.

14 निदेशकों के उत्तरदायित्व पर टिपपणी :

14.1 निदेशकों द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के वार्षिक खाते तैयार करते समय :

14.1.1 लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है एवं निर्धारित लेखा मानकों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं किया गया है.

14.1.2 लेखानीतियां भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की गई हैं एवं उनका अक्षरश: अनुपालन किया गया है.

14.1.3 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ और वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक की सही और सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए समंचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान लगाए गए हैं.

14.1.4 भारत में बैंकों पर लागू कानूनों के संबंधित प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखाबहियों के रखरखाव हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है और

14.1.5 खाते निरंतर कारोबार सिद्धांत के आधार पर बनाए गए हैं.

15. कार्पोरेट गवर्नेंस :

15.1 बैंक का निदेशक मंडल श्रेष्ठ कारपोरेट गर्वेनेंस पद्धतियों को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. कारपोरेट गवर्नेंस पर एक विस्तृत रिपोर्ट इस वार्षिक रिपोर्ट के अलग खंड में दी गयी है. वर्ष 2012-13 की कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट पर लेखा परीक्षा की कोई अभ्युक्ति शेष नहीं है.

16. कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व :

16.1 आपका बैंक सामुदायिक और सामाजिक विकास के द्वारा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के उद्देश्यों को पूरा करने कि प्रति वचनबद्ध है. बैंक ने अपने सीएसआर पहल के क्रियान्वयन के लिए यूनियन बैंक फाउंडेशन इस्ट की स्थापना की है, जो इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहा है. इस ट्रस्ट के माध्यम से बैंक विभिन्न विकासात्मक पहलों के द्वारा जन सशक्तीकरण में लगा है.

16.2 बैंक ने पूरे देश में 202 ग्राम ज्ञान केंद्रों (वीकेसी) की स्थापना की है. प्रत्येक ग्राम ज्ञान केन्द्र विभिन्न विकासकारी संस्थाओं / सरकारी विभागों के समन्वयन से गांव के संपूर्ण विकास में मददगार होता है और कृषकों को खेती की विधियां तकनीक, उर्वरकों का उचित उपयोग, कीटकनाशकों आदि में नवीनतम विकास के बारे में ज्ञान संवर्धन करता है.

16.3 बैंक देशभर में 150 गांवों के अंगीकरण के जरिये विभिन्न गतिविधियां कर रहा है और यूनियन आदर्श ग्राम योजना के नाम से एक विशेष योजनान्तर्गत इन गांवों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है. बैंक अंगीकृत गांवों में पीने के पानी की आपूर्ति, स्वच्छता और प्रकाश जैसी विभिन्न विकासकारी गतिविधियां कर रहा है. उक्त आदर्श गांवों में, बैंक ने विद्यालय में कन्याओं का नामांकन बढ़ाने की पहल के रुप में 150 बालिकाओं का अंगीकरण किया है.

16.4 आपके बैंक ने देश भर में 14 आर-सेटी एवं 16 एफएलसीसी बनाएं हैं. ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर सेटी) और वित्तीय साक्षरता एवं ऋण काउंसिलिंग केन्द्र (एफ एल सी सी) जरुरतमंद लोगों को वित्तीय साक्षरता, परामर्श और प्रशिक्षण देते हैं, ताकि वे स्वावलंबी बनें. इन आर-सेटी के माध्यम से 28522 लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं 18709 हितग्राहियों ने रोजगार आरंभ किया.

16.5 वर्ष 2012-13 के दौरान, आप के बैंक ने दान पर ₹ 1,23,99,700 खर्च किए, जिसमें आपदा ग्रस्त आसाम राज्य के मुख्य मंत्री राहत कोष में ₹ 25,00,000 का दान, कैंसर राहत कोष में ₹ 6,89,700, दो भोजन वितरण वाहनों की खरीद के लिए ₹ 28,00,000 और उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सौर ऊर्जा लाइटों की स्थापना के लिए नेशनल चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी (एनसीडब्ल्यूएस) को ₹ 26,25,000 का दान शामिल हैं.

17. आभार :

17.1 निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल वित्तीय संस्थाओं, संपर्की बैंकों के प्रति भी उनके सहयोग और समर्थन के लिये आभारी है. बोर्ड अपने ग्राहकों, शेयरधारकों एवं अन्य स्टेकधारकों के निरंतर सहयोग के लिये आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन के लिये स्टाफ-सदस्यों की समर्पित सेवा और उनके योगदान की सराहना करता है.

निदेशक मंडल के लिये तथा की ओर से,

स्थान : मुंबई — **(डी. सरकार)**
दिनांक : 9 मई, 2013 — **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

प्रबंधकीय परिचर्चा और विश्लेषण

1. वृहद आर्थिक व बैंकिंग परिदृश्य

1.1. वैश्विक अर्थव्यवस्था:

1.1.1. कैलेंडर वर्ष 2012 के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी गिरावट के दौर से गुजरी है. सकल घरेलू उत्पाद पिछले साल के 4 प्रतिशत के स्तर से कम होकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गया. विश्वव्यापी आर्थिक सुधार की संभावनाओं के बावजूद वर्ष 2013 में गिरावट की जोखिम बढ़ती जा रही है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य संबंधी अपने नवीनतम अध्ययन में वर्ष 2013 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि की दर थोड़ा बेहतर 3.3 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जो वर्ष 2014 में 4.0 प्रतिशत तक हो सकती है. उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बारे में उत्साही होने के साथ मुद्रा कोष ने विकसित अर्थव्यवस्थाओं में विकास की दिशा के बारे चेतावनी दी है. यू एस में 2013 में विकास दर 1.9 प्रतिशत रहने और 2014 में 3.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है. इसके विपरीत यूरो क्षेत्र की विकास दर 2013 में -0.3 प्रतिशत रहने और 2014 में 1.1 रहने की उम्मीद है. साइप्रस के घटना क्रम, इटली के राजनीतिक घटनाक्रम यूरो क्षेत्र की उथल-पुथल और अनिश्चितताओं, अमेरिका और जापान का उच्च वित्तीय घाटा और ऋणग्रस्तता के कारण जोखिम का वातावरण बना हुआ है.

1.1.2. यूरोप के नीति निर्माताओं की सुदृढ़ कार्रवाई की बदौलत वित्तीय हालात और विश्वास में सुधार हुआ है. यद्यपि अमेरिकी नीति निर्माता वित्तीय गिरावट को रोकने में सफल रहे हैं, लेकिन अन्य अल्पकालीन वित्तीय जोखिमों का समाधान ढूंढ़ने में उनको सफलता नहीं मिली है. जापान ने आशातीत मंदी को थामने के लिये अधिक विस्तारवादी वृहद आर्थिक नीतियों का अनुसरण किया है. प्रमुख उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में नीति दरों में कमी से आंतरिक मांग में वृद्धि हुई है. यूरो क्षेत्र में, अमेरिकी डालर के मूल्य और यूरो की ब्याज दर में कमी से कंपनियों को विदेशी मुद्रा ऋण में वृद्धि करना लाभप्रद लगा. प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थों में पालिसी ब्याज दर कम रहने की भविष्यवाणी की गई है कि बैंक उधारी में धीरे-धीरे वृद्धि होगी. केन्द्रीय बैंक ने 2012 की आर्थिक मंदी का सामना करने के लिये अपनी नीतिगत दरों को स्थिर रखा या उनमें थोड़ी कटौती की.

1.1.3 व्यापार और वित्त चैनलों के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्ता से बढ़ते एकीकरण से भारत की विकास संभावनाएं वैश्विक उत्पादन विषमताओं से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकतीं.

1.2. आंतरिक अर्थव्यवस्था :

1.2.1. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता के माहौल, बाहरी मांग में कमी और वित्तीय बाजार की उथलपुथलता ने 2012-13 में भारत के जीडीपी वृद्धि को प्रभावित किया. भारतीय रिजर्व बैंक की आशा से अधिक स्तर पर पपरलगातार मुद्रास्फीति बने रहने, वित्तीय और चालू दोनों खातों में बड़ी मात्रा में घाटा रहने और निवेश के माहौल में मंदी के कारण विकास दर प्रभावित हुई.

1.2.2. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अग्रिम अनुमानों के अनुसार भारत की वार्षिक जीडीपी विकास दर पिछले वर्ष की 6.2 प्रतिशत से कम होकर इस वित्त वर्ष में 5.0 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है. विकास दर की कमी का प्राथमिक कारण कृषि और सेवा क्षेत्र के उत्पादन में कमी तथा औद्योगिक क्षेत्र में मंदी रहना है. कृषि क्षेत्र में विकास दर में कमी का बड़ा कारण अपर्याप्त वर्षा होना था और उद्योग तथा सेवा क्षेत्र में धीमेपन का कारण घरेलू नीतियों में अनिश्चितता, मौद्रिक नीति में सख्ती का असर तथा विदेशी मांग में कमी होना है. सेवा क्षेत्र की गिरावट "व्यापार, होटल, परिवहन और संचार" तथा "वित्त, बीमा, रीयल स्टेट और कारोबारी सेवाओं" में परिलक्षित हुई. संचार क्षेत्र जैसी समस्याओं ने मंदी की स्थिति को और बिगाड़ने का काम किया.

चार्ट 2: जीडीपी विकास दर में प्रत्येक सैक्टर का योगदान (%)



1.2.3. **विदेशी क्षेत्र:** सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से चालू खाते में घाटे का अनुपात 2012-13 की तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचने के कारण व्यापार असंतुलन चर्चा का विषय बना था. लेकिन चालू खाते के घाटे की भरपाई पूंजी के प्रवाह से हो गयी और विदेशी मुद्रा कोष पर इसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं हुआ. तेल और सोने से इतर वस्तुओं के आयात में कमी आयी लेकिन तेल और सोने के आयात ने व्यापार घाटे को बढ़ाया. इस सबके बाद भी पूंजी आगमन के कारण भुगतान संतुलन थोड़ा सकारात्मक रहा जिसमें प्रमुख योगदान विदेशी संस्थागत निवेशकों का था. वित्त वर्ष 2012-

13 में भारत का निर्यात 1.8 प्रतिशत कम होकर 301 बिलियन अमेरिकन डालर रह गया. वित्त वर्ष 2012-13 में आयात में 0.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई और यह 492 बिलियन अमेरिकी डालर रहा. वित्त वर्ष 2012-13 में व्यापार घाटा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 183 बिलियन अमेरिकी डालर से बढ़कर 191 बिलियन अमेरिकी डालर हो गया.

तालिका -3 : जीडीपी में चालू खाता घाटे का अनुपात (%)



1.2.4 मुद्रा स्फीति: सामान्य स्फीति कारक दबाबों में शिथिलता के कारण आंतरिक हेडलाइन मुद्रास्फीति संतुलित रही. वर्ष 2012-13 की पहली छमाही में 7.5-8.1 के बीच रहने के बाद मार्च 2013 में हेडलाइन मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के 6.8 प्रतिशत के अनुमान के विपरीत 6.0 प्रतिशत (अनंतिम) रही. वित्त वर्ष 2012-13 की चौथी तिमाही में हेडलाइन मुद्रास्फीति में कमी होना उल्लेखनीय है. एक ओर जहां जिन्सों की कीमत में विश्वव्यापी गिरावट और विदेशी मुद्रा दरों में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव से मुद्रास्फीति में कमी आयी वहीं दूसरी ओर इसका प्रभाव विकास दर में कमी और फर्मों की मूल्य तय करने की क्षमता में कमी तथा मुद्रा स्फीति कम करने के मौद्रिक नीति उपायों पर भी परिलक्षित हुआ.

तालिका -4: थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति में प्रत्येक सैक्टर की हिस्सेदारी (%)



1.2.5 भारतीय रिजर्व बैंक की नीति : भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत रूपरेखा में विकास के समक्ष जोखिम का समाधान, स्फीतिकारक दबावों के पुनः उभार से बचाव करना, चालू खाते के घाटे की जोखिम से सतर्क रहना और अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्र को पर्याप्त ऋण प्रवाह के लिये तरलता बनाये रखना शामिल है. इसी नीति के तहत भारतीय रिजर्व बैंक ने रीपो दर में अप्रैल-मार्च 2012-13 में संचयी आधार पर 100 आधार अंक की कमी की तथा नकदी आरक्षित अनुपात संचयी आधार पर 75 आधार अंक कम किया.

तालिका -5: पालिसी दरों में परिवर्तन (%)



1.2.6 वित्तीय बाजार:

1.2.6.1 तरलता स्थिति: वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान वर्ष के अधिकांश समय ऋण जमा अनुपात ऊंचा बने रहने और भारतीय रिजर्व बैंक के पास सरकारी नकदी जमा रहने के कारण तरलता में कमी ही बनी रही. वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान तरलता समायोजन सुविधा के अंतर्गत औसत निवल राशि 86600 करोड़ का निवेश रहा. अर्थ तंत्र में तरलता को बेहतर बनाने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ने नकदी आरक्षित अनुपात में कमी की तथा वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान खुले बाजार परिचालन के जरिये 154600 करोड़ की राशि का निवेश किया.

तालिका -6: तरलता स्थिति



1.2.6.2 ऋण बाजार : वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से केंद्र सरकार का ` 5,58,000 करोड़ का बाजार से उधार लेने का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ. नीतिगत दरों में कमी होने की आशा, वित्तीय स्थिति के सुधरने की संभावना, वित्तीय घाटे को कम करने के लिये सरकार द्वारा किये जाने वाले संभाावित उपायों के कारण 2012-13 की चतुर्थ तिमाही के आरंभ में जी-सेक से मिलने वाली आय में कमी आयी. खुले बाजार परिचालन की नीलामी खरीद जारी रहने से सकारात्मक भावना मजबूत हुई. 2012-13 की चतुर्थ तिमाही में पहले तो जनवरी के अंत में जब बाजार मौद्रिक नाति में ब्याज दर में कमी न होने को हिसाब में लिया और दूसरी बार मार्च में तरलता की कमी तथा राजनीतिक अनिश्चितता से पूंजी प्रवाह प्रभावित होने की आशंका से जी सेक से होने वाली आय में वृद्धि होती देखी गयी. 10 वर्षीय बैंचमार्क आय की दर जो फरवरी 2013 की समाप्ति पर 7.86 प्रतिशत थी, मार्च 2013 में बढ़कर 7.99 प्रतिशत हो गयी.

1.2.6.3 विदेशी मुद्रा बाजार: सुधार के उपाय, दो साल के लिये गार का स्थगन, डीज़ल की कीमतों का आंशिक विनियंत्रण, कुछ सेसेक्टरों के लिये प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को उदार बनाना, कारपोरेट ऋण और जी-सैक बाजार में विदेशी संस्थागत निवेश सीमा में वृद्धि, वित्तीय एकीकरण पथ की घोषणा से भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ा. इस घटनाक्रम के परिणामस्वरूप जनवरी 2013 में रुपये के मूल्य में थोड़ी वृद्धि हुई. तेल आयातक कंपनियों के डालर की मांग के कारण रुपया पुन: दबाब में आ गया. मार्च 2013 की समाप्ति पर ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अर्जेंटीना जैसी कुछ प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में रुपये के अवमूल्यन की वार्षिक दर कम रही.

1.2.6.4 शेयर बाजार : शेयर बाजार के प्रमुख संकेतकों से पता चलता है कि पिछले दो सालों की तुलना में अर्जन की तुलना में कीमत (पीई) तथा बही मूल्य की तुलना में कीमत (पीबी) में कमी आयी है. लेकिन मार्च 2013 के आंकड़े यह बताते हैं कि शेयरों पर लाभ (रिटर्न) और पीबी अनुपात के मामले में भारत के बाजार में कीमतें अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बाजारों की तुलना में अधिक युक्तिसंगत हैं. वर्ष 2012-13 में प्रतिभूति बाजार में टर्नओवर में वृद्धि के साथ-साथ निफ्टी और सेंसेक्स में उतार-चढ़ाव में भी कमी आयी. मार्च 2013 की समाप्त पर बीएसई का सेंसेक्स पिछले वर्ष के बंद स्तर से 7.8 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ.

1.2.7 बैंकिंग उद्योग का निष्पादन:

1.2.7.1 मुद्रा आपूर्ति: वित्त वर्ष 2012-13 में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्देशित दिशा में ही रही. वित्त वर्ष के आरंभ की 13.2 प्रतिशत की मुद्रा आपूर्ति की वृद्धि दर पूरे साल प्राय: इसी स्तर पर स्थर बनी रही तथा मार्च 2013 के अंत में 13.3 प्रतिशत हो गयी. मुद्रा आपूर्ति में सुस्त वृद्धि का प्राथमिक कारण तरलता में कमी, साल में अधिकांश समय ऋण की मांग में कमी आर्थिक कार्यकलापों में सुस्ती और मुद्रा स्फीति में कमी होना है.

1.2.7.2 सकल जमाएं: पिछले वित्त वर्ष की 13.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एस.सी.बी.एस) की सकल जमाओं में 13.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गईं. जमाओं में वृद्धि की यह स्थिरता मुख्यत: मियादी जमाओं में कमी के कारण रही.

1.2.7.3 ऋण में वृद्धि: जी.डी.पी. में कमी आने के परिणाम स्वरूप ऋण की मांग प्रतिकुल रूप से प्रभावित हुई है. ऋण गुणवत्ता में कमी एवं दूसरी ओर घरेलू ऋण आपूर्ति का बाधित होना भी इसका कारण रहा. रिजर्व बैंक द्वारा बहुत सी तरलता प्रवाहित किये जाने के बाद भी विश्व स्तर पर प्रतिकूल विचारधारा बनी है एवं घरेलू ऋण विस्तार हतोत्साहित हुआ है. साथ ही अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की खाद्येतर ऋण मांग रिजर्व बैंक की प्रदर्शक ट्रिजेक्टरी से नीचे रही है. कम व्यवसाय के बावजूद 2012-13 के दौरान अधिकांश समय जमाओं की तुलना में ऋण की वृद्धि दर अधिक रही है. खाद्येतर ऋणों में उद्योगों एवं सेवाओं को दिए गए ऋणों में कमी आई है. मार्च 2013 में उद्योगों को दिए गए ऋणों में वृद्धि 15.7 प्रतिशत रही, जो कि मार्च 2012 के 20.3 प्रतिशत से चिंताजनक रूप से कम थी. उद्योगों में ऋण मांग की कमी सभी प्रमुख उप-क्षेत्रों में देखी गयी.

2. ग्राहक केन्द्रित पहल:

2.1 आपका बैंक बैंकिंग कोडस एंड स्टैंडर्ड आफ इंडिया (बी.सी.एस.बी.आई.) द्वारा निर्दिष्ट सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करता है साथ ही ग्राहकों की उम्मीदों को पूर्ण करने का पूर्ण प्रयास किया जाता है. आपका बैंक अपनी सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता रखता है और इसने एक ग्राहक सेवा मेकेनिज्म की स्थापना की है. ग्राहक सेवा को मजबूत करने के साथ ही आपके बैंक ने निम्न पहल को और सुदृढ़ किया है:

2.1.1 यूनियन एक्सपिरियंस शाखा: बैंक का यूनियन एक्सपिरियंस ब्रांड नाम से नया ग्राहक सेवा आधारित मॉडल है. इन शाखाओं में बेहतर परिवेश प्रदान किया जाता है और फ्रंट आफिस एवं बैक आफिस मॉडलों में प्रभावी परिवर्तन किए गए हैं. इन शाखाओं में स्व सहायी पासबुक, चेक जमा मशीन, कतार प्रबंधन व्यवस्था, फोन बैंकिंग जो कि सीधे काल सेन्टर से जुड़ी हुई है, आदि जैसी स्वचालित सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं. इससे शाखा स्टाफ को ग्राहकों को गहराई से क्रास सेल एवं अप सेल करने का अवसर मिलता है. 31 मार्च 2013 को बैंक की 251 शाखाएं इसमें शामिल की जा चुकी हैं.

2.1.2 ग्राहक सेवा इकाई: आपके बैंक की ग्राहक सेवा इकाई (सी. सी.यू.) की शुरुआत ग्राहक सेवा उत्कृष्टता की सतत प्रक्रिया में पहल हेतु की गई थी. केन्द्रीकृत क्षमतायुक्त ग्राहक सेवा इकाई की स्थापना बैंक ने ग्राहकों की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की है, चाहे वह ऑनलाइन शिकायतों का समाधान हो, सेवा में कमी की रिपोर्टिंग हो या फिर कोई विशिष्ट सेवा अनुरोध हो. समन्वित केस प्रबंधन उपकरण (आई.सी.एम.टी.) की स्थापना सारे चैनेलों की शिकायतों को समन्वित करने के लिए की गई है. सी.सी.यू. ग्राहकों के फीडबैक को संतुष्टि के स्तर तक ले जाता है.

2.1.3. बहुचैनेल अनुभव व संपूर्ण ए.टी.एम: कस्टमर एक्सपिरियंस प्रोजेक्ट में ए.टी.एम, इंटरनेट, मोबाइल एवं काल सेन्टर को सुविधा एवं आवश्यकता पूर्ति के बहुस्त्रोत के रूप में देखा जाता है. ये चैनेल स्वयं तथा अन्य चैनेलों के साथ मिलकर सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करते हैं. शाखा नेटवर्क में वृद्धि के साथ ही साथ आपका बैंक एटीएम नेटवर्क को तेजी से बढ़ा रहा है. आज शाखा की तुलना में एटीएम का अनुपात सर्वश्रेष्ठ में से एक है और एटीएम के माध्यम से बहुत सी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं. मोबाइल बैंकिंग एवं ए.टी.एम के इंटरफेस के साथ बैंक ने कई सुविधाएं प्रदान की हैं जैसे ए.टीएम के द्वारा नेफ्ट, ए.टी.एम के माध्यम से आईएमपीएस, म्युचुअल फंड में ए.टी.एम के माध्यम से निवेश, ई-केश जैसा एक उत्पाद, जिसके द्वरा फंड का हस्तांतरण ए.टी.एम से मोबाइल पर किया जाता है.

2.1.4 बोलता एटीएम: पिछले वित्त वर्ष के दौरान आपके बैंक ने दृष्टिबाधितों एवं शारीरिक विकलांगों हेतु भारत का पहला एवं सच्चे अर्थों में एक्सेसिबल एवं बोलता ए.टी.एम 6 जून 2012 को वस्त्रापुर, अहमदाबाद में शुरू किया. आपका बैंक बोलते ए.टी.एम के क्षेत्र में भारत में अग्रणी है. यूनियन बैंक के बोलते ए.टी.एम एवं कार्यप्रवाह ने बेंच मार्क स्थापित किया है. बैंक ने बोलते ए.टी.एम के उपयोग विषयक संहिता का निर्माण डेजी एवं इलेक्ट्रानिक ब्रेल फार्मेटों में भी किया है.

प्रदर्शन की समीक्षा

3. संसाधनों का प्रबंधन

3.1 वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान आपके बैंक ने चालू खाते एवं बचत खाते (कासा) एवं खुदरा मियादी जमाओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया है. कम लागत जमाएं एकत्रित करने के लिए विशेष कासा अभियान चलाए गए. बैंक ने उच्च लागतवाली जमाओं की मात्रा एवं कुल जमाओं में इसके प्रतिशत दोनों में कमी की है.

3.2 31 मार्च 2013 को कुल जमा ₹ 2,63,762 करोड़ हो गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 18.35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई. कासा जमाराशियां 31मार्च 2013 के दिन ₹ 81635 करोड़ थीं और इसमें वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 17.11 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई. 31 मार्च 2013 को कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का प्रतिशत 30.95 था.

सारिणी -7: संसाधन संग्रहण

(₹ करोड़)

पैरामीटर	विव 2012	विव 2013	वार्षिक वृद्धि	
			राशि	%
कुल जमाराशियां	222869	263762	40893	18.35
कासा जमा राशियां	69705	81635	11930	17.11
मियादी जमाराशियां	153164	182127	28963	18.91

4. ऋण प्रबंधन:

4.1. अर्थव्यवस्था के उत्पादक संवर्गों को उधार देना आपके बैंक का फोकस था. अग्रिमों की स्थायी वृद्धि पर भी महत्व दिया गया. बैंक ने न्यून नीति दरों के लाभ विभिन्न संवर्गों को भी दिए. बैंक ने 15 अगस्त 2012 से 31 मार्च 2013 तक गृहनिर्माण और कार लोन ऋणियों के लिए प्रक्रिया शुल्क की छूट दी.

4.2 बैंक का सकल अग्रिम पिछले वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 17.06 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2013 को 211911 करोड़ तक बढ़ गया.

तालिका -8: अग्रिम पोर्टफोलियो

(₹ करोड़)

पैरामीटर	विव 2012	विव 2013	वार्षिक वृद्धि	
			राशि	%
सकल अग्रिम	181031	211911	30880	17.06
कृषि अग्रिम	15397	20224	4827	31.35
एमएसएमई अग्रिम	23805	34699	10894	45.76
खुदरा अग्रिम	16048	19560	3512	21.88

5. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम(एमएसएमई):

5.1. बैंक का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)संविभाग वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 45.76 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2013 को ₹ 34,699 करोड़ तक बढ़ गया. घरेलू अग्रिम में एमएसएमई का हिस्सा 31 मार्च 2012 के 13.86 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2013 को 17.45 प्रतिशत हो गया. एमएसएमई बैंक का केंद्रित क्षेत्र रहा, जो कार्य में लगने वाली निर्धारित अवधि (टीएटी), वहनीय लागत पर ऋण सुपुर्दगी और ग्राहक की जरुरत के उत्पाद और क्षेत्र को ऋण के अनवरत प्रवाह का वादा करता है.

5.2 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम(एमएसई) 31 मार्च 2012 के ₹ 16801 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2013 को वर्ष के दौरान 45.82

प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 24500 करोड़ हुआ. कुल एमएसएमई में एमएसई का अंश 31 मार्च 2013 को बढ़कर 70.61 प्रतिशत हो गया.

5.3 एमएसएमई अग्रिम का अंश बढ़ाने के लिए, आपके बैंक ने एमएसएमई ऋणियों के लिए ब्याज दर घटाई,समस्त शाखाओं में सूक्ष्म उद्यमों को अग्रिम प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया और देश भर में 30 स्थानों पर नई 19 समूह विशिष्ट योजनाएं शुरु की.

6. **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र:**

6.1 **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र:** प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम (पीएसए)31 मार्च 2012 के ₹ 41889 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 35.62 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए 31 मार्च 2013 को ₹ 56809 करोड़ हो गया. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम ने समायोजित शुद्ध बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का हिस्सा 34.72 प्रतिशत बनाया, जो 31 मार्च 2012 से 29.55 प्रतिशत अधिक है.

तालिका-9: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधारी (₹ करोड़)

पैरामीटर	वित्तीय वर्ष 2012	वित्तीय वर्ष 2013	वार्षिक वृद्धि	
			संपूर्ण	%
कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण	41889	56809	14920	35.62

6.2 **कृषि:** कृषि अग्रिम वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान 31.35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2012 के ₹ 15397 करोड़ से 31 मार्च 2013 को ₹ 20224 करोड़ हो गए. कृषि अग्रिम एएनबीसी की तुलना में 31 मार्च 2012 के 10.86 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2013 को 12.36 प्रतिशत रहे. विशेष कृषि ऋण योजना (एसएसीपी) के अंतर्गत ₹ 13675 करोड़ के लक्ष्य के सामने ₹ 14773 करोड़ के कुल संवितरण किए गए. वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान, ₹ 2219 करोड़ से अधिक की ऋण सुविधा सहित अतिरिक्त 152220 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए.

6.3 **सामाजिक उन्नयन हेतु विशिष्ट उधारी:** महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें स्वावलंबी बनाने की दृष्टि से, आपका बैंक महिला उद्यमियों को ऋण प्रदान करता है. 31 मार्च 2013 को महिला हितग्राहियों की संख्या 6.13 लाख है और महिला उद्यमियों को बकाया ऋण 31 मार्च 2012 से 32.10 प्रतिशत बढ़कर ₹ 9053 करोड़ हो गए अर्थात् 31 मार्च 2013 को एएनबीसी के 5.53 प्रतिशत. उपलब्धि स्तर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आदेशित एएनबीसी के 5 प्रतिशत से अधिक है. कमजोर वर्ग को सहायता ₹ 15023 करोड़ यानि 31 मार्च 2012 के एएनबीसी के 6.26 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2013 को 9.18 प्रतिशत हो गई. अनु.जाति/जनजाति को दिए गए अग्रिम 31 मार्च 2013 को ₹ 2617 करोड़ रहे, जिनमें 103747 हितग्राही शामिल हैं.

6.4 **अल्प संख्यक समुदाय को उधारी:** अल्प संख्यक समुदाय को उपलब्ध कराई गई सहायता 31 मार्च 2013 को 271182 हितग्राहियों को शामिल करते हुए ₹ 5289 करोड़ रही, जिसने कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में इन अग्रिमों के प्रतिशत को पिछले वर्ष के 9.21 प्रतिशत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2012-13 में 9.31 प्रतिशत तक पहुंचाया.

7. **रिटेल उधारी:**

7.1 बैंक का रिटेल अग्रिम 21.88 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2013 को ₹ 19,560 करोड़ हो गया. घरेलू अग्रिमों में रिटेल ऋण का हिस्सा 31 मार्च 2012 के 9.34 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2013 को 9.83 प्रतिशत हो गया.

7.2 विगत वर्ष के दौरान गृहनिर्माण ऋण, कार ऋण और बंधक ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई. गृहनिर्माण ऋण, कार ऋण और बंधक ऋण में मंजूर किए गए नए ऋणों की राशि क्रमश: 47 प्रतिशत, 70 प्रतिशत और 120 प्रतिशत बढ़ी.

चार्ट-7: खुदरा ऋणों का संघटन



7.3 लोगों के बैंकिंग करने के तरीके सुधारने के लिए तकनीकी का लाभ उठाने के प्रयास जारी रखते हुए, आपके बैंक ने गृहनिर्माण ऋण वाहन ऋण, शिक्षा ऋण और संपत्ति के पेटे ऋण हेतु आन लाइन ऋण आवेदन सुविधा प्रारंभ की. यह सुविधा बैंक की विद्यमान ऋण प्रक्रिया प्रणाली से समन्वित की गई है, जिससे त्वरित टर्न एराउण्ड अवधि सुनिश्चत होती है. बैंक प्रमुख महानगरों और शहरों में केन्द्रीयकृत रिटेल क्रेडिट प्रसंस्करण सेट-अप कार्यान्वित कर रहा है.

8. **कार्पोरेट ऋण:**

8.1 बैंक के पास केवल लार्ज कार्पोरेट पर ध्यान केंदित करने के लिए नौ समर्पित औद्योगिक वित्त शाखाएं(आईएफबी)हैं. विशिष्ट उद्योगों के विशेषीकृत मूल्यांकन के लिए उद्योग डेस्क स्थापित किए गए हैं. बैंक के लार्ज कार्पोरेट अग्रिम 19.23 प्रतिशत की

वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च 2013 को ₹ 71121 करोड़ हो गए. इसमें बैंक के कुल अग्रिम का 36 प्रतिशत योगदान रहा.

तालिका-10: लार्ज कारपोरेट अग्रिम (आईएफबी)			
			(₹ करोड़)
	वित्तीय वर्ष 2012	वित्तीय वर्ष 2013	वार्षिक वृद्धि %
कुल अग्रिम	59649	71121	19.23

9 ट्रेजरी :

9.1 बैंक का कुल निवेश संविभाग 31 मार्च, 2012 के ₹ 62,524 करोड़ की तुलना में 31मार्च 2013 को ₹ 81,189 करोड़ रहा. इसमें पिछले वर्ष से 29.85% वृद्धि हुई. निवेश पोर्टफोलियो में सरकारी प्रतिभूतियों में किए गए निवेश, राज्य विकास ऋण और सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) के लिये अनुमोदित प्रतिभूतियों एवं इक्विटी शेयर, कार्पोरेट डिबेंचर, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बॉण्ड्स, (पीएसयू बाण्ड्स), वाणिज्यिक पेपर (सीपी), जमा प्रमाणपत्र (सीडी), प्रतिभूति रसीद, म्युचुअल फंड्स, वेचर कैपीटल फंड्स, सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों में निवेश का समावेश है.

9.2 31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष में निवेश संविभाग पर प्रतिफल 7.38% रहा जो 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष में 6.96% था. इसके अतिरिक्त, ब्याज वाली प्रतिभूतियों पर प्रतिफल 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के 7.69% रहा, जो पिछले साल 7.40% था. ट्रेज़री का प्रयास रहता है कि अतिरिक्त संसाधनों के कुशल आवंटन के जरिये तरलता के प्रबंधन के साथ निधियों पर अधिकतम लाभ प्राप्त किया जाय. सांविधिक अपेक्षाओं का पालन करने के अलावा ट्रेज़री अपने (बैंक के) लिये सरकारी प्रतिभूतियों, इक्विटी शेयरों, डिबेंचरों एवं बॉण्डों में ट्रेडिंग करती है और विदेशी विनिमय बाजारों में निधियां अभिनियोजित करती है.

9.3 बैंक डेरीवेटिव में अपनी स्वामित्व ट्रेडिंग के अलावा ग्राहकों को हेजिंग (सुरक्षा) सुविधा प्रदान करता है. ये लेनदेन भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के दायरे में किए जाते हैं. बैंक ने ब्याज दर और करेंसी डैरवेटिव दोनों खंडों में सक्रियता पूर्वक ट्रेड किया. ब्याज दर डेरिवेटवों में बैंक ने औवरनाइट इनडेक्स्ड स्वैप में ट्रेड किया और करेंसी डैरवेटिव खंड में करेंसी फ्यूचर और फारवर्ड में.

10. घरेलू विदेशी कारोबार व अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग

10.1 आपके बैंक का "घरेलू विदेशी कारोबार व अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग विभाग" ट्रेड फाइनेंस और बैंक के विदेशी परिचालनों के विस्तार के प्रस्तावों का तेजी से निपटान सुनिश्चित करता है. बैंक की डीलर्स संवर्ग - बी की 89 प्राधिकृत शाखाएं हैं. आपके बैंक का सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय केन्द्रों पर 326 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ संपर्की संबंध है. आपके बैंक की 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार 22 अंतर्राष्ट्रीय बैंकों एवं 22 विनिमय गृहों के साथ रुपया आहरण व्यवस्था (आरडीए) है. इस समय खाड़ी क्षेत्र के अनिवासी भारतीयों के लिये यूएई एक्सचेंज के माध्यम से प्रस्तुत सातों दिन 24 घंटे ऑन लाइन प्रेषण उत्पाद यूनियन फ्लैश है, जिसके माध्यम से वे अपने यूनियन बैंक के खाते में तुरत धन प्रषित कर सकते हैं. आपके बैंक ने उत्तर प्रदेश में 165 शाखाओं में नकदी प्रेषणों की शीघ्र डिलीवरी के लिये वेस्टर्न यूनियन मनी ट्रांसफर से करार किया है, जिसका चरण बद्ध तरीके से सारे देश की शाखाओं में विस्तार किया जाएगा.

10.2 आपके बैंक का निर्यात ऋण 31 मार्च, 2012 के ₹ 6614 करोड़ से बढ़कर 34.82% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2013 को ₹ 8,917 करोड़ हो गया. 31 मार्च 2013 को विदेशी मुद्रा का टर्नओवर ₹ 1,60,836 करोड़ हो गया है.

10.3 बैंक ने अगस्त 2012 में अपने मीडियम टर्म नोट कार्यक्रम (एमटीएन) के अंतर्गत प्रतियोगी दर पर बांड जारी करके 350 मिलियन अमेरिकी डालर जुटाये. यह कुल 2 बिलियन अमेरिकी डालर के एमटीएन का चतुर्थ चरण था. एमटीएन से प्राप्त राशि का उपयोग बैंक के विदेशी कार्यालयों की निधियों की आवश्यकता पूरी करने के लिये किया जायगा.

10.4 **ओवरसीज़ परिचालन :** आपके बैंक ने जमा स्वीकार करने, ट्रेड वित्त प्रदान करने, विदेशी वाणिज्यिक उधारी तथा ऋण सिंडीकेशन जैसे सामान्य बैंकिंग कामकाज के लिये अपनी दूसरी विदेशी शाखा 9 मार्च 2013 को दुबई इंटरनेशनल फाइनेंस सेंटर (डीआईएफसी), दुबई , यूएई में खोली. बैंक की एक शाखा मई 2008 से हांगकांग में कार्य कर रही है. आपका बैंक वर्ष 2013-14 में सिडनी (आस्ट्रेलिया) और एंटवर्प (बेल्जियम) में शाखाएं तथा लंदन (यूके) में सहायक कंपनी खोलने जा रहा है. आपके बैंक का शंघाई (चीन), आबूधाबी(यूएई), बीजिंग (चीन), सिडनी (आस्ट्रेलिया) और लंदन (यू के) में प्रतिनिधि कार्यालय है.

10.5 बैंक की दो विदेशी शाखाओं की जमाराशियां 31 मार्च 2013 को 114.77 प्रतिशत बढ़कर 509 मिलियन अमेरिकी डालर हो गईं. 31 मार्च 2013 को अग्रिम 32.80 प्रतिशत बढ़कर 2.40 बिलियन अमेरिकी डालर हो गये. वर्ष 2012-13 के लिए इन दो विदेशी शाखाओं का परिचालन लाभ 17 मिलियन अमेरिकी डालर रहा.

11 वित्तीय समावेशन:

11.1 बैंक के "सार्थक वित्तीय समावेशन" और "वित्तीय समावेशन योजना 2010-13" के अंश के रुप में बैंक ने कारोबारी संपर्की मॉडल के माध्यम से मूल बैंकिंग सेवाएं देकर 29497 बैंक रहित/ अल्प -बैंक गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाई है. कारोबारी

संपर्की मॉडल के अंतर्गत बायोमैट्रिक कार्डों से 125 लाख वित्तीय समावेशन ग्राहकों के खाते अर्जित किए हैं. बैंक ग्रामीण एवं शहरी गरीबों के बीच आर्थिक गतिविधियां बढ़ाते हुए आपातकालीन ऋण के रुप में सूक्ष्म ऋण और बहुत कम प्रीमियम पर सूक्ष्म बीमा भी उपलब्ध कराता है. वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान, बैंक ने महिलाओं द्वारा गठित संयुक्त देयता समूहों के लिए सूक्ष्म ऋण उत्पाद प्रगति के अंतर्गत 32451 महिला हितग्राहियों के ₹ 83.10 करोड़ वितरित किए.

11.2 बायोमैट्रिक कार्ड तकनीकी का प्रयोग कर रहे आव्रजकों के लिए सूक्ष्म विप्रेषण सुविधा को नेफ्ट का उपयोग करने वाले अंतर बैंक संव्यवहारों के लिए उपलब्ध कराया गया है. वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने ₹ 812 करोड़ के लगभग 24.58 लाख धनप्रेषण किए.

11.3 बैंक ने स्व सहायता समूह(एसएचजी)को वित्तीयन हेतु एनजीओ श्री क्षेत्र धर्मस्थल रुरल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट(एसकेडी आरडीपी) से गठबंधन किया है. अब तक 54878 समूह गठित किए गए हैं, जिनमें से 42062 स्वसहायता समूह ₹ 260.65 करोड़ के बकाया सहित ऋण संबद्ध हैं.

11.4 डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीटीबी):

डीटीबी 1 जनवरी 2013 के प्रभाव से 43 पायलट जिलों (चरण-I) में कार्यान्वित है और 1 जुलाई, 2013(चरण-II)तक इसका विस्तार 78 जिलों तक हो जाएगा. 43 जिलों में से, बैंक का 16 राज्यों में फैले 40 जिलों में शाखा नेटवर्क है. 31 मार्च, 2013 तक, प्रायोजक के रूप में, आपके बैंक ने 19,523 खातों में ₹ 67.31 लाख की धनराशि प्रेषित की और विभिन्न शाखाओं में हमारे बैंक के 12,902 हितग्राहियों के खातों में ₹ 176.89 लाख जमा प्राप्त हुए.

11.5 वित्तीय साक्षरता: विभिन्न वित्तीय समावेशन पहलों को मिशन भाव से आगे बढ़ाने हेतु बैंक ने देश के विभिन्न हिस्सों में 202 ग्राम ज्ञान केन्द्र, 14 स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र और 16 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले. ये केंद्र गैर लाभान्वित ग्राहकों को सामान्य वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं, जिससे वे परिसंपत्ति आबंटन के संबंध में अधिक जानकारीयुक्त निर्णय ले सकें और स्थानीय जमीदारों की कुप्रथाओं के शिकार न बनें.

11.6 स्व सहायता समूह (एसएचजी): स्व सहायता समूह के माध्यम से सूक्ष्म वित्तीयन संस्थागत ढ़ांचे को विकसित करता है, गरीबों तक ऋण की पहुंच हेतु सुधार करता है और किफायती तथा अनुशासनबद्ध ऋण चुकौती की संस्कृति की नींव डालता है. 31 मार्च 2013 को 233680 समूह गठित किए गए तथा 189548 समूहों को रु 894 करोड़ के एक्सपोजर सहित ऋण संबद्ध किया गया. आपका बैंक पिछड़े/वामपंथी अतिवादी प्रभावित जिलों यथा उत्तर प्रदेश में चंदौली एवं जौनपुर, मध्यप्रदेश में रीवा व सीधी, जहां बैंक अग्रणी बैंक की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है, में एनजीओ / अन्य सहयोगी संगठनों के माध्यम से महिला स्व सहायता समूहों के विकास को तीव्र करने हेतु एक नई योजना बनाई है.

12 अग्रणी बैंक योजना

12.1 आपका बैंक 14 जिलों यथा, उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मऊनाथ भंजन, संत रविदास नगर(भदोही) और चंदौली, मध्यप्रदेश में रीवा, सीधी और सिंगरौली, केरल में एर्णाकुलम और इडुक्की और बिहार में खगड़िया और समस्तीपुर में अग्रणी बैंक की भूमिका का निर्वहन कर रहा है. इन अग्रणी जिलों में स्थित 516 शाखाओं में, बैंक की जमाराशियां और अग्रिम पिछले वर्ष के ₹ 20264 करोड़ और ₹ 6339 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2013 को क्रमश: ₹ 25181 करोड़ और रु 7501 करोड़ रहे. कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं कृषि अग्रिम 31 मार्च 2013 को क्रमश: ₹ 4716 करोड़ और ₹ 2291 करोड़ रहा, जो अग्रणी जिलों के कुल अग्रिमों का क्रमश:62.87 प्रतिशत व 30.54 प्रतिशत है. बैंक ने प्रत्येक अग्रणी जिले में एक आर-सेटी स्थापित की है, जो ग्रामीण व अर्धशहरी क्षेत्रों में स्व रोजगार उद्यम हेतु युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है.

13. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक(आरआरबी):

13.1 बैंक ने 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक यथा, उत्तर प्रदेश में काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक(केजीएसजीबी), वाराणसी और मध्यप्रदेश में रीवा सीधी ग्रामीण बैंक(आरएसजीबी) प्रायोजित किए थे. भारत सरकार ने दिनांक 1 नवम्बर 2012 की अधिसूचना द्वारा रीवा सीधी ग्रामीण बैंक, रीवा तथा अन्य 2 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को एक एकल क्षे.ग्रा.बैंक यथा मध्यांचल ग्रामीण बैंक, जिसका प्रधान कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के प्रायोजन में सागर में है, में समामेलित किया जाना घोषित किया. केजीएसजीबी, वाराणसी 401 शाखाओं के नेटवर्क सहित पूर्वी उ.प्र.के 8 जिलों को कवर करता है. क्षे.ग्रा.बैंक का कारोबार मिश्र 31 मार्च, 2013 को ₹ 8086 करोड़ है. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम ₹ 1293 करोड़ पर रहा, जो उनके कुल अग्रिम संविभाग का 71% है. आपका क्षे.ग्रा.बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) को शत प्रतिशत क्रियान्वित करने वाला और अपने ग्राहकों को आरटीजीएस/ नेफ्ट सुविधा प्रदान करने वाला पहला क्षे.ग्रा.बैंक है. काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक, वाराणसी ने अपने ग्रामीण ग्राहकों को तकनीकी/वैकल्पिक डिलीवरी चैनल का लाभ देने के लिए पहला रुपे एटीएम कार्ड जारी किया. क्षे.ग्रा.बैंकों को प्रभावी ढ़ंग से अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रायोजक बैंक क्षे. ग्रा.बैंक के स्टाफ को अपने प्रशिक्षण केन्द्रों और बाह्य प्रशिक्षण

संस्थओं के जरिए प्रशिक्षित करता है. काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक, वाराणसी ने अपना स्वयं का प्रशिक्षण केन्द्र भी आजमगढ़, उ.प्र. में स्थापित किया है.

14. आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन:

14.1 कुल अग्रिमों के अनुपात के रुप में कुल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) 31 मार्च 2012 के 3.01 प्रतिशत से मामूली रुप सें घट कर 31 मार्च 2013 को 2.98 प्रतिशत पर आ गई. निवल अग्रिम अनुपात से निवल एनपीए भी तुलनात्मक अवधि के दौरान 1.70 प्रतिशत से घटकर 1.61 प्रतिशत पर आ गया. प्रावधान कवरेज अनुपात 31 मार्च 2012 के 62.22 प्रतिशत से 3 प्रतिशत पाइंट बढ़कर 31 मार्च 2013 को 65.21 प्रतिशत हो गया.

14.2 बैंकिंग सेक्टर घरेलू अर्थव्यवस्था में मंदी और बाहरी मांग में धीमापन आने से आस्ति गुणवत्ता में 2012-13 के दौरान गिरावट का साक्षी बना. हालांकि, आपके बैंक का कुल एनपीए 31 मार्च 2012 के ₹ 5450 करोड़ से जून 2012 में ₹ 6541 करोड़ तक बढ़ने के बावजूद इसे वास्तविक और कुल अग्रिम में इसके अनुपात को कम करने में सफल रहा. 31 मार्च 2013 को कुल एनपीए ₹ 6314 करोड़ पर रहा. एनपीए में वृद्धि कपड़ा, निर्माण, लोहा व स्टील और रसायन व रासायनिक उत्पादों आदि में क्षेत्रों में आई गिरावट के कारण रही.

तालिका-11: एनपीए की गतिविधि

(₹ करोड़ में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2012	वित्तीय वर्ष 2013
सकल एनपीए (आरंभिक)	3623	5450
जोड़ें	3760	3975
घटाएं:	1933	3111
(I)अपग्रेडेशन	255	733
(II)वसूली	740	1250
(III)राइट ऑफ	938	1128
कुल एपीए (अंतिम)	5450	6314
शुद्ध एनपीए		
-आरंभिक	1803	3025
-अंतिम	3025	3353

14.3 नकदी वसूली और अपग्रेडेशन पिछले वर्ष के ₹ 995 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2013 को 99 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए ₹1983 करोड़ हो गया. आरंभिक एनपीए स्तर में नकदी वसूली और अपग्रेडेशन का प्रतिशत पिछले वित्तीय वर्ष के 27.46 प्रतिशत की तुलना में 31मार्च, 2013 को बेहतर वसूली प्रयास दर्शाते हुए 36.39 प्रतिशत हुआ. बैंक ने राइट-आफ खातों और न लगाए गए ब्याज में पिछले साल के ₹ 471 करोड़ की तुलना में आलोच्य वर्ष के दौरान ₹ 486 करोड़ की वसूली की.

14.4 क्षेत्रीय एनपीए प्रतिशत का वर्गीकरण निम्नानुसार है:

तालिका-12: क्षेत्रवार अग्रिमों में एनपीए प्रतिशत की स्थिति (%)

	वित्तीय वर्ष 2012	वित्तीय वर्ष 2013
क्षेत्र		
कृषि	9.58	7.33
उद्योग	2.92	3.22
रिटेल	4.02	2.88
सेवाएं	3.52	1.80

14.5 आपके बैंक ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतीकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, (सरफेसी) 2002 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ 1593 करोड़ के देयों में शामिल 3635 चूककर्ता ऋणियों को नोटिस जारी किए. एकबारगी निपटान (ओटीएस) 611 मामलों में अनुमोदित किया गया, परिणाम स्वरुप ₹132 करोड़ की वसूली हुई. इसके अतिरिक्त, 1082 मामलों में ₹ 588 करोड़ की परिसंपत्तियां जब्त की गईं और बैंक ने संपत्तियों के विक्रय द्वारा ₹196 करोड़ की राशि वसूल की.1 अक्टूबर 2012 से ₹10 लाख से कम के बकाया वाले एनपीए हेतु विशेष ओटीएस प्रारंभ किया, इसके फलस्वरुप 46000 से अधिक खातों में ₹ 238 करोड़ की वसूली हुई.

14.6. उच्च मूल्य के एनपीए पर ध्यान देने के लिए बैंक के पास 10 आस्ति वसूली शाखाएं(एआरबी)हैं. इन आस्ति वसूली शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान ₹ 155 करोड़ वसूले. एनपीए श्रेणी के बड़े ऋण खातों की नियंत्रक कार्यालयों द्वारा विभिन्न स्तरों पर नियमित अंतराल पर समीक्षा की गई. बैंक की एनपीए स्थिति की भी बोर्ड द्वारा तिमाही अंतराल पर समीक्षा की गई. न केवल वसूली बढ़ाने के लिए बल्कि एनपीए रोकने के लिए भी आसान वसूली क्षमता विकसित की जा रही है. स्वस्थ आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने तथा एनपीए पर नियंत्रण रखने के लिए वर्ष के दौरान बेंगलूर और चेन्नै अंचल दोनों में वसूली संपर्क केंद्र की सेवाओं का प्रसार किया गया.

15. खातों का पुर्नगठन:

15.1 इकाई की व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए, पुर्नगठन उन लेनदारों की लिये एक सहायक का काम करता है, जो अस्थायी रूप से उन विप्पतियों को लेकर परेशान हैं, जो उनके बस में नही है. यह विपत्ति अर्थव्यवस्था या किसी एक क्षेत्र में सामान्य गिरावट की वजह से हो सकती है. दिनांक 31 मार्च 2013 को पुर्नगठित खातों में बकाया राशि ₹ 11626 करोड़ थी, जो बैंक के घरेलू अग्रिम का 5.85% है. दिनांक 31 मार्च 2013 को पुर्नगठित खातों के अंतर्गत बकाया अनर्जक आस्तियां रु 1820 करोड़ रहीं, जो कुल ₹ 16965 करोड़ के पुनर्गठित खातों में बकाया राशि का 10.72% है.

16. संव्यवहार बैंकिंग

16.1 वैकल्पिक चैनल: कुल संव्यवहार की तुलना में इलैक्ट्रानिक संव्यवहार 31 मार्च 2012 के 54.75% के मुकाबले 31 मार्च 2013 को बढ़कर 60.02 % रहे. इलैक्ट्रानिक लेनदेनों में वृद्धि के साथ-साथ आपके बैंक ने वैकल्पिक चैनलों से होने वाली आय में भी लगातार वृद्धि हासिल की है.

तालिका-8: ई- लेनदेन



16.2 एटीएम व कार्ड:

आपके बैंक के 31 मार्च 2013 को पूरे देश में 4603 एटीएम हैं, जो कि 31 मार्च 2012 के मुकाबले 802 अधिक हैं. वित्तीय वर्ष 2013 में कुल जारी किये गए कार्डों की संख्या 10 मिलियन को पार कर गई. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2013 में 2.4 मिलियन से अधिक डेबिट कार्ड जारी किये हैं. जून 2012 में बैंक ने अंपग व दृष्टिहीन लोगों के लिये अपनी तरह का पहला बोलता एटीएम प्रारंभ किया. वर्तमान में देश के विभिन्न जगहों पर बैंक ने 100 से अधिक बोलते एटीएम स्थापित किये हैं. वित्तीय वर्ष 2013 में बैंक ने एटीएम द्वारा धनप्रेषण के कई उत्पाद जैसे नेफ्ट, आईएमपीएस, यूनियन ई-कैश आदि शुरू किये.

16.3 बैंक ने भारत का पहला रुपये प्रीपेड कार्ड जारी किया. आधार आधारित रुपे प्रीपेड कार्ड संव्यवहार के लिये यूनिक आइडेंटीफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) द्वारा जारी बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण करने में समर्थ है. बैंक ने अपने विद्यमान वीज़ा कार्ड धारकों के लिये प्लैटिनम कार्ड जारी किया और डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड धारकों के लिये लोयल्टी (निष्ठा) कार्यक्रम लागू किया. ग्राहक अपने संव्यवहारों में क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड का उपयोग बिक्री केंद्र व इ-कॉमर्स केंद्रों में करके रिवार्ड प्वाइंट जीतने का सुअवसर प्राप्त कर सकते हैं.

16.4 बैंक पंजाब सरकार के खाद्यान्न आपूर्ति हेतु भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा तैयार किए गए भुगतान इकोसिस्टम में जारीकर्ता बैंक के रूप में शामिल हुआ और भुगतान संग्रह के लिए रुपये आधारित कार्ड जारी किया.

तालिका-9: कार्डों की संख्या एवं लेनदेन



16.5 इंटरनेट व मोबाइल बैंकिंग

आपके बैंक ने अपने इलैक्ट्रानिक चैनल में नए विशेषताएं जोडी है जैसे इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग. इन इलैक्ट्रानिक चैनल की सुरक्षा बढ़ाना गत वर्ष का मुख्य मुद्दा रहा. आपका बैंक यूएसएसडी प्लेटफार्म पर मोबाइल बैंकिंग को लागू करने वाले कुछ अग्रणी बैंकों में से एक है. आईएमपीएस सेवा, जो रीयल टाइम में ग्राहकों को मोबाइल द्वारा अंतर बैंक फंड ट्रासंफर की सुविधा उपलब्ध कराती है, को अब सभी तीन चैनेलों एटीएम, मोबाइल बैंकिंग एंव इंटरनेट बैंकिंग में उपलब्ध करा दिया गया है. पिछले वित्तीय वर्ष में बैंक ने कैशलेस (नकद रहित) कैम्पस योजना, पुणे के केन्द्रीय विद्यालय संगठन में शुरू की. बैंक ने फीस जमा करने के लिये महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के पोर्टल में पेमेन्ट गेटवे समाधान भी लागू किया.

तालिका-10: वैकल्पिक चैनलों के युवा उपयोगकर्ता



16.6 करेंसी चेस्ट : आपके बैंक ने 487 शाखाओं, जिनकी औसत नकद प्राप्तियां, रू 50 लाख से अधिक हैं, को नोट छांटने की मशीनें उपलब्ध कराईं. वर्तमान में बैंक के 64 करेंसी चेस्ट है व सेलम, तमिलनाडु में एक नए करेंसी चेस्ट खोलने की प्रक्रिया चल रही है.

16.7 नकदी प्रबंधन सेवा (सीएमएस): सीएमएस प्रभाग ने भिन्न सीएमएस उत्पाद के अंतर्गत 180 नए कनेक्शन जोड़े और बैंक के लिए रू. 30.17(गैर ब्याज आय रू 10.71 करोड और रू 19.46 करोड़ की ब्याज आय)करोड़ की कुल आय अर्जित की. वित्तीय वर्ष 2012-13 में बैंक का कुल टर्नओवर रू 50074

रहा. भुगतान सेवाओं के लिये बैंक ने एक अलग पेमेंट (भुगतान) हब की शुरुआत की. पेमेंट हब पहले से ही अखिल भारतीय स्तर पर केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालयों के बल्क वेतन भुगतान को देखता है. कई सरकारी/अर्ध-सरकारी व निजी संस्थाओं के ऑनलाइन अंतरण और आरटीजीएस/नेफ्ट पेमेंट हब द्वारा नियमित रूप से किये जा रहे है. वेब-सीएमएस अब कार्य करने लगा है. ग्राहक यूनियन बैंक की वेबसाइट के माध्यम से सीएमएस सॉफ्टवेयर पर अपने खाते व संव्यवहार को देख सकते हैं.

16.8 **व्यापार बैंकिंग:** आपके बैंक की सभी शाखाएं अस्बा (एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट) समर्थ हैं. बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग के जरिए अस्बा द्वारा सरकारी निर्गम में आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध कराई है, साथ ही आवेदक व उसकी जानकारी को पंजीकृत करने की सुविधा दी है. बैंक ने व्यापार बैंकिंग व बैंकर टू इशू गतिविधियों का स्थायी पंजीकरण प्राप्त किया है और कोरपोरेट ग्राहक / सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई के भुगतान व जमा कार्यों को क्रियात्मक ढंग से करता है.

17. सूचना प्रौद्योगिकी :

17.1 ग्राहकों की बदलती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु और संपूर्ण ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने हेतु बैंक ने सक्रियता से नयी तकनीक और प्रणाली को अंगीकार किया है. कोर बैंकिंग सॉल्यूशन और अन्य सहायक प्रणाली के माध्यम से प्रौद्योगिकी में कई पहल की गयी हैं जैसे, वित्तीय समावेशन गेटवे, लेंडिंग आटोमेशन सोल्यूशन (LAS) में ऑनलाइन आवेदन करना, वैकल्पिक डिलीवरी चैनल में आईएमपीएस, एंटरप्राइज एप्लिकेशन इंटिग्रेशन(EAI) मिडिलवेयर, प्रबंधन रिपोर्ट एवं डैशबोर्ड के लिए बिज़नेस इंटेलीजेंस टूल, दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली, यूनिफाईड कम्यूनिकेशन, डिजिटल मीडिया साईनेज, कड़ी सुरक्षा और नेटवर्क एप्लिकेशन आदि.

17.2 बैंक ने भारिबैं, भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकारों द्वारा आंरभ की गई भुगतान प्रणाली को समय से कार्यान्वित किया है और ग्राहकों की दैनिक जरुरतों को पूरा करने के लिए इस सेवा का पूरा उपयोग किया है. इन भुगतान प्रणालियों में आरटीजीएस / नेफ्ट / ईसीएस / एनईसीएस / एईपीएस / भुगतान गेटवे, एनपीसीआई भुगतान गेटवे, कर संग्रह के लिए राज्य सरकारों के भुगतान गेटवे, ऑनलाइन कर भुगतान के लिए प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर (उत्पाद कर एवं सेवा कर) भुगतान गेटवे इंटीग्रेशन, उत्पाद एवं सीमा शुल्क भुगतान इंटीग्रेशन आदि.

17.3 वर्ष के दौरान बैंक द्वारा की गई महत्वपूर्ण पहल निम्न हैं :

17.3.1 लेनदेन की बढ़ती हुई मात्रा को ध्यान में रखते हुए सीबीएस प्रणाली की गणना क्षमता में वृद्धि करना.

17.3.2 लेनदेन में सहजता के लिये मिडिलवेयर एप्लिकेशन के माध्यम से कोर बैंकिंग सोल्यूशन में विदेशी आवक प्रेषण, ट्रेजरी, एचआरएम सोल्यूशन, ईसीएस, ई-रेमिट, स्विफ्ट, आरटीजीएस, नेफ्ट, ऑनलाइन ट्रेडिंग एप्लीकेशन आदि जैसे कई एप्लीकेशन जोड़ना.

17.3.3 आपके बैंक ने मोबाइल बैंकिंग में एक और पहल के द्वारा हिताधिकारी बैंक के आईएफएससी कोड एवं खाता नंबर के प्रयोग से रीयल टाइम में अंतर बैंक फंड ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध कराई है. अब हमारे मोबाइल बैंकिंग ग्राहक अपने मोबाइल हैंडसेट में हिताधिकारी बैंक के आईएफएसी कोड एवं खाता संख्या अंकित कर 24x7 घंटे रकम प्रेषित कर सकते हैं.

17.3.4. बैंक ने आईपीवी6 (इंटरनेट प्रोटोकाल वर्ज़न 6), जो इंटरनेट प्रोटोकाल (आईपी) का नवीनतम वर्ज़न है, नामक एक नया फीचर नेट बैंकिंग के लिए इंटरनेट बैंकिंग में जोड़ा है और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से आईएमपीएस द्वारा निधि अंतरित करने के लिए सुरक्षा फीचरों में सुधार किया है.

17.3.5. करों के ऑनलाइन संग्रह के लिए कई राज्य सरकारों एवं एमसीए (कंपनी कार्य मंत्रालय) के भुगतान गेटवे के साथ इंटीग्रेशन किया गया है.

17.3.6 आपके बैंक ने इस वर्ष के दौरान वित्तीय समावेशन गेटवे का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया है. यह सिस्टम बैंक के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (सीबीएस) को हैंड हेल्ड मशीनों / माइक्रो एटीएम के माध्यम से वित्तीय समावेशन ग्राहकों द्वारा किए जाने वाले लेनदेनों की प्रासेसिंग के लिए बैंक के विभिन्न वित्तीय समावेशन वेंडरों के सिस्टम और केन्द्रीकृत बायो-मैट्रिक ऑथेन्टिकेशन सिस्टम से जोड़ता है.

17.3.7. सरकार द्वारा की गई पहल "डायरेक्ट बेनेफिट ट्रासंफर" के एक भाग के रुप में आपके बैंक ने बैंक के सीबीएस एप्लीकेशन में आवश्यक फीचर्स उपलब्ध कराकर आधार नंबर को बैंक के खाता नंबर के साथ जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई है.

17.3.8 प्रभावी सूचना सुरक्षा गवर्नेंस लागू करने के लिए आपका बैंक सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली(आईएसओ 27001) का प्रयोग कर रहा है. हमने आईएसओ 27001 का क्रियान्वयन डाटा सेंटर एवं डीआर साइट में किया है.

18. जोखिम प्रबंधन :

18.1 जोखिम प्रबंधन की ओर आपके बैंक का सक्रिय रवैया है. इसके जोखिम दर्शन में अपनी जोखिम क्षमता और नियामक फ्रेमवर्क के अंदर स्वस्थ पोर्टफोलियो बनाना और उसका रखरखाव करना शामिल है. जोखिम प्रबंधन ढांचा विशेष रुप से तैयार किया गया है, जिससे प्रमुख जोखिम क्षेत्रों का पता

लगाकर उनका अनुश्रवण और प्रभावी तरीके से प्रबंध किया जा सके एवं जोखिम और प्रतिलाभ के बीच उचित तालमेल रखते हुए शेयर धारकों की संपत्ति में वृद्धि हो सके. बैंक लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि जोखिम प्रबंधन और कारोबार के संयोजन से अधिकतम लाभ प्राप्त हो और उपलब्ध पूंजी अधिक प्रभावी तरीके से इस्तेमाल की जा सके.

18.2 बैंक की जोखिम प्रबंधन संरचना में कार्पोरेट और क्षेत्र दोनों स्तर पर स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन संगठनात्मक ढांचे, जोखिम प्रबंधन नीति, जोखिम प्रबंधन उपकरण और जोखिम अनुश्रवण और प्रबंधन प्रणाली का समावेश है. क्षेत्र में जोखिम प्रबंधन अधिकारी तैनात कर आपका बैंक संपूर्ण संगठन में जोखिम संस्कृति लाने में अग्रणी है. बैंक के विभिन्न कार्यों और क्षेत्रीय कार्यालयों के जोखिम की प्रोफाइलिंग तिमाही आधार पर की जाती है. बैंक के पास स्पष्ट रुप से परिभाषित जोखिम नीति है और स्वतंत्र जोखिम कार्य यह सुनिश्चित करते हैं कि बैंक अपनी जोखिम क्षमता ढांचे के अंतर्गत कार्य करता है.

18.3 मुख्यत: जोखिम, पैरामीटरों के निर्धारण और एक समन्वित जोखिम प्रबंधन व नियंत्रण प्रणाली की स्थापना करना, बैंक के निदेशक मंडल की प्रथम जिम्मेदारी है. बैंक का बोर्ड जोखिम प्रबंधन नीतियों को अनुमोदित करता है और बैंक की जोखिम वहन करने की क्षमता के साथ ही साथ जोखिम प्रबंधन हेतु उपलब्ध कौशल को ध्यान में रखते हुए सीमाएं निर्धारित करता है. निदेशक मंडल की सहायता के लिए एक उपसमिति है, जिसे जोखिम प्रबंधन और एएलएम पर बोर्ड की पर्यवेक्षी समिति के नाम से जाना जाता है. इस समिति को ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी), आस्ति देयता समिति (एल्को) और परिचालन जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) से सहायता मिलती है. ये समितियां अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में गठित कार्यपालकों की समितियां हैं.

18.4 ऋण जोखिम :

18.4.1 ऋण जोखिम व्यवस्था में नीति और कार्यप्रणाली शामिल है, जिसमें जोखिम का पता लगाना, जोखिम मापन, जोखिम का दर्जा/समूहन तकनीक, रिपोर्टिंग और जोखिम नियंत्रण/शमन करने की तकनीक, दस्तावेजीकरण, कानूनी मामले और आस्ति गुणवत्ता को बचाने के लिए समस्यावाले ऋणों का प्रबंधन और क्रमबद्ध विकास और आस्तियों पर लक्ष्यानुरुप जोखिम समायोजन प्रतिलाभ सुनिश्चित करना शामिल होता है.

18.4.2 ऋण जोखिम प्रबंधन नीति के साथ आनुशंगिक प्रबंधन नीति में ऋण गतिविधियों से संबंधित ऋण जोखिमों को शामिल किया गया है. ऋण जोखिम के प्रबंधन में ऋण अनुमोदन प्राधिकारी, प्रूडेन्शियल सीमा, जोखिम रेटिंग प्रणाली, जोखिम आधारित प्राइसिंग, पोर्टफोलियो प्रबंधन आदि विभिन्न घटक हैं.

18.4.3 संपार्श्विक प्रबंधन नीति और ऋण जोखिम प्रबंधन नीति मिलकर, उधारी से संबंधित ऋण जोखिम पर नियंत्रण करती हैं. ऋण अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी, विवेकपूर्ण निवेश सीमा, जोखिम रेटिंग प्रणाली, जोखिम आधारित कीमत निर्धारण, पोर्टफोलियो प्रबंधन ऋण जोखिम प्रबंधन के विविध उपकरण हैं. बैंक ने ऋण मंजूरी के लिए कमेटी एप्रोच को अपनाया है और क्षेत्रीय कार्यालय एवं उससे उच्च कार्यालयों में ऋण अनुमोदन समितियों का गठन किया है. बैंक ने ₹ 2.00 लाख से अधिक की ऋण सीमा वाले खातों के लिए ऋण रेटिंग माडल और रिटेल लेंडिंग योजनाओं के लिए स्कोरिंग माडल विकसित किया है और इस प्रकार, बैंक का संपूर्ण ऋण संविभाग आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के अध्यधीन होता है. बैंक के पास 10 वर्षों के क्रेडिट रेटिंग माइग्रेशन एवं चूक संभाव्यता के आंकड़े उपलब्ध हैं. यह उधारकर्ता, समूह, क्षेत्र, भौगोलिक, रिटेल योजनाओं, उद्योग आदि संकेन्द्रणों का निरंतर अनुश्रवण करता है और ऋण की गुणवत्ता सुधारने और ऐसी जोखिम प्रोफाइल बनाने के लिए तैयार रहता है, जो उधारकर्ताओं, उत्पादों, उद्योगों के प्रकार और भौगोलिक क्षेत्र के मामलों में विविधीकृत हो.

18.5 बाजार जोखिम :

18.5.1 आस्ति देयता प्रबंधन नीति एवं ट्रेज़री नीति बैंकिंग और व्यापार जगत में व्याप्त बाजार जोखिम का प्रबंधन करने में सहायक हैं. बाजार जोखिम के प्रबंधन की समग्र जिम्मेदारी आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) की है. समिति की नियमित बैठकें होती हैं, जिनमें विभिन्न आस्तियों एवं देयताओं की मात्रा, संमिश्र, अवधि, मूल्य एवं संरचना के बारे में निर्णय लिया जाता है. यह मुख्यत: बाजार जोखिम की पहचान, मापन, अनुश्रवण और तरलता व ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन करती है. यह तरलता और ब्याज दर जोखिम के प्रबंधन हेतु अनुपात विश्लेषण, अंतर विश्लेषण, डायनामिक तरलता, ब्याज दर संवेदनशीलता, जोखिम मूल्य, अवधि गैप विश्लेषण इत्यादि उपकरणों का उपयोग करती है. इसका मूल उद्देश्य आय परिदृश्य तथा आर्थिक मूल्य परिदृश्य दोनों दृष्टिकोणों से मूल्यवर्द्धन करना है. बैंक के पास एक स्वतंत्र मिड आफिस कार्यरत है, जो ट्रेज़री में स्थित है तथा जोखिम प्रबंधन को रिपोर्ट करता है. यह आफिस, एक्सपोज़र विश्लेषण, निर्धारित ऋण सीमाओं तथा जोखिम संवेदनशील मानदंडों यथा जोखिम पर मूल्य, पीवी01 अवधि, विफलीकरण अवधि इत्यादि का अनुपालन एवं उनका विश्लेषण सुनिश्चित करता है.

18.6 परिचालनात्मक जोखिम :

18.6.1 परिचालन जोखिम के प्रबंधन के प्रारंभिक साधन के रुप में परिपूर्ण प्रणाली और प्रक्रिया तथा आंतरिक नियंत्रण और लेखापरीक्षा का प्रयोग किया जाता है. भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की उसके बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति है. परिचालन जोखिम की जांच और समाधान के लिए सभी नए उत्पादों को नव उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना होता है. विगत साढ़े 5 वर्षों के परिचालन जोखिम के आंकड़े एकत्रित किए गए हैं, जिन्हें 8 कारोबार लाइनों और 7 हानि इवेंट्स में बांटा गया है. बैंक की आय भी 8 कारोबार लाइनों में चित्रित की गई है और मानकीकृत दृष्टिकोण में अंतरित करने के उपाय किए जा रहे हैं. बैंक ने आईबीए की पहल एक्सटर्नल डाटा पूलिंग में भी शामिल होने की सहमति दे दी है.

18.6.2 बैंक ने अपने कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए अच्छे कार्पोरेट गवर्नेंस के उपाय के रुप में प्रकटन नीति बनाई है तथा कारोबार निरंतरता योजना बनाकर उसे कार्यान्वित किया है. कारोबार निरंतरता योजना में उथल-पुथल की स्थिति में अपने स्टाफ, आस्तियों और ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों का विस्तृत खाका तैयार किया गया है. कारोबार निरंतरता योजना में वास्तविक जीवन की घटनाओं की चुनौतियों में रोकथाम एवं उनसे बचाव के उपायों का समावेश है.

18.7 बासल II का कार्यान्वयन :

18.7.1 बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय सीमा में पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क कार्यान्वित किया है. बैंक ने शुरुआत के ऋण जोखिम के लिए मानक प्रणाली, बाजार जोखिम के लिए मानक ड्युरेशन विधि और परिचालन जोखिम के लिए आरंभिक संकेतक प्रणाली को अपनाया है. इस दिशा में अब तक किए गए कार्य, बासल II समझौते में निर्धारित पूंजीमापन के अत्याधुनिक मानकों के पालन की दिशा में है. जहां तक क्रेडिट जोखिम का प्रश्न है, बैंक ने ए) जोखिम नीति बनाने, बी) ऋण जोखिम रणनीतियों एवं तत्संबंधी दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन, सी) ऋणों की क्रेडिट रेटिंग एंव स्कोरिंग, डी) पोर्टफोलियो प्रबंधन एवं रिपोर्टिंग ई) औद्योगिक अनुसंधान, एफ) ऋण जोखिम स्ट्रेस टेस्टिंग आदि क्षेत्रों में उन्नत एप्रोच अपेक्षाओं का अनुपालन कर लिया है. जोखिम संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर गठित बैंक की ऋण मंजूरी समितियों में सदस्य बनाया गया है. बैंक ने अपने कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के माध्यम से संपूर्ण स्वचालन और नेटवर्किंग परिवेश में काम करते हुए अपने आईटी ढांचे और प्रबंधन सूचना प्रणाली का उन्नयन किया है. बैंक ने अपने कर्मचारियों के जोखिम कौशल को अपग्रेड करने हेतु विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाए हैं. बैंक ने उन्नत एप्रोच लागू करने की दिशा में की जाने वाली तैयारियों का भी पता लगा लिया है.

18.7.2 बैंक ने आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) माड्यूल तैयार किया है, जो उन्नत एप्रोच के लिए द्विआयामी ऑब्लीगर और अपेक्षित ऋण सुविधा मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करता है. इस मॉड्यूल को कार्यान्वित करा दिया गया है और सभी खाते अब केवल इस सिस्टम के माध्यम से ही मूल्यांकित किए जाते हैं. बैंक ने कार्पोरेट ग्राहकों की रेटिंग की गुणवत्ता में सुधार करने, सख्त रेटिंग आंकड़े प्राप्त करने और रेटिंग मॉडल के बेहतर प्रशासन के लिए एक केन्द्रीकृत रेटिंग पूल की भी स्थापना की है, मुख्य आईआरबी पैरामीटरों यथा चूक की संभावना (पीडी), हानि वाली चूक (एलजीडी) चूक में एक्सपोज़र (ईएडी) और परिपक्वता (एम) की गणना करने के लिए बैंक ने आवश्यक फ्रेमवर्क तैयार कर लिया है और यह डाटा के समेकन की प्रक्रिया में है.

18.7.3 परिचालनगत जोखिम के क्षेत्र में, बैंक ने एक जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन (आरसीएसए) ढांचा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है. इस हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है और 30 उत्पादों एवं प्रक्रियाओं में जोखिम एवं नियंत्रण का पता लगाया गया है. बैंक की इस वर्ष के दौरान सभी प्रमुख उत्पादों एवं प्रक्रियाओं को इसमें शामिल करने की योजना है. मुख्य जोखिम सूचकों (केआरआई) के विकास का आधारभूत कार्य भी चल रहा है.

18.7.4 जोखिम प्रबंधन में जनबल के कौशल में वृद्धि के लिए बैंक जोखिम प्रबंधन पर आंतरिक प्रशिक्षण प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं में जोखिम प्रबंधन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों को नामित किया जाता है. बैंक के पास अपनी स्वयं की उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली है, जिसके माध्यम से बैंक अपने कर्मचारियों के व्यावसायिक एवं प्रबंध कौशल के विकास का प्रयास करता है. बैंक ने प्रतिष्ठित बिज़नेस स्कूलों से योग्य प्रोफेशनलों की भर्ती भी की है, जिससे जोखिम प्रबंधन की परंपरा, मूल्यांकन एवं प्रबंधन उपायों को परिष्कृत करने में मदद मिलेगी.

18.7.5 बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पिलर - 2 जोखिम की मात्रा के मापन के लिए एक ढांचा भी विकसित किया है और संपूर्ण आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (एसीएएपी) का ढांचा तैयार किया है, जिसका वैधीकरण बाहरी एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है.

18.7.6 परंपरागत परिमाण आधारित मापन पद्धति से जोखिम आधारित मापन पद्धति में परिवर्तन करने हेतु बैंक सशक्त और वैज्ञानिक निधि अंतरण मूल्य पद्धति अर्थात अनुरुप निधि अंतरण मूल्य पद्धति कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है. एक लाभप्रदता प्रबंधन मॉड्यूल भी खरीदा गया है, जो बैंक को विविध आयामों में लाभप्रदता मापने में सहायक होगा. इससे जोखिम आधारित निष्पादन मापन और जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण की ओर बढने का मार्ग प्रशस्त होगा.

18.7.7 बैंक ने योजना और रणनीति तैयार करने में और विविध कारोबार यूनिट के कार्यनिष्पादन के मापन में जोखिम की भूमिका को जोड़ने हेतु कदम उठाए हैं. बैंक अपने विविध कारोबारों से जुड़े जोखिमों की मदद के लिए मजबूत पूंजी आधार को बनाए रखकर अपने स्टेकधारकों को अधिकतम प्रतिफल प्रदान करने हेतु प्रयासरत है. बैंक के पास सभी परिस्थितियों में अपनी नियामक पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी संवृद्धि योजनाओं एवं कारोबारी रणनीतियों के निष्पादन में मदद के लिए एक सुदृढ़ टीयर 1 पूंजी पर्याप्तता अनुपात है.

18.8 लचीलेपन को सशक्त बनाना : बासेल - III की पहल.

18.8.1 बासेल III के दिशानिर्देश, जो बैंकिंग क्षेत्र के सुधारों, विनियमन के सशक्तीकरण, पर्यवेक्षण और जोखिम प्रबंधन संबंधी सुधारों का विस्तृत सेट है, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मई 2012 में जारी किए गए हैं. तरलता जोखिम प्रबंधन एवं तरलता मानदंडों पर बासेल III फ्रेमवर्क पर ड्राफ्ट दिशानिर्देश भी फरवरी 2012 में जारी किए गए हैं.

18.8.2 इस पूंजी मानक और नए पूंजी बफर के अनुसार बैंकों को विद्यमान बेसल II की तुलना में अधिक पूंजी और पूंजी की उच्च गुणवत्ता रखनी होगी. नए लिवरेज अनुपात ने जोखिम आधारित न्यूनतम पूंजी आवश्यकता को पूरक गैर जोखिम आधारित उपाय प्रचलित किए है. भारत में बैंकों का पूंजीकरण अच्छा है और यह पहले ही उनकी न्यूनतम निर्धारित अनुपात से अधिक है. चूंकि बासेल III को लागू करने के लिए 2018 तक का लंबा समय है, इसलिए यह अपेक्षित है कि तुरंत पूंजी लाने हेतु धीरे-धीरे दबाव बनाया जाए.

18.8.3 तरलता मानदंडों पर बासेल III फ्रेमवर्क के अधीन नया तरलता अनुपात यह सुनिश्चित करता है कि पर्याप्त निधियां रखी जाएं. बैंक भारिबैं दिशानिर्देशों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिससे भारतीय परिप्रेक्ष्य में तरलता कवरेज अनुपात और शुद्ध स्टैबल फंडिंग अनुपात मानदंडों का अनुपालन किया जा सके.

18.8.4 बैंक स्वत: ही बासेल III मानदंडों के अनुसार पूंजी पर्याप्तता, तरलता अनुपातों एवं लिवरेज अनुपातों का आंतरिक निर्धारण कर रहा है. बैंक की पूंजी बासेल III की न्यूनतम अपेक्षाओं के अनुरुप है.

18.9 केवाईसी-एएमएल

18.9.1 बैंक ने केवाईसी-एएमएल अनुपालन मजबूत बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं. खाता खोलने का नया फार्म बनाया गया है, जिसमें ग्राहक प्रोफाइल में अतिरिक्त सूचनाएं एवं केवाईसी जांच-बिन्दु शामिल किये गये हैं. अतिरिक्त सूचनाओं को शामिल करने के लिए साक्षात्कार एवं ग्राहक ड्यू डिलिजेंस फार्म को संशोधित किया गया है. सभी खातों में ग्राहक प्रोफाइल, जोखिम वर्गीकरण सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं. केवाईसी-एएमएल पर विशेष प्रशिक्षण सत्र/ कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं और बैंक के समस्त स्टाफ-सदस्यों को संवेदनशील बनाने हेतु सभी आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में केवाईसी-एएमएल पर एक सत्र शुरू किया गया है. बैंक द्वारा संदेहास्पद लेनदेनों के एलर्ट भेजने और फाइनेंशियल इंटेलीजेंस यूनिट, भारत को इलेक्ट्रानिक माध्यम से संदेहास्पद लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर), नॉन प्राफिट आर्गनाजेशन लेनदेन रिपोर्ट (एनटीआर), जाली नोट रिपोर्ट (सीसीआर) और नकदी लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर) भेजने के लिए धनशोधन सॉफ्टवेयर (एमलॉक) का प्रयोग किया जा रहा है. बैंक केवाईसी -एएमएल अनुपालन में सुधार हेतु लगातार प्रयासरत है.

18.10 धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन

18.10.1 बैंक में एक पूर्णकालिक धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन विभाग (एफआरएमडी) कार्यरत है. यह विभाग उच्च प्रबंधन, बोर्ड एवं भारतीय रिज़र्व बैंक को धोखाधड़ी की रिपोर्ट भेजता है. इस विभाग के द्वारा जोखिम / धोखाधड़ी प्रवण क्षेत्र की पहचान एवं इनका डाटाबेस रखा जाता है. यह विभाग धोखाधड़ी समीक्षा परिषद के मैकेनिज़्म के माध्यम से सिस्टम एवं कंट्रोल में सुधार हेतु सुझाव देता है, जिससे सिस्टम में व्याप्त खामियां दूर की जा सके. यह विभाग धोखाधड़ी युक्त मामलों में वसूली के लिए निरंतर अनुश्रवण, धोखाधड़ी में लिप्त स्टाफ के विरुद्ध तुरंत एवं समय से कार्रवाई करना एवं सीबीआई/पुलिस/ईओडब्ल्यू से मामले को अंतिम रुप देने तक अनुवर्ती कार्रवाई करना सुनिश्चित करता है. विभाग सदैव परिचालन प्रैक्टिस, प्रक्रियाओं, नियंत्रण और समीक्षा मैकेनिज़्म को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहता है जिससे धोखाधड़ी प्रवण क्षेत्रों को आंतरिक एवं बाहरी दोनों तरह की धोखाधड़ियों से बचाया जा सके.

18.10.2 बैंक अन्य सरकारी विभागों से धोखाधड़ी के तरीकों के बारे में विचारविमर्श करता है और यह सुनिश्चित करता है कि इसके बचाव हेतु निवारक उपाय कर लिए गए हैं. बैंक फायरवाल, पासवर्ड आथेन्टिकेशन आदि के माध्यम से अपनी आईटी सुरक्षा को भी मजबूत कर रहा है, जिससे साइबर धोखाधड़ी को कम किया जा सके / से बचा जा सके.

19. अनुपालन कार्य :

19.1 निरंतर बढ़ते विनियमन को ध्यान में रखते हुए, प्रभावी कार्पोरेट गवर्नेन्स के लिए अनुपालन पर अधिकाधिक ध्यान दिया जाना जरूरी हो गया है. बैंक में एक मजबूत अनुपालन संस्कृति विकसित करने के प्रयास में, अनुपालन नीति की वार्षिक रूप से रचना और समीक्षा की जाती है. अनुपालन विभाग समन्वयक के तौर पर निरंतर अनुपालन मुद्दों की पहचान करता है, मूल्यांकन करता है और अनुपालन जोखिम कम करता है. कार्यात्मक विभागवार अनुपालन मुद्दों की पहचान की जाती है. बैंक में प्रत्येक स्तर पर अनुपालन कार्य के संबंध में भूमिका जिम्मेदारी परिभाषित है. विनियामक और सांविधिक अनुपालन विषयों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक स्वप्रमाणन प्रक्रिया, जिसमें शाखाओं द्वारा उच्च कार्यालयों को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है, शुरू की गई है. स्वप्रमाणन की ऐसी ही प्रणाली केन्द्रीय कार्यालय में कार्यरत सभी वर्टिकलों के लिए भी शुरू की गई है. जोखिम अधिकारियों के माध्यम से आकस्मिक परीक्षण जांच / अनुश्रवण की निष्कर्ष रिपोर्ट उच्च प्रबंधन को प्रेषित की जाती है. बोर्ड एवं इसकी लेखापरीक्षा समिति को मासिक एवं त्रैमासिक अंतराल पर भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार(वित्त मंत्रालय) से प्राप्त प्रमुख आदेशों एवं उनकी अनुपालना की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है. बैंक के लिए विभिन्न अनुपालन विषयों पर एक व्यापक डाटाबेस विकसित किया गया है.

20. मानव संसाधन प्रबंधन :

20.1 आपके बैंक ने उद्योग में लागू सर्वश्रेष्ठ प्रैक्टिस को अपनाते हुए और उसे मानदंड बनाते हुए मानव संसाधन रणनीति को कारोबार रणनीति से समन्वय करने के लिये मानव संसाधन रूपांतरण प्रक्रिया आरंभ की है. इसके परिणामस्वरूप, मानव संसाधन विभाग ने विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सरल व कारगर बनाया, कार्य को स्पष्ट करते हुए भूमिकाओं को लिखित रूप में परिभाषित कर फीडबैक की सुविधा के साथ इंट्रानेट पर अपलोड किया. मानव संसाधन विभाग ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों को समाहित करते हुए एक वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी निष्पादन प्रबंधन प्रणाली कार्यान्वित की है. यूनियन परिवार (पीपुलसॉफ्ट) का एक नया माड्यूल बनाया गया, जिसमें नयी मूल्यांकन प्रणाली को ऑन लाइन प्रस्तुत किया जा सकता है. जनबल की आवश्यकता पता करने के लिये वैज्ञानिक माडल पर आधारित जनबल आयोजना व गणना आरंभ की गयी है. बैंक ने महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिये उत्तराधिकार योजना आरंभ की है तथा नेतृत्व की पाइपलाइन बना रहा है.

20.2 जनबल संख्या : 31 मार्च 2013 को बैंक के कुल जनबल का विवरण इस प्रकार है :

तालिका क्र-13: कर्मचारी संख्या

पैरामीटर	अधिकारी	लिपिक	अधी. स्टाफ	योग
कुल कर्मचारी	16405	9399	5994	31798
जिसमें से :				
अनुसूचित जाति (एससी)	2906	1932	2372	7210
अनुसूचित जनजाति (एसटी)	1100	528	535	2163
अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी)	2796	1946	1341	6083
विकलांगता ग्रस्त (PWD)	120	113	76	309
भूतपूर्व सैनिक	71	215	982	1268
महिलाएं	2865	2466	805	6136

20.3 भर्ती: बैंक ने 2873 अधिकारियों और 1636 लिपिकों को मिलाकर 4509 कर्मचारियों की भर्ती की. भर्ती किये गये अधिकारियों में 2473 प्रोबेशनरी अधिकारी थे और 204 ग्रामीण विकास अधिकारी.

20.4 आरक्षण नीति : बैंक विभिन्न एससी/एसटी एवं ओबीसी कल्याणकारी संगठनों से नियमित विचारविमर्श करता है और नीतिगत मामलों से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न आरक्षित श्रेणी कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए इस मंच का पूरा उपयोग किया जाता है. विद्यमान सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न आरक्षित श्रेणियों को आरक्षण, छूट एवं रियायतें प्रदान की गई हैं.

20.5 औद्योगिक संबंध : प्रमुख श्रम संघों के साथ निरंतर संवाद तथा सभी विवादास्पद मामलों के समाधान के कारण बैंक के औद्योगिक संबंध सौहार्द्रपूर्ण रहे हैं. अनुशासनिक कार्रवाई के मामले अत्यंत न्यायपूर्ण ढंग से तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ शीघ्रता से निपटाये गये हैं.

21. गृह पत्रिका यूनियन धारा :

21.1 "हमारे बैंक की गृह पत्रिका" "यूनियन धारा" प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच आंतरिक संप्रेषण का उत्कृष्ट माध्यम बनी हुई है. यह स्टाफ सदस्यों में एकता की भावना पैदा करने और उन्हें अपने कर्तव्य, निष्ठा एवं सृजनशीलता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य में सफल रही है.इस वर्ष **'यूनियन धारा'** को विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 11 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं.

21.2 यूनियन धारा को ताज महल होटल मुंबई में आयोजित एबीसीआई (एसोसिएशन ऑफ बिजनस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया) के 52 वें पुरस्कार समारोह में अति प्रतिष्ठित "चैंपियनों का चैंपयिन" पुरस्कार सहित 6 पुरस्कार मिले. भारतीय रिजर्व

बैंक ने "द्विभाषी गृह पत्रिका" श्रेणी में दूसरा पुरस्कार प्रदान किया. यूनियन धारा को "पीआरसीआई (पब्लिक रिलेशन काउंसिल आफ इंडिया) बेंगलूर से रजत पुरस्कार मिला. इसे "आशीर्वाद" मुंबई से "श्रेष्ठ गृहपत्रिका पुरस्कार" और "राजभाषा किरण" मुंबई से "उत्कृष्ट सम्मान पुरस्कार"भी मिला.

22 राजभाषा कार्यान्वयन :

22.1 वर्ष के दौरान आपके बैंक ने राजभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिये राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग के लिये कोर राजभाषा सॉल्यूशन आरंभ और कार्यान्वित किया, हिंदी में "रिटेल बैंकिंग -विविध आयाम" पुस्तक का प्रकाशन किया, एटीएम संबंधी कामिक पुस्तिका "मैं हूं ना" प्रकाशित की, कार्यपालकों और स्टाफ सदस्यों के लिये क्रमश: राजभाषा और बैंकिंग पर ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, नये भर्ती हुए राजभाषा अधिकारियों के लिये अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया और एमआईएस में हिंदी में रिपोर्ट जेनरेट करना आरंभ किया. बैंक के कार्यपालकों के लिये दिल्ली, लखनऊ और चेन्नै में राजभाषा संगोष्ठियों का आयोजन किया. बैंक ग्रामीण जनता खासकर बच्चों में बैंकिंग की आदत को प्रोत्साहित करने के लिये हिंदी में एनीमेशन फिल्म का निर्माण कर रहा है.

23 सुरक्षा

23.1 आलोच्य वर्ष के दौरान आपके बैंक ने सुरक्षा की मूलभूत संरचना को मजबूत करके, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करके और शाखाओं के सुरक्षा मानकों में सुधार हेतु व्यापक सुरक्षा निरीक्षण करके बैंक में सुरक्षा के स्तर में वृद्धि करने के लिए संगठित प्रयास किए हैं. सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 1376 शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया. इलेक्ट्रॉनिक निगरानी व्यवस्था को प्रमुखता से लागू करने के लिए 888 और शाखाओं में क्लोज़्ड सर्किट टेलीविज़न सिस्टम स्थापित किये गये, जिसके फलस्वरुप क्लोज़्ड सर्किट टेलीविज़न सिस्टम युक्त शाखाओं की कुल संख्या 3102 हो गई है. स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सुरक्षा एवं आग-सुरक्षा पर जोर दिया गया और इस हेतु सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 1376 शाखाओं में सुरक्षा एवं आग से बचाव पर लघु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और बैंक के केन्द्रीय कार्यालय और टैक्नालॉजी केन्द्र पर फुल बिल्डिंग फायर इवैक्यूएशन ड्रिल आयोजित की गई. 951 आर्म्ड गार्ड्स ने पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें वास्तविक फायरिंग अभ्यास भी कराया गया.

24 आंतरिक लेखापरीक्षा :

24.1 जून 2012 में वित्त मंत्रालय ने जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये थे जो 1.04.2013 से लागू किये जाने थे. मंत्रालय के दिशानिर्देशों और अपेक्षाओं के अनुसार बैंक ने मौजूदा जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अद्यतन किया है और ऑनलाइन लेखापरीक्षा के सॉफ्टवेयर को पुन: बनवाया है. बैंक ने 2012-13 के लिये जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा और समवर्ती लेखापरीक्षा के लिये बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित सुपरिभाषित लेखापरीक्षा नीति बनायी है. वार्षिक वित्तीय निरीक्षण (एएफआई) के संबंध में भारतीय रिजर्व के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने वार्षिक वित्तीय निरीक्षण 2013-15 के लिये के नीति बनायी है, जिसमें एएफआई अनुपालन की संपूर्ण प्रक्रिया दी गयी है और जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है.

24.2 वर्ष के दौरान 2935 शाखाओं की ऑडिट की गई. इसमें, 92 विदेशी मुद्रा में संव्यवहार करने वाली शाखाएं, 46 सेवा शाखाएं और 64 करेंसी चेस्ट, 5 क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 4 क्षेत्र महा प्रबंधक कार्यालय और केंद्रीय कार्यालय के 18 विभागों की मैनेजमेंट ऑडिट शामिल है. बैंक की सहायक कंपनी यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी व संयुक्त उपक्रम स्टार यूनियन दाई ईची की लेखापरीक्षा भी की गयी. बैंक का 68% कारोबार कवर रही. 679 शाखाएं / कार्यालय सनदी लेखाकारों की बाहरी फर्मों द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन हैं. वित्त मंत्रालय ने समवर्ती लेखापरीक्षा के बारे में अपने दिशानिर्देशों द्वारा अपेक्षा की है कि दिनान 01.04.2013 से बैंक की जमाराशि और अग्रिम का 70 प्रतिशत समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन होना चाहिये. बैंक इस अपेक्षा को पूरी करने के लिये अच्छी तरह तैयार है. बोर्ड द्वारा 2013-15 के लिये समवर्ती लेखापरीक्षा नीति को भी अनुमोदन प्रदान किया है.

24.3 वर्ष 2012-13 के लिये सूचना प्रणाली(आईएस) लेखापरीक्षा कक्ष का कार्य बाह्य एजेंसी को सौंपा गया था, जो उन्होंने जनवरी 2013 से आरंभ कर वित्तीय वर्ष के अंदर पूर्ण कर दिया था. सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा टीम नें 13 सूचना प्रणालियों का लेखापरीक्षा कार्य पूर्ण कर दिया. इसके अलावा वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने बोर्ड के अनुमोदन से अपनी प्रथम/स्वतंत्र आईएस लेखापरीक्षा नीति बनायी है.

24.4 वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति की 12 बैठकें हुईं. इसने परिचालनात्मक दक्षता में सुधार और प्रणालियों एवं नियंत्रण को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए.

25 सतर्कता:

25.1 संस्था में उत्कृष्टता लाने के लिये सतर्कता एक आवश्यक साधन है, क्योंकि यह अनुशासन और परिचालन सुरक्षा के साथ नैतिक वातावरण के सृजन में एक महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक भूमिका अदा करता है. परिचालन के सभी क्षेत्रों को कवर करते

हुए और केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक विस्तृत एवं सुसंरचित सतर्कता प्रणाली लागू है. बैंक का जोर निरोधक सतर्कता पर है, क्योंकि यह हमें धोखाधड़ी की रोकथाम, विकास एवं लाभ प्राप्त करने में मदद करती है. क्षेत्र कर्मियों में आवश्यक जागरूकता पैदा करने और उनके कौशल को तेज करने, सिस्टम और प्रक्रियाओं के बारे में उनकी जानकारी के स्तर को बढ़ाने और छिपी हुई दिक्कतों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए कई विचारमंथन सत्र आयोजित किये गए. वर्ष 2011 - 2012 के दौरान बैंक के विभिन्न कार्यालयों में ऐसे 413 निरोधक सतर्कता निरीक्षण किए गए. निवारक सतर्कता निराक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं के बारे में क्षेत्र के अधिकारियों से चर्चा और विचारविमर्श किया गया ताकि उनको अपने क्षेत्र की शाखाओं के प्रभावी पर्यवेक्षण में सहायता मिल सके. प्रभाविता बढ़ाने और संभावित कमियों के निराकरण के लिये सिस्टम और कार्यविधि में सुधार के उपाय सुझाये गये. इस वर्ष बैंक की सूचना प्रौद्यौगिकी प्रणाली के माध्यम से गलत कामों की निगरानी की व्यवस्था आरंभ करके संभाव्य गलत काम करने वालों को चेतावनी देने का काम किया गया है.

26 अवसर :

26.1 भारत के वृहद् आधारभूत आर्थिक संकेतकों में सुधार दिखायी दे रहा है. मुद्रा सफीति की दर भातीय रिजर्व बैंक की अनुमानित दायरे में है जिससे मौद्रिक उपायों में रियायत की संभावना है. सरकार द्वारा आर्थिक एकीकरण की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं तथा सुधार के उपायों से बाजार का विश्वास बहाल किया जा रहा है. निवेश के माहौल में सुधार से संभव है चालू खाते के घाटे की भरपाई आसानी से हो जाये. बैंकिंग उद्योग इस सुधार प्रक्रिया का संवाहक और लाभग्रहीता दोनों ही है. ऋण की ब्याज दरों में कमी होने से रिटेल उधारी को बढ़ावा मिलेगा जो ऋण चक्र के इस मंदी के दौर में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा था. विशिष्ट उत्पादों की बढ़ती श्रेणियों, युवा पीढ़ी के पास उपलब्ध व्यय किये जाने के लिये उपलब्ध अधि आय और डिलीवरी चैनलों के प्रसार के कारण मौजूदा परिदृश्य में भी रिटेल बैंकिंग में विकास की प्रचुर संभावना हैं. लघु और मध्यम उद्यमों को सही समय और उचित मूल्य पर उत्पाद की उपयुक्त श्रेणी उपलब्ध कराने के भी अवसर हैं. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों की सीमा में वृद्धि के बाद कृषि अग्रिमों में वृद्धि की संभावना है. इंटरनेट और ब्राडबैंड की पहुंच बढ़ने के साथ-साथ मोबाइल बैंकिंग में निकट भविष्य में बैंकिंग के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन की सामर्थ्य है.

27 चुनौतियां :

27.1 किसी व्यवसाय चक्र में ठहराव के बिंदु की पहचान करना हमेशा से ही कठिन काम रहा है. भारत के वैश्विक बाजारों के बढ़ते एकीकरण के कारण देश की अर्थव्यवस्था उतार-चढ़ाव के प्रति अधिक संवेदी हो गयी है जिसको वैश्विक उत्पादन चक्र की विषमताएं व्यापार, वित्त और विश्वास के वातावरण के माध्यम से अपेक्षाकृत शीघ्रता से प्रभावित करती हैं. वर्ष 2013 में वैश्विक उत्पादन में मामूली सुधार ही संभावित है. अमेरिका में सार्वभौमिक त्रण मसले के समाधान की धीमी गति, जापान के मौद्रिक उपायों के परिणाम मालूम न होने, यूरो क्षेत्र में साइप्रस जैसे संकट की पुनरावृति आदि अर्थव्यवस्था में सुधार के समक्ष वास्तविक चुनौतियां हैं. इसके अलावा, चालू खाते का घाटा, विनिमय दर जोखिम, राजकोषीय व्यय का विलंबित कंप्रेशन भारत के विकास अनुमानों को गलत ठहरा सकते हैं. इसके अलावा, सरकारी यूटिलिटीज, विद्युत, कपड़ा, वायुसेवा और सूक्ष्म वित्त आदि पर पड़ रहे दबावों को देखते हुए इन सैक्टरों को उधार देने में सतर्कता बरते जाने की आवश्यकता है.

28. पूर्वानुमान:

28.1 भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर पिछले वित्त वर्ष से एक प्रतिशत अधिक रहने की आशा है. व्यावसायिक पूर्वानुमानों के अनुसार वर्ष 2011-12 की जीडीपी की अनुमानित 5 प्रतिशत वार्षिक विकास दर की तुलना में वर्ष 2012-13 में यह 6.0 प्रतिशत रहना संभावित है. भारतीय रिजर्व बैंक ने 2013-14 लिये जीडीपी की विकास दर 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की जमाराशि और अग्रिम क्रमश: 14 प्रतिशत और 15 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है. आपका बैंक वित्त वर्ष 2012-13 की दूसरी छमाही से ही सभी प्रमुख पैरामीटरों के कामकाज में क्रमानुसार सुधार दिखा रहा है. इस घटनाक्रम के साथ औद्यौगिक विकास की संभावनाओं को देखते हुए वित्त वर्ष 2013-14 में विकास दर बढ़ने की आशा है और आपका बैंक आगामी वर्षों में बेहतर परिणाम दिखा सकेगा. आपका बैंक सभी अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करेगा तथा वित्त वर्ष 2013-14 में हमारा ध्यान कम लागत की जमाराशि में हिस्सेदारी बढ़ाने और कृषि, रिटेल, सूक्ष्म, मध्यम व लघु उद्यम कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा. समग्र रुप से, ग्राहक संकेन्द्रीकरण बैंक को सतत आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देगा.

कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1. कार्पोरेट गवर्नेंस के बारे में बैंक की मान्यता

1.1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में श्रेष्ठ कार्पोरेट गवर्नेंस की परिपाटी रही है. शेयरधारकों की संपदा वृद्धि और हितधारकों के हितों के संरक्षण के लिए बैंक ने अपने सभी स्तर के कार्यों में औचित्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांत को अत्यधिक महत्व प्रदान किया है.

1.2 बैंक स्वयं को अपने शेयरधारकों का ट्रस्टी मानता है और उनके लिए संपदा सृजन करने और उसकी रक्षा करने की जिम्मेवारी स्वीकार करता है. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक कार्पोरेट कार्यनीति लागू करने और उसका अनुश्रवण करने, सुविचारित कारोबार योजना बनाने, बैंक के कारोबार की प्रमुख जोखिमों का अनुश्रवण करने तथा कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वाह के लिए नीतियों और कार्यपद्धतियों के पालन के माध्यम से उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहा है.

2. निदेशक मंडल

1.1 निदेशक मंडल का संघटन, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण),1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित है. 31.03.2013 की स्थिति के अनुसार निदेशक मंडल में भारत सरकार द्वारा नियुक्त 3 पूर्णकालिक निदेशक यथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और दो कार्यपालक निदेशकों के अतिरिक्त 9 अंशकालिक गैर-कार्यपालक निदेशक भी हैं, जो समाज के विभिन्न वर्गों से चुने गए श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं. विभिन्न क्षेत्रों में उनके बहुमूल्य एवं वृहद् अनुभव बैंक की प्रगति एवं उपलब्धियों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं.

2.2 निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व में नीति निर्माण, नई पहल, कार्यनिष्पादन समीक्षा और बैंक के विभिन्न क्षेत्र कर्मियों को प्रदत्त शक्तियों से अधिक के मामलों में मंजूरी प्रदान करना और नियंत्रण करना सम्मिलित है. निदेशक मंडल ने विभिन्न समितियां बनाई हैं और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है. निदेशक मंडल और समितियों की बैठक आवधिक अंतराल पर होती है.

3. बोर्ड / समिति की बैठकें और कार्यवाहियां

3.1 कार्यसूची मदों का निर्धारण और क्रमांकन

बोर्ड / समिति के सभी सदस्यों को बैठकों की सूचना पहले ही दे दी जाती है. बैठकें पूर्व निर्धारित कार्यसूची के अनुसार संपन्न होती है. बैठक से पहले कार्यसूची और व्याख्यात्मक नोट उपलब्ध करा दिये जाते हैं.

3.2 सदस्यों को जानकारी उपलब्ध कराना

कार्यसूची की सभी मदें विस्तृत जानकारी से परिपूर्ण होती हैं, जिससे सदस्य व्यापक समीक्षा कर उचित निर्णय ले सकें.

3.3 कार्यवाही के कार्यवृत्त रिकार्ड करना

बोर्ड / समिति की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त रिकार्ड किये जाते हैं. श्रेष्ठ कार्पोरेट गवर्नेंस सिद्धान्तों के आधार पर सभी कार्यसूची मदों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाता है. बैठकों की कार्यवाहियां कार्यवृत्त बही में प्रषिट की जाती है.

3.4 अनुवर्ती कार्रवाई प्रक्रिया

बैंक के पास, बैठक के बाद की अनुवर्ती कार्रवाई, बोर्ड और समितियों द्वारा लिये गये निर्णयों की समीक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रिया हेतु प्रभावी प्रणाली मौजूद है. पिछली बैठक(कों) में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई की रिपोर्ट/पिछली बैठक के कार्यवृत्त बोर्ड / समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत किए जाते हैं.

3.5 अनुपालन

बोर्ड द्वारा अनुपालन रिपोर्टों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है ताकि सभी लागू होने वाले विधिक प्रावधानों, नियमों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके.

3.6 कार्पोरेट गवर्नेंस संहिता

उत्तम पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने कार्पोरेट गवर्नेंस की स्वैच्छिक संहिता तैयार की है. यह संहिता शीर्ष से ही अच्छी कार्पोरेट गवर्नेंस की भावना का विकास करती है. इसमें मूलत: सभी हितधारकों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वाह में बैंक में प्रचलित कार्यप्रणालियां सम्मिलित एवं प्रलेखित हैं, यथा :

- निदेशक मंडल एवं उसकी विभिन्न समितियों की कार्यप्रणालियां
- अनुपालन एवं अनुश्रवण कार्यप्रणाली
- शेयरधारकों एवं ग्राहकों के साथ संबंध
- व्यापक स्तर पर सार्वजनिक प्रकटन
- कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और ;
- अन्य विधिक मामले जैसे आचार संहिता, इनसाइडर ट्रेडिंग, कार्मिक मामले, सतर्कता आदि.

3.7 बोर्ड बैठकें

आलोच्य वर्ष में निम्नलिखित तिथियों को 20 बोर्ड बैठकें संपन्न हुईं :

20 अप्रैल,2012	1 नवंबर, 2012
8 मई, 2012	2 नवंबर, 2012
9 मई, 2012	27 नवंबर, 2012
9 जून, 2012	22 दिसंबर, 2012
25 जून, 2012	27 दिसंबर, 2012
10 जुलाई, 2012	20 जनवरी, 2013
26 जुलाई, 2012	30 जनवरी, 2013
27 जुलाई, 2012	31 जनवरी, 2013
31 अगस्त, 2012	25 फरवरी, 2013
24 सितंबर, 2012	25 मार्च, 2013

वर्ष के दौरान हुई बोर्ड बैठकों में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति, बोर्ड समितियों की संख्या, जिनके वे सदस्य या अध्यक्ष हैं और अन्य कंपनियों / निगमों, जिनमें वे शेयरधारक एवं निदेशक हैं, का ब्यौरा निम्नानुसार है :

निदेशकों एवं वर्ष 2012-13 के दौरान आयोजित बैठकों के ब्यौरे

निदेशक का नाम एवं श्रेणी	जन्म-दिवस / आयु (वर्ष)	अर्हता	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति	निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता	शेयर धारिता	अन्य कंपनियों में निदेशक
श्री डी सरकार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (कार्यपालक)$	03.11.1953 59वर्ष	एम काम, एफसीए, सीएआईआईबी	20	20	सीएसी-1, एमसीएम, एससीआर एवं एएलएम, डीपीसी, डी पी सी (वी) एससीएमएफ, एसटीसीबी, सीएससीबी, एच आर, पीएसबी द्वारा ईएसवी, आरएमसी	शून्य	3
श्री एस.एस.मूंदड़ा कर्यपालक निदेशक (कार्यपालक)$	18.07.54 58 वर्ष	पुणे विश्वविद्यालय से कामर्स में पोस्ट ग्रेजुएट तथा आईआईबीएफ के प्रमाणित एसोसिएट	16	16	सीएसी, एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसआईजीसी, एससीएमएफ, एसटीसीबी,सीएससीबी, एचआर, आईटी, पीएसबी द्वारा ईएसवी, आरएमसी	शून्य	2
श्री एस के जैन कर्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	05.05.1954 57 वर्ष	बीएससी (ऑनर्स), एम ए (अर्थ), सीएआईआईबी	20	19	सीएसी, एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसआईजीसी, एससीएमएफ, एसटीसीबी,सीएससीबी, एचआर, आईटी, पीएसबी द्वारा ईएसवी, आरएमसी	शून्य	1
श्री के. सुब्रम्हण्यम	15.07.55 57 वर्ष	बी. कॉम (ऑनर्स), सीएआईआईबी(I)	4	4	सीएसी, एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसआईजीसी, एससीएमएफ, एसटीसीबी,सीएससीबी, एचआर, आईटी, पीएसबी द्वारा ईएसवी, आरएमसी	शून्य	2
डा. ए. भट्टाचार्या # भारत सरकार द्वारा नामित (गैर कार्यपालक)	30.09.53 59 वर्ष	अर्थशास्त्र में पीएचडी, लोक प्रशासन में एम फिल, एलएलबी	14	7	एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, डीपीसी, डी पी सी (वी), एससीएमएफ, एनसीबी,आरसीबी, एचआर, आरएमसी	शून्य	शून्य
श्री राजेश खुल्लर # भारत सरकार द्वारा नामित (गैर कार्यपालक)	31.08.63 49 वर्ष	एमएससी (भौतिकशास्त्र)	6	--	एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, डीपीसी, डी पी सी (वी), एससीएमएफ, एनसीबी, आरसीबी, एचआर	शून्य	शून्य
श्री चंदन सिन्हा भारबिं. नामिति (गैर कार्यपालक)	15.08.57 55 वर्ष	एमएससी, एमबीए, सीएआईआईबी	20	14	एमसीएम, एसीबी, डीपीसी, डी पी सी (वी), आरसीबी,	शून्य	शून्य
श्री बी एम शर्मा @ चार्टर्ड एकाउन्टेंट (गैर कार्यपालक)	15.07.56 56 वर्ष	चार्टर्ड एकाउंटेंट	20	20	एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसटीसीबी, एनसीबी, आईटी, पीएसबी द्वारा ईएसवी,	शून्य	शून्य
श्री बी एन भट्टाचार्जी अधिकारी कर्मचारी (गैर कार्यपालक)	31.05.54 58 वर्ष	बीए, एलएलबी-I	20	20	एमसीएम, सीएससीबी, एससीआर एवं एएलएम, एसटीसीबी,	19	शून्य
श्री एन. शंकर वर्कमैन कर्मचारी (गैर-कार्यपालक)	20.05.58 54 वर्ष	बीएससी, आईसीडब्ल्यूए	20	8	एमसीएम, सीएससीबी एसआईजीसी,	शून्य	शून्य

निदेशक का नाम एवं श्रेणी	जन्म-दिवस / आयु (वर्ष)	अर्हता	उनकी कार्यावधि के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति	निदेशक मंडल की समितियों की सदस्यता	शेयर धारिता	अन्य कंपनियों में निदेशक
डा. अतुल अग्रवाल अंशकालिक गैर सरकारी (गैर कार्यपालक)	02.08.60 52 वर्ष	बी काम, एलएलबी, एफसीए., आईएसए(सीए)पीएचडी	20	20	एमसीएम, एसीबी, एसआइजीसी, सीएससीबी, आईटी, आरसीबी, एनसीबी, पीएसबी द्वारा ईएसवी,	193	2
डा. आर. एच. ढोलकिया $ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	02.04.53 59 वर्ष	अर्थशास्त्र में पीएचडी,	15	14	एमसीएम, एचआर, सीएससीबी	200	2
श्री जी. के. लाठ $ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	20.08.52 60 वर्ष	बी. कॉम, एफसीए,	15	13	एमसीएम, सीएससीबी, एससीएमएफ	100	शून्य
श्री डी. चटर्जी $ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	23.08.48 64 वर्ष	बी. कॉम(ऑनर्स), सीए,	15	13	एमसीएम, एससीआर एवं एएलएम, आरसीबी,	200	9
प्रो. एम एस श्रीराम # शेयरधारक (गैर कार्यपालक)	16.05.62 50 वर्ष	इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट ,आनंद (आईआरएमए) से ग्रामीण प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (1984) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट बैंगलूर के फेलो (1992). शिक्षा एवं परामर्श में दो दशकों से अधिक का अनुभव. वित्तीय लेखांकन, कृषि वित्त, सामाजिक उद्यमशीलता और सूक्ष्म वित्त में विशेषज्ञता.	4	4	एमसीएम, एसीबी, एससीआर एवं एएलएम, सीएससीबी, एससीएमएफ, एसटीसीबी, आरसीबी, एचआर	100	2
श्री एस. रवि @ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	12.07.59 53 वर्ष	बीएससी, एम. कॉम एवं एफसीए, सेंटर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, जेएमआई से पीएचडी कर रहे हैं.	4	4	एमसीएम, एससीआर एवं एएलएम, सीएससीबी, आईटी	600	13

$ डा. ए. भट्टाचार्या बोर्ड में दिनांक 20.07.2012 से श्री राजेश खुल्लर के स्थान पर नामित किये गये.
श्री के. सुब्रम्हण्यम बोर्ड में 21.01.2013 से श्री एस. के. मूंदड़ा के स्थान पर नामित किये गये .
डा. आर. एच. ढोलकिया, श्री जी. के. लाठ एवं श्री दीपांकर चटर्जी दिनांक 27.06.2012 से बोर्ड में शेयरधारक निदेशक के रूप में शामिल किए गये.
श्री डी. सरकार बोर्ड में दिनांक 01.04.2012 से श्री एम. वी. नायर के स्थान पर नामित किये गये.

@ एसीबी के अध्यक्ष

निदेशक के रूप में श्री एम.एस. श्रीराम एवं श्री एस. रवि, शेयरधारक निदेशकों का कार्यकाल दिनांक 22.06.2012 को समाप्त हुआ.
श्री राजेश खुल्लर का कार्यकाल दिनांक 19.07.2012 को समाप्त हुआ.
श्री एस. एस. मूंदड़ा का कार्यकाल दिनांक 21.01.2013 को समाप्त हुआ.

सीएसी	-	ऋण अनुमोदन समिति
एमसीएम	-	निदेशक मंडल की प्रबंध समिति
एसीबी	-	निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति
एससीआर एवं एएलएम	-	जोखिम और आस्ति-देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति
एसआईजीसी	-	निदेशक मंडल की शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति
डीपीसी	-	निदेशकों की पदोन्नति समिति
डीपीसी(वी)	-	निदेशकों की पदोन्नति समिति - सतर्कता / गैर-सतर्कता

एसटीसीबी	-	निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति
एससीएमएफ	-	₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति
सीएससीबी	-	बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति
आरसीबी	-	बोर्ड की पारिश्रमिक समिति
एनसीबी	-	बोर्ड की नामांकन समिति
एचआर	-	मानव संसाधन मुद्दों के लिए बोर्ड की उपसमिति
आईटी	-	बोर्ड की आइटी रणनीति समिति
आरएमसी	-	बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति
पीएसबी द्वारा ईएसवी	-	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा शेयरधारकों का वोटिंग द्वारा चुनाव

3.8 निदेशकों की समिति सदस्यता

श्री एस. के. जैन, कार्यपालक निदेशक बैंक के बाहर निम्नलिखित लेखापरीक्षा समिति या निवेशक शिकायत समितियों की सदस्यता रखते हैं / के अध्यक्ष हैं :

1. यूनियन केबीसी एएमसी प्रा.लि.-सदस्य, लेखापरीक्षा समिति

श्री डी. चटर्जी, निदेशक बैंक के बाहर निम्नलिखित लेखापरीक्षा समितियों / निवेशक शिकायत समितियों की सदस्यता रखते / अध्यक्षता करते हैं:

1. हिन्दुस्तान नेशनल ग्लास एवं इंडस्ट्रीज़ लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति
2. पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लि. - अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति
3. टीआरएफ लि. - अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति
4. टेक्समैको इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड होल्डिंग्स लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति

डा. आर. एच. ढोलकिया, निदेशक बैंक के बाहर निम्नलिखित लेखापरीक्षा समितियों / निवेशक शिकायत समितियों की सदस्यता रखते / अध्यक्षता करते हैं:

1. स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति
2. अदानी इंटरप्राइसेज़ लि. - सदस्य, लेखापरीक्षा समिति

3.9 निदेशकों का आपसी संबंध

कोई भी निदेशक आपस में रिश्तेदार नहीं हैं.

3.10 वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान निदेशक मंडल में शामिल किए गए नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

31 मार्च 2012 के उपरांत बोर्ड में सम्मिलित निदेशकों की प्रोफाइल

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
श्री डी सरकार	59 वर्ष	श्री डी.सरकार ने 1 अप्रैल, 2012 से बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्य-भार ग्रहण किया है. आपका जन्म 3 नवम्बर, 1953 को हुआ. श्री सरकार ने कामर्स में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है और वे अर्हता प्राप्त फेलो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट हैं. इसके अतिरिक्त, आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनांस के सर्टिफाइड एसोसिएट भी हैं. बैंक ऑफ बड़ौदा से अपना कैरियर शुरु करके, उन्होंने विभिन्न शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों, अंचलीय कार्यालयों और कारपोरेट कार्यालय में कार्य किया. आप पोर्ट लुई में बैंक के मॉरीशस परिचालन के प्रभारी रहने के साथ ही साथ मॉरीशस, सेचेल्स एवं दक्षिण अफ्रीका की आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के भी प्रभारी रहे. उन्होंने विशेषीकृत इंटीग्रेटेड ट्रेजरी शाखा, मुंबई के प्रमुख के रुप में भी कार्य किया.	01.04.2012	30.11.2013 अर्थात सेवानिवृति की तारीख या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो.	3

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
		श्री सरकार ने 07.12.2009 को इलाहाबाद बैंक के कार्यपालक निदेशक का कार्य ग्रहण किया. श्री सरकार के नेतृत्व में इलाहाबाद बैंक की सभी शाखाएं सीबीएस प्लैटफार्म के अंतर्गत लायी गईं. आपने इलाहाबाद बैंक में जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा लाने की भी पहल की. उन्होंने ऋण समूहन विभाग को कार्य निष्पादन आधारित व्यापक प्रोत्साहन योजना बनाकर पुनः सक्रिय किया. श्री सरकार ट्रेज़री एवं कारपोरेट क्रेडिट विशेषतः ऋण नियोजन में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं. वे सेंट्रल सीक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड मुंबई और बैंक ऑफ बड़ौदा (बोत्सवाना) लिमिटेड (बैंक ऑफ बड़ौदा की एक ओवरसीज बैंकिंग सब्सीडरी) के बोर्ड में निदेशक रह चुके हैं. आप बड़ौदा पायोनियर असेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, मुंबई के न्यासी भी रहे हैं. आप आईसीआईसीआई वेन्चर कैपिटल मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, बैंगलूर द्वारा प्रायोजित इंडिया एडवांटेज फंड सीरीज के सुपरवाइजरी बोर्ड के सदस्य भी थे. श्री सरकार आल बैंक फाइनेंस लि. के निदेशक भी रहे. वर्तमान में वे यूनियन के.बी.सी. एवं स्टार यूनियन दाई ईची जीवन बीमा क. लि. के गैर कार्यपालक अध्यक्ष हैं. साथ ही वे जीआईसीआर.ई. के अध्यक्ष भी हैं. श्री सरकार इन्स्टिट्यूट आफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन (आई.बी.पी.एस.) मुम्बई के नियंत्रक मंडल के सदस्य भी हैं. आप एक अच्छे लीडर एवं प्रभावी वक्ता के तौर पर जाने जाते हैं. श्री सरकार के मार्गदर्शन में बैंक ने सार्थक वित्तीय समावेशन को लागू करने का अद्भुत कार्य करने के साथ ही साथ अपनी समुद्रपारीय उपस्थिति का भी विस्तार किया है.			
श्री जी. के. लाठ शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	60 वर्ष	60 वर्षीय श्री लाठ लखनऊ से हैं. आप वाणिज्य स्नातक हैं और आपको चार्टर्ड एकाउंटेंट की प्रैक्टिस का 35 वर्ष से अधिक का अनुभव है. बैंकिंग उद्योग की लेखापरीक्षा के अलावा, आपने कई निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के निगमों, बीमा कंपनियों, स्थानीय निकायों, केंद्रीय सहकारी समितियों, सरकारी विभागों और अनेक विश्व बैंक सहायता प्राप्त प्रोजेक्टों की विभिन्न प्रकार की लेखापरीक्षा और अन्य कार्य संचालित किए हैं. आप निजी क्षेत्र के विभिन्न ग्राहकों को प्रत्यक्ष कर की पेशेवर सेवाएं प्रदान करते हैं और आयकर विभाग में विभिन्न अपीलेट फोरमों में उन ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करते हैं. श्री लाठ 'स्थायी त्रिपक्षीय समिति' के सदस्य होने के साथ ही साथ श्रम और नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'न्यूनतम वेतन सलाहकारी बोर्ड' के भी सदस्य नामित किए गए हैं. आपको उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'उत्तर प्रदेश में निजी इंजिनियरिंग कालेजों के शुल्क के निर्धारण हेतु गठित उच्चस्तरीय समिति' में भी नामित किया गया है.	27.06.2012	26.06.2015	शून्य

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
डा. आर. एच. ढोलकिया शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	59 वर्ष	60 वर्षीय डॉ. ढोलकिया अहमदाबाद से हैं. आपको अर्थशास्त्र और लोक सिस्टम में आईआईएम, अहमदाबाद के प्रोफेसर के रुप में 36 वर्ष का अनुभव है. आप कला में परास्नातक (स्वर्ण पदक प्राप्त), अर्थशास्त्र में पीएच.डी. तथा पोस्ट-डाक्ट्रेट फैलो हैं. आप अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक हैं. आप छठें केन्द्रीय वेतन आयोग के सदस्य थे और आपको भारत सरकार और गुजरात राज्य शासन द्वारा अनेक उच्चस्तरीय समितियों में विशेषज्ञ की हैसियत से नामित किया जा चुका है. हाल ही में, आपने नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा एयर इंडिया (2013) में लागत कम करने एवं संसाधनों के अधिकतम उपयोग हेतु गठित समिति की अध्यक्षता की है.	27.06.2012	26.06.2015	2
श्री डी. चटर्जी शेयरधारक (गैर-कार्यपालक)	64 वर्ष	कोलकाता निवासी 64 वर्षीय श्री चटर्जी वाणिज्य स्नातक हैं और चार्टर्ड एकाउंटेंट के रूप में प्रैक्टिस करते हैं. आप अन्य 3 सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के निदेशक मंडल के सदस्य रहने के साथ-साथ हिन्दुस्तान नैशनल ग्लास एंड इंडस्ट्रीज लि., पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लि., टीआरएफ लिमिटेड, टेक्समैको इंफ्रास्ट्रक्चर एंड होल्डिंग्स लिमिटेड सहित कई अन्य कंपनियों के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं. श्री चटर्जी दि कलकत्ता स्टाक एक्सचेंज लिमि. के अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में देश के टॉप 10 बिजनेस स्कूलों में से एक के वाइस प्रेसिडेंट हैं. आप एक राजकीय विश्वविद्यालय की जनरल काउंसिल के भी सदस्य हैं. आप भारिबै / भारतीय बैंक संघ / विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों द्वारा गठित विभिन्न समितियों के सदस्य भी रह चुके हैं. आप आईसीएआई की केंद्रीय काउंसिल के सदस्य और आईसीएआई की लेखापरीक्षा प्रैक्टिस समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं. आप आईसीएआई की पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष भी रहे हैं. संप्रति आप सीआईआई की नैशनल काउंसिल के सदस्य और लेखा मानकों हेतु गठित राष्ट्रीय समिति के भी अध्यक्ष हैं.	27.06.2012	26.06.2015	10
डा. ए. भट्टाचार्या सरकार द्वारा नामित निदेशक	59 वर्ष	डा. अचिंतन भट्टाचार्य 20 जुलाई 2012 से बैंक के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त हुए हैं. श्री भट्टाचार्य 1979 के सिविल सेवा परीक्षा में सफल होकर केंद्रीय सिविल सेवा में आये थे. उन्होंने आपराधिक न्याय प्रणाली विषय पर थीसिस लिखकर लोक प्रशासन में एम फिल और खाद्य नीति पर पीएचडी प्राप्त की है. आप प्रेसीडेंसी कालेज, कोलकाता से अर्थशास्त्र के स्नातक और कोलकता विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के परास्नातक हैं. उन्होंने दिल्ली विश्व विद्यालय से एलएलबी की है. उन्होंने भारत सरकार के खाद्य, रक्षा, उर्वरक और सामाजिक न्याय जैसे विभिन्न विभागों में अलग- अलग पदों पर कार्य किया है. संयुक्त सचिव पद पर पदोन्नति के पहले आप वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय में निदेशक थे. यूनियन बैंक में नामांकन के पहले आप यूको बैंक, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला और पंजाब एंड सिंध बैंक में सरकार द्वारा नामित निदेशक रह चुके हैं. आपके आर्थिक विषयों पर विभिन्न जर्नलों/मोनोग्राफ्स में काफी संख्या में शोध पत्र/व्यावसायिक लेख प्रकाशित हुए हैं. संप्रति वे नेशनल इंश्योरेंस अकादमी, पुणे के अंतरिम निदेशक भी हैं.	20.07.2012	अगले आदेशों तक	शून्य

नाम	आयु	अनुभव	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल की समाप्ति की तिथि	अन्य कं. में निदेशक पद
श्री के. सुब्रम्हण्यम (कार्यपालक निदेशक)	57 वर्ष	श्री के. सुब्रम्हण्यम ने दिनांक 21.01.2013 को हमारे बैंक में कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यग्रहण किया है. 15 जुलाई 1955 को जन्मे श्री के. सुब्रम्हण्यम ने कामर्स में स्नातक किया है और बहरामपुर विश्वविद्यालय से "गोल्ड मेडल" प्राप्त किया है. श्री के. सुब्रम्हण्यम ने प्रोबेशनरी अधिकारी के रूप में इंडियन ओवरसीज बैंक में कार्यग्रहण किया था. इंडियन ओवरसीज बैंक में आप तीन दशक से भी अधिक अवधि तक रहे. इस दौरान आप देश के बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे. वर्ष 2006 से 2008 तक आप कोलकाता एवं विजयवाड़ा के क्षेत्र प्रमुख रह चुके हैं. उसके बाद 2008 से 2010 तक आपने बैंक के सिंगापुर ऑपरेशन के मुख्य कार्यपालक का पद संभाला. इस बैंक में आने से पहले आप एमएसएमई के महा प्रबंधक थे. श्री के. सुब्रम्हण्यम एक अच्छे पाठक और कर्नाटक संगीत प्रेमी हैं.	21.01.2013	31.07.2015 अर्थात सेवानिवृति की तारीख या अगले आदेशों तक जो भी पहले हो.	2

31 मार्च 2013 के बाद बोर्ड में शामिल निदेशक की प्रोफाइल.

श्री श्रीकांत मिश्रा	58 वर्ष	8 मार्च 1955 को जन्मे श्री मिश्र 1978 से चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं. सम्प्रति आप मेसर्स एस. के. एन. एंड एसोसिएट्स के प्रोप्राइटर हैं, जिसका प्रधान कार्यालय कानपुर एवं शाखाएं दिल्ली एवं कोलकता में हैं. श्री मिश्रा वर्ष 1978 से दिसंबर 2012 तक मेसर्स चतुर्वेदी एंड कं. में भागीदार थे. अपने 34 साल से अधिक के व्यावसायिक कैरियर में उन्होंने (विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों और जीवन बीमा कंपनियों के केंद्रीय सांविधिक लेखा परीक्षा सहित) बलरामपुर चीनी, टाइम्स ऑफ इंडिया, शॉ वालेस, एडवांस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़, विकास टेलीकॉम आदि बड़े व्यापार समूहों की आंतरिक / प्रबंधकीय लेखापरीक्षा, प्रोजेक्ट वित्तीयन, प्रबंधकीय सलाहकार, कंपनी लॉ एवं आयकर मामलों में विशेषज्ञ राय, वित्तीय ड्यू डिलिजेंस, संकल्पनाओं का मूल्यांकन एवं व्यवहार्यता रिपोर्ट और समामेलन एवं अधिग्रहण जैसे कार्य संपन्न किए हैं. उन्होंने अपने ज्ञान और योग्यताओं के विकास के लिए विश्व के कई देशों की यात्राएं की हैं. आपको रीयल इस्टेट एवं हास्पिटैलिटी प्रोजेक्टों की वित्तीय आयोजना के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त है. श्री मिश्र पिछड़ा क्षेत्र उद्योग विकास एसोसिएशन के मानद सचिव रहे हैं. आप सनातन धर्म महामंडल की कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी हैं.	11.04.2013	10.04.2016 या अगले आदेशों तक	शून्य

3.11 वार्षिक साधारण बैठक:

शेयर धारकों की दसवीं वार्षिक साधारण बैठक दि. 26 जून , 2012 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित निदेशक उपस्थित थे :

1. श्री डी. सरकार - अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2. श्री एस. एस. मुंदड़ा - कार्यपालक निदेशक
3. श्री एसके. जैन - कार्यपालक निदेशक
4. श्री श्री बी एम शर्मा - निदेशक (सी. ए. संवर्ग) व अध्यक्ष लेखापरीक्षा समिति
5. श्री बी. एन. भट्टाचार्जी - अधिकारी प्रतिनिधि निदेशक
6. डा. अतुल अग्रवाल - अंशकालिक गैर अधिकारी निदेशक एवं अध्यक्ष, शेयरधारक/निवेशकों की शिकायत समिति

4 निदेशक मंडल की समितियां

4.1 निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

4.1.1 संघटन :

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देशों के अनुसार किया गया है, जिसमें 6 निदेशक यथा - कार्यपालक निदेशक, भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती और 2 गैर सरकारी गैर कार्यपालक निदेशक जिनमें से एक चार्टर्ड एकाउटेंट शामिल हैं. बैठकों की अध्यक्षता स्वतंत्र, गैर सरकारी निदेशक और चार्टर्ड एकाउटेंट श्री बी एम शर्मा द्वारा की जाती है.

4.1.2 कार्य

लेखापरीक्षा समिति, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 10.11.2010 को जारी कलैंडर मद के आदेश के अनुसार बैंक के कार्यों की समीक्षा करती है. निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं:

1. एसीबी बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी समग्र कार्य का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करती है. समग्र लेखा परीक्षा कार्य में बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का संगठन,परिचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक /बाह्य लेखापरीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है.
2. एसीबी बैंक की आंतरिक निरीक्षण /लेखापरीक्षा कार्यों अर्थात् उसकी प्रणाली, गुणवत्ता और अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा करती है. यह विशेषीकृत शाखाओं और बहुत बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक रेटिंगवाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है. इसके द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता है:
   - अंतर शाखा समायोजन खाते
   - अंतर बैंक खातों और नोस्ट्रो खातों में बहुत समय से बकाया प्रविष्टियां, जिनका मिलान न हुआ हो.
   - विभिन्न शाखाओं में बहियों के तुलन की बकाया स्थिति.
   - धोखाधड़ी.
   - हाउसकीपिंग से संबंधित सभी प्रमुख क्षेत्र.
3. एसीबी भारिबैं के अन्य दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों में नियुक्त अनुपालना अधिकारी से छमाही रिपोर्ट प्राप्त करती है एवं उसकी समीक्षा करती है.
4. सांविधिक लेखापरीक्षा के मामले में यह समिति लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. बैंक के छमाही/ वार्षिक वित्तीय लेखों और रिपोर्टों को अंतिम रूप प्रदान करने के पहले यह बाह्य लेखापरीक्षकों से चर्चा करती है.
5. लेखापरीक्षा समिति, बैंक की लेखा नीतियां, संबंधित पार्टी लेनदेन, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण तथा बैंक के तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की भी समीक्षा करती है.
6. इसके साथ ही साथ, एसीबी प्रत्येक वर्ष गुप्त सूचना (व्हिसिल ब्लोअर) हेतु अपनायी गई नीति की भी समीक्षा करती है.
7. बैंक की सभी वित्तीय नीतियों की समीक्षा.

4.1.3 एसीबी बैठकों में उपस्थिति

2012-13 में समिति की **12** बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति इस प्रकार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री बी एम शर्मा (एसीबी के अध्यक्ष)	12	12
श्री एस. एस. मूंदड़ा, का.नि.	9	9
श्री एस.के.जैन, का. नि.	12	11
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	3	3
श्री राजेश खुल्लर, सरकार द्वारा नामित	2	--
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	10	6
श्री चंदन सिन्हा, भारिबैं नामित	12	10
श्री एम. एस. श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	2	2
डा. अतुल अग्रवाल	10	9

4.2 बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

4.2.1 संघटन

वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) बैंकिंग प्रभाग द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान योजना) 1970 के अंतर्गत जारी अधिसूचना दिनांक 19 फरवरी, 2007 और उसके बाद 29 जून, 2007 तक किए गए संशोधनों द्वारा अब प्रबंधन समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक/निदेशकों, भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक केन्द्र सरकार द्वारा धारा 9(3)(जी) के अंतर्गत नामित एक चार्टर्ड एकाउटेंट, जो समिति के नियमित सदस्य के रूप में कार्य करते हैं, शामिल हैं और निदेशक मंडल द्वारा धारा 9(3)(ई), (एफ),(एच)एवं(आई) के अंतर्गत रोटेशन के आधार पर प्रत्येक छ:माह के लिए बोर्ड द्वारा नामित तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक होते हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बैठक की अध्यक्षता करते हैं.

4.2.2 कार्य

निदेशक मंडल ने प्रबधंन समिति का गठन वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कारोबार संबंधी विभिन्न मामलों यथा ऋण प्रस्तावों की मंजूरी, ऋण समझौता/ बट्टे खाते डालने संबंधी प्रस्तावों, राजस्व एवं पूंजीगत व्ययों का अनुमोदन, परिसर अधिग्रहण और किराये पर लेना, निवेश और दान आदि पर विचार करने के लिए किया है.

4.2.3 एम सी बी बैठकों में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 के दौरान प्रबंधन समिति की 21 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति इस प्रकार रही : -

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अ. एवं प्र. नि.	21	21
श्री एस. एस. मूंदड़ा, का. नि.	16	16
श्री एस. के. जैन, का. नि.	21	20
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	5	5
श्री चंदन सिन्हा, भारिबैं के नामिती	21	14
श्री बी एम शर्मा निदेशक (सीए श्रेणी)	21	21
श्री एम एस श्रीराम , शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री एन. शंकर, वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	14	2
श्री बी एन भट्टाचार्जी, अधिकारी कर्मचारी निदेशक	11	11
डा. अतुल अग्रवाल, गैर सरकारी निदेशक	10	8
डा. आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	7	6
श्री जी. के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	7	5
श्री डी. चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	11	9
श्री एस. रवि, शेयरधारक निदेशक	3	3

4.3 जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति (एससीआर एण्ड एएलएम) :

4.3.1. संघटन

इस समिति में निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्य यथा : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक, भारत सरकार के नामित सदस्य तथा तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इस समिति के अध्यक्ष हैं.

4.3.2 कार्य :

बैंक ने जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन के कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के लिए निदेशक मंडल की जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर्यवेक्षी समिति गठित की है, यह बैंक के सभी जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और निगरानी करती है.

4.3.3. एससीआर एवं एएलएम बैठकों में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 में समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अ. एवं प्र. नि.	4	4
श्री एस. एस. मूंदड़ा, का. नि.	3	3
श्री एस. के. जैन, का. नि.	4	4
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	1	1
श्री राजेश खुल्लर, सरकार द्वारा नामित	1	--
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	3	2
श्री एम. एस. श्रीराम , शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री बी एम शर्मा निदेशक (सीए श्रेणी)	4	4
श्री बी एन भट्टाचार्जी, अधिकारी कर्मचारी निदेशक	3	3
श्री डी. चटर्जी, शेयरधारक निदेशक	3	1
श्री एस. रवि, शेयरधारक निदेशक	1	1

4.4 बोर्ड की शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत संबंधी समिति (एसआईजीसी) :

4.4.1 संघटन :

शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत संबंधी समिति में कार्यपालक निदेशक और तीन गैर-कार्यपालक निदेशक हैं. समिति के अध्यक्ष डा. अतुल अग्रवाल, स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक हैं.

4.4.2 कार्य :

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अनुसार बोर्ड द्वारा बोर्ड की शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत समिति (एसआईजीसी) का गठन किया गया है. यह समिति शेयरों के अंतरण, वापसी आदेश, शेयर प्रमाणपत्र, लाभांश आदि प्राप्त न होने संबंधी शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायतों का निवारण करती है.

4.4.3 एसआईजीसी में उपस्थिति

2012-13 वर्ष के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्न प्रकार है :-

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डा. अतुल अग्रवाल, (अध्यक्ष, एसआईजीसी)	4	4
श्री एस. एस. मूंदड़ा, कानि	3	3
श्री एस.के.जैन, कानि	4	4
श्री के. सुब्रम्हण्यम, कानि	1	1
श्री एन शंकर, वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	4	2

31.3.2013 और 31.3.2012 को समाप्त वर्ष के दौरान तक प्राप्त, उत्तरित और लंबित शिकायतों की तुलनात्मक सारणी निम्न प्रकार है :

		31.03.2013 को समाप्त वि. वर्ष के लिए	31.03.2012 को समाप्त वि. वर्ष के लिए
ए	वर्ष के प्रारंभ में शेयरधारकों की लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य
बी	वर्ष के दौरान प्राप्त शेयरधारकों की शिकायतों की संख्या	1,027	1057
सी	वर्ष के दौरान शेयरधारकों की निपटाई गई शिकायतों की संख्या	1,027	1057
डी	वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों की लंबित शिकायतों की संख्या	शून्य	शून्य

श्रीमती मोनिका कालिया, कंपनी सचिव को निवेशकों की शिकायतों के लिए अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया है.

4.5 बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)

4.5.1 संघटन

इस समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं / अथवा कार्यपालक निदेशक तथा कोई दो निदेशक शामिल हैं.

4.5.2 कार्य

बैंक ने शेयरों के शीघ्रतापूर्वक अंतरण के लिए निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति गठित की है, जिसे शेयरों के अंतरण, प्रेषण, रीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने आदि की पुष्टि के अधिकार दिये गये हैं.

4.5.3 एसटीसीबी में उपस्थिति

वर्ष के दौरान, समिति की अंतरण, प्रेषण, रीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने इत्यादि पर कार्रवाई करने के लिए 31 बैठकें आयोजित की गयीं और इसमें परिचालन के माध्यम से उपस्थिति रही.

4.6 ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी वाले मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)

भारतीय रिज़र्व बैंक के पत्रांक आरबीआई / 2004.15.डीबीएस.एफजीवी (एफ) नं.1004/23.04.01 ए / 2003-04, दिनांक 14.01.2004 द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है. वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) से आंतरिक निरीक्षण, सांविधिक लेखापरीक्षा, अंतर शाखा / अंतर बैंक खातों, हाउसकीपिंग के प्रमुख क्षेत्रों इत्यादि का पर्यवेक्षण अपेक्षित है. एसीबी से यह भी अपेक्षित है कि वह बैंक में धोखाधड़ी के संबंध में निवारक पहलुओं तथा की जा रही अनुवर्ती कार्रवाई पर भी ध्यान दे. तथापि, यह विशेष समिति ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों का विशेष रूप से अनुश्रवण और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है, जबकि एसीबी सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों का भी अनुश्रवण करती रहेगी.

4.6.1 संघटन:

यह विशेष समिति, निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर गठित की गई है.

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के दो सदस्य
- भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती को छोड़कर निदेशक मंडल के दो अन्य सदस्य.

4.6.2 कार्य:

इस विशेष समिति का प्रमुख कार्य ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा एवं उनका अनुश्रवण करना होगा ताकि :

- धोखाधड़ी की संभावनाओं वाली कार्यप्रणालीगत कमियों को दूर किया जा सके और उन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक उपाय किये जा सके.
- धोखाधड़ी का पता लगाने और / या उच्च प्रबंधन या भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित करने में यदि कोई देरी हुई हो, तो उनके कारणों का पता लगाया जा सके,
- सीबीआई / पुलिस जांच एवं वसूली स्थिति की प्रगति का अनुश्रवण किया जा सके,
- सुनिश्चित किया जा सके कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में प्रत्येक स्तर पर स्टाफ उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाता है तथा स्टाफ संबंधी कार्रवाई, यदि कोई है, तो उसे तत्काल निपटाया जाता है.
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने जैसी रक्षात्मक कार्रवाई के प्रभाव की समीक्षा की जा सके,
- धोखाधड़ी निरोधक उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु यथावश्यक अन्य उपाय लागू किये जा सकें.

4.6.3 एससीएमएफ में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 के दौरान समिति की 4 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अ. एवं प्र. नि.	4	4
श्री एस. एस. मूंदड़ा, का. नि.	3	3
श्री एस. के. जैन, का. नि.	4	4
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	1	1
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	3	3
श्री राजेश खुल्लर, सरकार द्वारा नामित	1	--
श्री जी. के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	3	3
प्रो. एम. एस. श्रीराम, शेयरधारक निदेशक	1	1

4.7 निदेशक मंडल की बैंक की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया है. समिति का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक, डीबीओडी के दिनांक 14 अगस्त 2004 के परिपत्र के संदर्भ में किया गया है.

4.7.1 संघटन :

समिति में आठ सदस्य निम्नानुसार हैं :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / कार्यपालक निदेशक
- शेयरधारकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले दो निदेशक
- तीन गैर कार्यपालक निदेशक
- विशेष आमंत्रित के रूप में ग्राहकों के दो प्रतिनिधि
- दि. 01.11.2012 से सरकार द्वारा नामित निदेशक समिति के स्थायी सदस्य हैं.

4.7.2 कार्य:

यह समिति निम्नलिखित कार्य करती है :

- सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सुझाव देना.
- मौजूदा नीतियों एवं कार्यपद्धतियों को युक्तियुक्त बनाने तथा सरलीकरण की दृष्टि से उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा निरंतर आधार पर परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाने हेतु समुचित प्रोत्साहनों का सुझाव देना.
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित सार्वजनिक सेवा पर प्रक्रिया और कार्यनिष्पादन लेखापरीक्षा समिति (सीपीपीएपीएस) की सिफ़ारिशों के अनुपालन सहित बैंक की तदर्थ समिति के कार्यों का पर्यवेक्षण.

4.7.3 सीएससीबी में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 के दौरान इस समिति की 4 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें उपस्थिति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अ. एवं प्र. नि.(अध्यक्ष)	4	4
श्री एस. एस. मूंदड़ा, का. नि.	3	3
श्री एस. के. जैन, का. नि.	4	3
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	1	1
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	2	1
श्री एम एस श्रीराम , शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री एन. शंकर, वर्कमैन कर्मचारी निदेशक	3	1
श्री एस. रवि, शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री बी एन भट्टाचार्जी, अधिकारी कर्मचारी निदेशक	4	4
डा. अतुल अग्रवाल, गैर सरकारी निदेशक	4	4
डा. आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री जी. के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	3	3

4.8 निदेशकों को पारिश्रमिक समिति(आरसीबी) :

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग (बैंकिंग प्रभाग) ने अपने संप्रेषण एफ नं. 20/1/2005-बीओ । दिनांक 09 मार्च, 2007 द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों को कार्य निष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की एक योजना की घोषणा की है. भारत सरकार के संप्रेषण के अनुसार बोर्ड की एक उपसमिति बनाई गई है, जिसे पारिश्रमिक समिति कहा गया है.

4.8.1 संघटन :

- सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं द्वारा नामित निदेशक
- दो अन्य निदेशक

4.8.2 कार्य :

भारत सरकार के उपरोक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को दिए जाने वाले कार्यनिष्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहनों का निर्धारण करना.

4.8.3 आरसीबी में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 के दौरान इस समिति की 1 बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार हैं :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	1	1
श्री चंदन सिन्हा, भारिबैं के नामिती	1	1
डा. अतुल अग्रवाल, गैर सरकारी निदेशक	1	1
डा. डी. चटर्जी, शेयरधारक निवेशक	1	--

4.9 बोर्ड की नामांकन समिति (एनसीबी):

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 (वर्ष 2006 में संशोधित किए अनुसार) की धारा 9 की उप-धाराएं (3एए) एवं (3एबी) द्वारा प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के रूप में चयनित किए गए व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने के लिए विशिष्ट योग्य एवं उपयुक्त मानदंड निर्धारित किए हैं. भारिबैं ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड में चयनित निदेशकों के लिए योग्य एवं उपयुक्त मानदंडों पर परिपत्र डीबीओडी सं.बीसी नं.47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर, 2007 जारी किया है.

बैंकों से अपेक्षा है कि वे अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के अंतर्गत वर्तमान चयनित निदेशकों की योग्य एवं उपयुक्त स्थिति के निर्धारण के लिए ड्यू डिलिजेंस की प्रक्रिया करने के लिए नामांकन समिति का गठन करें. तदनुसार, बैंक ने निदेशकों की नामांकन समिति का गठन किया गया है.

4.9.1 संघटन :

- तीन गैर-कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक

4.9.2 कार्य :

- ड्यू डिलीजेंस के कार्य की जिम्मेदारी लेना और चयनित निदेशक की योग्य एवं उपयुक्त स्थिति की जांच करना.
- यह सुनिश्चित करना कि क्या किसी मानदंड यथा (i) शैक्षिक योग्यता (ii) विशेषज्ञता का अनुभव एवं क्षेत्र (iii) ट्रेक रिकॉर्ड एवं ईमानदारी का गैर-अनुपालन वर्तमान चयनित निदेशक / प्रस्तावित उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्त्तव्यों को निभाने में रुकावट तो पैदा नहीं करता है. इसके अतिरिक्त, किसी प्राधिकार / नियामक एजेंसी से उम्मीदवार के बारे में प्रतिकूल सूचना या दिवालियापन अथवा किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्था से किसी ऋण में चूक की सूचना उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक होने के लिए अयोग्य एवं अनुपयुक्त कर देगी.
- हस्ताक्षरित घोषणा के आधार पर, नामांकन समिति उम्मीदवार को स्वीकार करने या अन्यथा का निर्णय करे और आवश्यक समझे जाने पर उपयुक्त प्राधिकारी / व्यक्तियों से संदर्भ (हवाले) प्राप्त करें ताकि इन अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके.

4.9.3 एनसीबी में उपस्थिति :

समिति की वर्ष 2012-13 के दौरान एक बैठक संपन्न हुई, जिसमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजेश खुल्लर, सरकार द्वारा नामित (अध्यक्ष-,एनसीबी)	1	1
श्री बी एम शर्मा, निदेशक (सी ए संवर्ग)	1	1
डा. अतुल अग्रवाल, अंशकालिक गैर अधिकारिक निदेशक	1	1

4.10 निदेशकों की पदोन्नति समिति (डीपीसी)

4.10.1 संघटन :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं. नामित निदेशक

4.10.2 कार्य :

यह समिति उच्च कार्यपालक ग्रेड स्केल VII में पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के साथ-साथ उच्च प्रबंधन ग्रेड स्केल VII में चयन / अनुमोदन न होने पर अधिकारियों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार करती है और उच्च कार्यपालक ग्रेड में अधिकारियों की सेवाएं जारी रखने संबंधी मामलों पर निर्णय लेती है.

4.10.3 डीपीसी में उपस्थिति

वर्ष 2012-13 में समिति की 2 बैठक हुई, जिनकी उपस्थिति इस प्रकार है.

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष डीपीसी)	2	2
श्री राजेश खुल्लर, सरकार द्वारा नामित	1	1
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	1	1
श्री चंदन सिन्हा, भारिबैं द्वारा नामित	2	2

4.11 निदेशकों की पदोन्नति समिति - सतर्कता / गैर-सतर्कता

4.11.1 संघटन :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारिबैं. नामित निदेशक

इसके अतिरिक्त, कार्यपालक निदेशक भी इन बैठकों में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहते हैं.

4.11.2 कार्य :

यह समिति तिमाही आधार पर सतर्कता, गैर-सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांचों की समीक्षा करती है.

4.11.3 डीपीसी - सतर्कता/गैर-सतर्कता में उपस्थिति

समिति की वर्ष 2012-13 के दौरान 4 बैठकें संपन्न हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी. सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष)	4	4
श्री राजेश खुल्लर, भारत सरकार नामिती	1	--
डा. ए. भट्टाचार्या, भारत सरकार नामिती	3	1
श्री चंदन सिन्हा भारिबैं. नामिती	4	4

4.12 निदेशकों की एचआर समिति

4.12.1 संघटन

समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और/या कार्यपालक निदेशक तथा कोई दो निदेशक होते हैं.

4.12.2 कार्य :

निम्नलिखित पहलुओं का पर्यवेक्षण और समीक्षा:

1. बैंक की संपूर्ण रणनीति.
   - समग्र जनबल आयोजना व कौशल अंतराल की पहचान
   - सही प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उनके विकास के लिये प्रणाली, प्रक्रिया और संरचना

2. बैंक के सभी स्टाफ पर लागू होने वाली निष्पादन प्रबंधन प्रणाली का विकास :
   - प्रमुख दायित्व क्षेत्रों का पारदर्शी निष्पादन आकलन
   - सभी स्टाफ को विकास संबंधी फीडबैक प्रणाली देना
3. बैंक की रणनीति और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप नीतियों को फाइन ट्यून करना
   - पुरस्कार व प्रोत्साहन
   - पदोन्नति
   - तैनाती
4. प्रशिक्षण
   - विशिष्ट कारोबारी कौशल प्रशिक्षण
   - सभी स्टाफ सदस्यों को सामान्य प्रशिक्षण /पुनश्चर्या
5. एचआर संबंधी सभी कार्यों का आईटी स्वचालन

4.12.3 एचआर समिति में निदेशकों की उपस्थिति

वर्ष 2012-13 में समिति की 2 बैठक हुईं, जिनमें उपस्थिति इस प्रकार थी :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान सम्पन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष मानव संसाधन)	2	2
श्री एस एस मूंदड़ा , का.नि.	1	1
श्री एस. के. जैन, का.नि	2	2
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	1	1
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	2	1
डा. आर. एच. ढोलकिया, शेयरधारक निदेशक	2	2

4.13 निदेशकों की आईटी रणनीति समिति

आईटी सुशासन उपायों के अंश के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बोर्ड को आईटी पर रणनीतिक मार्गदर्शन देने और बोर्ड की रणनीति से आईटी निवेश की समीक्षा के लिए आईटी रणनीति समिति बनाने की संस्तुति की है.

4.13.1.संघटन :

- कार्यपालक निदेशक
- दो स्वतंत्र निदेशक, जिनमें एक समिति का अध्यक्ष होगा.
- बाहरी आईटी विशेषज्ञ
- मुख्य सूचना अधिकारी - (बैंक के आईटी कार्यों के प्रमुख महा प्रबंधक)

4.13.2. कार्य :

- आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों का अनुमोदन
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया बनाई है.
- यह पुष्टि करना कि कारोबारी रणनीति वास्तव में आईटी रणनीति के साथ संयोजित है.
- यह पता करना कि प्रबंधन के ऐसी प्रक्रिया और व्यवहार स्थापित किया है. जिसके यह सुनिश्चित होता हो कि आईटी से कारोबार सहायक है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी की संगठनात्मक संरचना, कारोबारी मॉडल और इसकी दिशा के अनुरूप है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी के निदेश जोखिम और लाभ के संतुलन के अनुरूप रहे और बजट स्वीकार करने योग्य हो.
- रणनीति उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों का प्रयोग तय करने के लिए प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त उपायों का अनुश्रवण और आईटी संसाधनों के स्त्रोत और उपयोग के बारे में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन देना.
- बैंक के सुस्थिर विकास के लिए आईटी निवेश में उचित संतुलन सुनिश्चित करना.
- आईटी जोखिम और नियंत्रणों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करना और आईटी जोखिम के अनुश्रवण के लिए प्रबंधन की तैयारी का मूल्यांकन करना.
- आईटी रणनीतियों के कार्यान्वयन में वरिष्ठ प्रबंधन के निष्पादन का मूल्यांकन करना.
- उच्च स्तरीय नीति संबंधी मार्गदर्शन (उदा. जोखिम, फंडिंग या प्राप्ति स्त्रोतों के बारे में)
- यह पुष्टि करना कि आईटी या कारोबारी संरचना इस प्रकार बनायी गयी है जिससे आय से अधिकतम लाभ मिलता हो.
- बैंक स्तर पर आईटी पर व्यय होने वाली समग्र राशि का पर्यवेक्षण और यह पता करना कि प्रबंधन के पास आईटी जोखिम के लिए संसाधन है.
- आईटी के कामकाज और कारोबार में इसके योगदान की समीक्षा (अर्थात् वायदे के अनुरूप लाभ मिल रहा है)

4.13.3 निदेशकों की आईटी रणनीति बैठक में उपस्थिति

2012-2013 के दौरान समिति की 6 बैठक की गईं और उसमें निम्नलिखित उपस्थित हुए:

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठकों की संख्र्यी	बैठकों में उपस्थिति
श्री एस.रवि (अध्यक्ष आईटी रणनीति)	2	2
डा. अतुल अग्रवाल, निदेशक (अध्यक्ष आईटी रणनीति)	4	4
श्री एस.एस.मूंदडा, कानि	4	4
श्री एस.के.जैन, कानि	6	6
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	2	2
श्री बी.एम.शर्मा, सीए निदेशक	6	6

4.14 एनपीए वसूली / उन्नयन की समीक्षा हेतु बोर्ड की समिति.

4.14.1 संघटन

- कार्यपालक निदेशक
- कोई तीन निदेशक

4.14.2 कार्य

उच्च मूल्य एनपीए पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए.

4.14.3 निदेशकों की एनपीए वसूली / अपग्रेडेशन समिति की बैठक में उपस्थिति

यह समिति 26.05.2012 से समाप्त कर दी गई. इस समिति ने वर्ष 2012-2013 के दौरान 26.05.2012 को अर्थात् 1 बैठक आयोजित की थी.

4.15 शेयरधारक निदेशकों के चुनाव पर निर्णय के लिए बोर्ड की समिति - सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान

इस संबंध में भारत सरकार वित्त मंत्रालय ने अपने पत्र सं. 16/11/2012-बीओ-I दिनांक 3 अप्रैल, 2012 के जरिये यह कहा है कि इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझा जाना चाहिए क्योंकि सरकार, जो एक प्रमुख शेयरधारक है, कानूनन चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकती. इसलिए, मंत्रालय ने बैंकों को सीएमडी की अध्यक्षता में बोर्ड की एक समिति गठित करने के लिए कहा है, जो विभिन्न उम्मीदवारों की योग्यता, अनुभव, प्रोफाइल एवं पृष्ठभूमि सरीखे विभिन्न तत्वों पर ध्यानपूर्वक विचार करेगी और चुनाव में उम्मीदवारों का समर्थन करने के संबंध में निर्णय लेगी. इसके अतिरिक्त, पीएसबी के शेयरधारक निदेशक के चुनाव के मामले में बैंक की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में अपेक्षित विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखा जाएगा. इस उप-समिति में सरकार या भारतीय रिज़र्व बैंक के नामांकित निदेशक शामिल नहीं किए जाएंगे.

4.15.1 संघटन

समिति का गठन निम्नानुसार किया जाएगा :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशक
- बोर्ड द्वारा नामित दो अन्य सदस्य

4.15.2 कार्य

संदर्भ की शर्तें - विभिन्न उम्मीदवारों की योग्यता, अनुभव, प्रोफाइल एवं पृष्ठभूमि पर विचार करने के बाद चुनाव में उनका समर्थन करने के लिए निर्णय लें. इसके अतिरिक्त, पीएसबी के शेयरधारक निदेशक के चुनाव के मामले में विभिन्न क्षेत्रों में अपेक्षित विशेषज्ञता के अनुसार बैंक की आवश्यकता को भी ध्यान में रखा जाएगा.

4.15.3 शेयरधारक निदेशकों के चुनाव पर निर्णय के लिए बोर्ड की समिति की उपस्थिति - सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान

जब कभी आवश्यक हो, इस समिति की बैठक बुलाई जा सकती है. चूंकि कोई आवश्यकता नहीं थी, इसलिए वर्ष 2012-13 के दौरान समिति की कोई बैठक नहीं बुलाई गई.

4.16 वसूली प्रबंधन समिति (आरएमसी)

उपर्युक्त विषय पर भारत सरकार के पत्र सं.एफ.न. 7/112/2012 - बीओए दिनांक 21 नवंबर, 2012 के अनुसार वसूली प्रबंधन के लिए एक बोर्ड स्तर की उप समिति दिनांक 27.11.2012 को गठित की गई है.

इस पत्र में यह कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक नियमित आधार पर वसूली की प्रगति पर नज़र रखने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक एवं भारत सरकार के निदेशक को शामिल करके बोर्ड स्तर की एक उप-समिति का गठन करें और यह समिति मासिक आधार पर अपनी रिपोर्ट बोर्ड में प्रस्तुत करे.

4.16.1 संघटन

समिति का गठन निम्नानुसार किया जाएगा :

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
- कार्यपालक निदेशक (एक से अधिक)
- सरकार द्वारा नामित निदेशक

4.16.2 कार्य :

नियमित आधार पर वसूली की प्रगति पर नज़र रखना और बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

4.16.3 वसूली प्रबंधन समिति की उपस्थिति

इस समिति ने वर्ष 2012-13 के दौरान 3 बैठकों का आयोजन किया, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठकों की संर्ख्यी	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष आरएमसी)	3	3
श्री एस एस मूंदड़ा , का.नि.	1	1
श्री एस. के. जैन, का.नि	3	3
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	2	2
डा. ए. भट्टाचार्या, सरकार द्वारा नामित	3	3

4.17. ऋण अनुमोदन समिति -I (सीएसी)

वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग की गजट अधिसूचना सं. एसओ.2736 दिनांक 5 दिसंबर, 2011 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार बोर्ड ने दिनांक 24.01.2012 को आयोजित अपनी बैठक में केन्द्रीय कार्यालय में ऋण अनुमोदन समिति के गठन को अनुमोदन प्रदान किया. सीएसी (ऋण अनुमोदन समिति) अप्रैल, 2012 से कार्य कर रही है.

4.17.1 संघटन :

सीएसी का गठन निम्नानुसार किया गया है ;

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अनिवार्य)
- कार्यपालक निदेशक (कम-से-कम एक अनिवार्य)
- महा प्रबंधक - ऋण

- महा प्रबंधक - वित्तीय आयोजना एवं निवेशक संबंध (सीएफओ)
- महा प्रबंधक - जोखिम प्रबंधन (अनिवार्य)

4.17.2 कार्य :

ऋण प्रस्तावों, निधि आधारित / गैर निधि आधारित ऋण समझौता / बट्टे खाते डाले जाने वाले प्रस्तावों की मंजूरी.

4.17.3 ऋण अनुमोदन समिति - I में उपस्थिति

इस समिति ने वर्ष 2012-13 के दौरान 42 बैठकों का आयोजन किया, जिसमें निम्नानुसार उपस्थिति रही :

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठकों की संर्ख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री डी सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अध्यक्ष)	42	42
श्री एस एस मूंदड़ा , का.नि.	33	32
श्री एस. के. जैन, का.नि	42	38
श्री के. सुब्रम्हण्यम, का. नि.	9	9
महा प्रबंधक (आरएमडी)	42	42
मुख्य वित्तीय अधिकारी	42	42
महा प्रबंधक (ऋण)	42	42

5. साधारण सभा की बैठकें :

पिछले 3 वर्षों के दौरान आयोजित शेयरधारकों की साधारण बैठकों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

बैठक का स्वरूप	दिनांक एवं समय	स्थान
आठवीं वार्षिक सामान्य बैठक	2 जुलाई, 2010 शाम 4.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	29 मार्च, 2011 प्रात:11.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
नौवीं वार्षिक सामान्य बैठक	29 जून,2011 शाम 3.30 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	20 मार्च, 2012 प्रात: 11.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	26 जून, 2012 प्रात: 10.30 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
दसवीं वार्षिक सामान्य बैठक	26 जून, 2012 शाम 3.30 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.
असाधारण सामान्य बैठक	16 मार्च, 2013 प्रात: 10.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.

असाधारण सामान्य बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत विशेष संकल्पों के ब्यौरे इस प्रकार हैं :

5.1 29 मार्च 2011 को हुई असाधारण सामान्य बैठक

सेबी(आईसीडीआर) विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार ₹10/- (रुपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 1,92,14,515 (एक करोड़ बानवे लाख चौदह हजार पांच सौ पंद्रह) तक इक्विटी शेयर सृजित करने और रु 354.94 की दर से कुल मिलाकर रु 682 करोड़ (छह सौ बयासी करोड़) नकद के बदले वरीयता आधार पर भारत सरकार को प्रस्ताव करने, जारी करने और आबंटित करने का विशेष संकल्प.

5.2 20 मार्च 2012 को हुई असाधारण सामान्य बैठक विशेष संकल्प:

क) सेबी(आईसीडीआर) विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार ₹10/- (रुपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 1,43,11,631 (एक करोड़ तिरालीस लाख ग्यारह हजार छह सौ इकतीस) तक इक्विटी शेयर सृजित करने और ₹ 248.05 की दर से कुल मिलाकर ₹ 355 करोड़ (तीन सौ पचपन करोड़) नकद के बदले वरीयता आधार पर भारत सरकार को प्रस्ताव करने, जारी करने और आबंटित करने का और

ख) सेबी(आईसीडीआर)विनियम के विनियम 76(4) के अनुसार ₹10/- (रुपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 2,62,16,620 (दो करोड़ बासठ लाख सोलह हजार छह सौ बीस) तक इक्विटी शेयर सृजित करने और ₹ 248.05 की दर से कुल मिलाकर ₹ 650 करोड़(छह सौ पचास करोड़) नकद के बदले वरीयता आधार पर भारतीय जीवन बीमा निगम और/या भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की विभिन्न योजनाओं को प्रस्ताव करने, जारी करने और आबंटित करने का.

इन संकल्पों के अनुसरण में बैंक को केवल जीवन बीमा निगम से आवेदन की राशि प्राप्त हुई और 30 मार्च, 2012 को 2,62,16,620 शेयर जारी किए गए और भारतीय जीवन बीमा निगम को आबंटित किए गए. भारत सरकार से अब तक आवेदन धन प्राप्त नहीं हुआ है.

5.3 16 मार्च 2013 को हुई असाधारण सामान्य बैठक

आईसीडीआर विनियम के अध्याय VII के अंतर्गत परभिाषित पात्र संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से, भले ही ऊनके पास बैंक के शेयर हों अथवा नहीं, लागू कानूनों और विनियमों के अंतर्गत अनुमत और बैंक के बोर्ड द्वारा स्वविवेक से निश्चित, तत्समय या तत्समयों पर कुल मिला कर ₹ 1386 करोड़ (रुपये एक हजार तीन सौ छियासी करोड़ केवल) के, बोर्ड द्वारा अपने विवेक से उपयुक्त समझे गये प्रीमियम सहित मूल्य या मूल्यों और शर्तों और निबंधनों पर उस संख्या में शेयर सृजित, प्रस्ताव, निर्गमित और आवंटित करने की स्वीकृति है और प्रदान की जाती है. बैंक स्व विवेक से इस प्रकार के निर्गम, प्रस्ताव और आवंटन के समय बाजार की स्थिति और अन्य कारकों को देखते हुए तथा आवश्यकतानुसार अग्रणी प्रबंधक(ों) और/या हामीदार(ों) और/या परामर्शदाता(ओं) से परामर्श करके अपने विवेक से जैसा उचित या उपयुक्त समझे निवेशकों की अन्य श्रेणियों को छोड़ते हुए निवेशकों की कुछ श्रेणियों को इन शेयरों का प्रस्ताव, निर्गम और आवंटन कर सकता है.

उपरोक्त प्रस्ताव के क्रम में बैंक को भारत सरकार से आवेदन राशि प्राप्त हुई और 4,62,45,174 शेयर दिनांक 21 मार्च 2013 को भारत सरकार को जारी एंव आवंटित किए गए.

दूसरा प्रस्ताव बैंक को इस प्रस्ताव के पारित होने के एक वर्ष के अंदर क्यूआईपी के माध्यम से पूंजी जुटाने में सहायक होगा, जो बैंक के हित में होगा. जुटाई गई पूंजी का उपयोग पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार और बैंक की सामान्य कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा. अब तक बैंक ने उक्त प्रस्ताव के अधीन कोई भी पूंजी नहीं जुटाई है.

विशेष संकल्प:

1. **भारत सरकार को वरीयता आधार पर इक्विटी शेयर जारी करना :**

सेबी(आईसीडीआर)विनियम के विनियम 76(1) के अनुसार ₹10/-(रुपये दस मात्र) अंकित मूल्य के 4,62,45,174 (चार करोड़ बासठ लाख पैंतालिस हजार एक सौ चौहत्तर) इक्विटी शेयर सृजित करने और ₹ 240.89 की दर से कुल मिलाकर ₹1114 करोड़(एक हजार एक सौ चौदह करोड़) नकद के बदले वरीयता आधार पर भारत सरकार को प्रस्ताव करने, जारी करने और आबंटित करने का.

2. **पात्र संस्थागत प्लेसमेंट (क्यू आईपी) के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करना**

बैंक के बोर्ड को एतदद्वारा आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अंतर्गत पारिभाषित पात्र संस्थागत प्लेसमेंट के माध्यम से, भले ही उनके पास बैंक के शेयर हों अथवा नहीं, लागू कानूनों और विनियमों के अंतर्गत अनुमत और बैंक के बोर्ड द्वारा स्वविवेक से निश्चित , तत्समय या तत्समयों पर कुल मिला कर रु. 1386 करोड़ (रुपये एक हजार तीन सौ छियासी केवल) के, बोर्ड द्वारा अपने विवेक से उपयुक्त समझे गये प्रीमियम सहित मूल्य या मूल्यों और शर्तों और निबंधनों पर उस संख्या में शेयर सृजित,प्रस्ताव, निर्गमित और आवंटित करने की स्वीकृति है और प्रदान की जाती है. बैंक स्व विवेक से इस प्रकार के निर्गम, प्रस्ताव और आवंटन के समय बाजार की स्थिति और अन्य कारकों को देखते हुए तथा आवश्यकतानुसार अग्रणी प्रबंधक(ों) और/या हामीदार(ों) और/या परामर्शदाता(ओं) से परामर्श करके अपने विवेक से जैसा उचित या उपयुक्त समझे निवेशकों की अन्य श्रेणियों को छोड़ते हुए निवेशकों की कुछ श्रेणियों को इन शेयरों का प्रस्ताव, निर्गम और आवंटन कर सकता है.

इस प्रस्ताव के क्रम में बैंक को भारत सरकार से आवेदन राशि प्राप्त हुई और 4,62,45,174 शेयर भारत सरकार को दिनांक 21 मार्च 2013 को आवंटित किए गए.

दूसरे प्रस्ताव से बैंक उसी समय या उसके बाद कभी भी, जैसा भी बैंक के हित में हो, इस प्रस्ताव के पास होने के एक वर्ष के अंदर क्यू आई पी के माध्यम से पूंजी जुटा सकता है. प्राप्त पूंजी का उपयोग बैंक पूंजी पर्याप्तता और बैंक की दैनिक कारोबारी आवश्यकताओं को पूरा करने में कर सकता है. अब तक बैंक ने उक्त प्रस्ताव के अंदर कोई भी पूंजी नहीं जुटाई है.

6. **प्रकटन :**

बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 द्वारा नियंत्रित है. सेबी ने स्पष्ट किया है कि उन सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों पर, जो कंपनी नहीं हैं परंतु अन्य अधिनियमों के अंतर्गत निगमित कार्पोरेट निकाय (अर्थात् प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनियां आदि) हैं, सूची समझौते का खंड 49 उस सीमा तक ही लागू होगा कि वह उनके संबंधित अधिनियमों और संबंधित नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन न करता हो. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा की जाती है कि बैंक सूचीकरण समझौते के खंड 49 की सभी प्रयोज्य अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. उक्त खंड के अंतर्गत गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं से संबंधित अनुपालन की जानकारी भी इस रिपोर्ट में दी गई है. खंड द्वारा निर्धारित अन्य प्रकटन अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

i. **निदेशकों का पारिश्रमिक :**

गैर-कार्यपालक निदेशकों को यात्रा व्यय और विराम व्ययों सहित पारिश्रमिक का निर्धारण भारिबैं की सलाह पर केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 17 की शर्तों के अनुसार किया जाता है.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यपालक निदेशकों को भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान और यात्रा व्ययों एवं विराम व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाती है. पूर्णकालिक कार्यपालकों की नियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्तें राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 8 के अनुसार हैं, जिनके विस्तृत विवरण लेखों की टिप्पणियों में दिए गए हैं

ii **महत्वपूर्ण लेनदेन एवं आर्थिक सम्बन्धों का प्रकटन :**

बैंकिंग कारोबार की सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त, बैंक ने बड़े स्तर पर बैंक के हितों की संभाव्य प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए अपने प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधन, अपनी सहायक कंपनियों या रिश्तेदारों आदि के साथ ऐसा कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं किया है, जिसका टकराव बैंक के हितों से होता हो. वर्ष के दौरान गैर-कार्यपालक निदेशक और बैंक के बीच कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं हुआ.

बैंक में यह स्थापित प्रथा रही है कि जब मामला निदेशकों या उनके रिश्तेदारों/फर्मों/कम्पनियों से संबंधित चर्चा का हो, तब संबंधित निदेशक बोर्ड के विचार-विमर्श और बोर्ड की अन्य उप समितियों में भाग नहीं लेते हैं.

iii **सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि के आगम :**

आलोच्य वर्ष में बैंक ने भारत सरकार को वरीयता के आधार पर ₹ 10 मूल्य के 4,62,45,174 शेयर आवंटित कर अपनी इक्विटी पूंजी में बढ़ोत्तरी की है.

बैंक ने समय-समय पर वचन पत्र (टायर I एवं टायर II पूंजी)की प्रकृति के अपरिवर्तनीय बांड जारी किये हैं. इससे संबधं सूचना रिपोर्ट के पैरा 8.2 में दी गयी है.

नधियां एकत्रित करने का प्राथमिक उद्देश्य पूंजी पर्याप्तता अनुपात को सुदृढ़ करने के लिये पूंजी बढ़ाना तथा बैंक के दीर्घकालिक संसाधनों को सुधारना था तथा उनका उपयोग इसी के लिये किया गया है,

iv **दंड एवं आक्षेप :**

गत 3 दौरान बैंक पर किसी भी स्टॉक एक्सचेज, सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कोई अर्थदंड या आक्षेप नहीं लगाया गया है.

v **गुप्त सूचना नीति**

बैंक ने गुप्त सूचना नीति लागू की है. लेखापरीक्षा समिति उक्त नीति के कार्य की आवधिक रूप से समीक्षा करती है. इसके अतिरिक्त, यह भी निर्दिष्ट किया जाता है कि किसी भी कर्मचारी को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से रोका नहीं गया है.

vi प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण

इसे वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है.

7. संप्रेषण के साधन

बैंक के तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम फायनांशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी), फ्री प्रेस जर्नल (अंग्रेजी), नवभारत (हिंदी), नवशक्ति (मराठी) सहित अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं. ये परिणाम बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी दर्शाये जाते हैं. इसी प्रकार बैंक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति, संबंधित प्रस्तुति, शेयरधारकों का पैटर्न, तिमाही एवं वार्षिक रिपोर्ट आदि भी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

8. शेयरधारकों की सूचना

8.1 बैंक एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है, जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में है. 31 मार्च 2013 को देश के विभिन्न भागों में बैंक के पास 3,511 (दो ओवरसीज़ शाखाओं सहित) शाखाओं का नेटवर्क था.

8.2 बैंक का शेयर मुम्बई शेयर बाजार और राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हैं तथा उनके स्टॉक स्क्रिप कोड निम्न प्रकार हैं :-

शेयर बाजार, मुम्बई (बीएसई)	532477
राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई)	UNIONBANK-EQ

वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान शेयर बाजारों को 30.04.2013 के पूर्व कर दिया गया है.

बैंक ने समय-समय पर प्रोमीसरी नोट (टियर I एवं II पूंजी) के रूप में गैर परिवर्तनीय-बांड जारी किए हैं. 31 मार्च 2013 को तत्संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है:

श्रृंखला	मात्रा (₹करोड़ में)	आबंटन की तारीख	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
VI	250	03.09.2003	03.05.2013	5.95	आईएनई 692A09068
VII	450	08.02.2005	08.05.2015	7.15	आईएनई 692A09076
VIII- नियत	600	23.09.2005	23.04.2015	7.45	आईएनई 692A09084
IX	200	19.05.2006	19.05.2016	8.33	आईएनई 692A09100
X- प्रथम खंड	300	10.10.2006	शाश्वत	10 वर्ष तक 9.45 10 वर्ष के उपरांत 9.95	आईएनई 692A09118
X- द्वितीय खंड अपर टीयर -II	750	16.10.2006	16.10.2021	8.95 10 वर्ष के उपरांत 9.45	आईएनई 692A09126
XI लोअर टीयर - II प्रथम खंड	400	12.12.2007	12 .04.2018	9.35	आईएनई 692A09134
XI अपर टीयर -I प्रथम खंड	200	12.12.2007	शाश्वत	10 वर्ष तक 9.90 10 वर्ष के उपरांत 10.40	आईएनई 692A09142
XII स्थाई	200	09.09.2008	शाश्वत	10 वर्ष तक 11.15 10 वर्ष के उपरांत 11.65, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09159
XII लोअर टीयर II	400	17.09.2008	17.09.2018	10.95	आईएनई 692A09167
XII लोअर टीयर II	200	23.12.2008	23.12.2018	9.50	आईएनई 692A09175
XII लोअर टीयर II	200	30.12.2008	30.12.2018	8.60	आईएनई 692A09183
XII स्थाई	140	30.03.2009	शाश्वत	10 वर्ष तक 9.10 10 वर्ष के उपरांत 9.60, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09191
XIV-ए अपर टीयर II	200	16.06.2009	शाश्वत	10 वर्ष तक 8.85% 10 वर्ष के उपरांत 9.35%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09209
XIV-बी अपर टीयर II	500	25.06.2009	15 वर्ष 25.06.2024	10 वर्ष तक 8.65% 10 वर्ष के उपरांत 9.15%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09217

XIV-सी अपर टीयर II	500	27.01.2010	15 वर्ष 27.01.2025	10 वर्ष तक 8.55% 10 वर्ष के उपरांत 9.05%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09225
XV-सी अपर टीयर II	500	28.06.2010	15 वर्ष 28.06.2025	10 वर्ष तक 8.48% 10 वर्ष के उपरांत 8.98%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई 692A09233
XVI-बी लोअर टीयर II	800	28.12.2012	28.12.2022	8.90%	आईएनई 692A09241
कुल	**6790**				

ये सभी बांड राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को 2013-14 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया है.

8.3 लाभांश

बैंक के निदेशक मंडल ने 9 मई 2013 को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष के लिए 80% अर्थात् ₹ 8/- प्रति शेयर लाभांश की संस्तुति की है.

8.4 वार्षिक साधारण बैठक और वित्तीय कैलेंडर के ब्यौरे

8.4.1 वार्षिक साधारण बैठक के विवरण

लेखों और लाभांश पर विचार विमर्श के लिए बोर्ड की बैठक	9 मई, 2013
वार्षिक साधारण बैठक की तिथि, समय और स्थान	दि.26 जून, 2013 को अपराह्न 3.30 बजे **रामा वाटुमल ऑडिटोरियम**, के.सी.कॉलेज, दिनशा वाच्छा रोड, चर्चगेट, मुंबई-400 020.
वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक साधारण बैठक के नोटिस का प्रेषण	29 मई 2013 को या उसके पूर्व
बहियों के बंद रहने की तिथि	अंतिम लाभांश का भुगतान करने के लिए 22 जून, 2013 से 26 जून, 2013 (दोनों दिनों को मिलाकर)
लाभांश के भुगतान की तिथि	5 जुलाई, 2013

8.4.2 वित्तीय कैलेंडर

वित्तीय वर्ष 2013-14 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की संभावित तिथियां निम्नलिखित हैं :

वित्तीय परिणाम	**घोषणा की संभावित तिथि**
30 जून, 2013 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	25 जुलाई, 2013
30 सितंबर, 2013 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	23 अक्तूबर, 2013
31 दिसंबर, 2013 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	27 जनवरी, 2014
31 मार्च, 2014 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	08 मई, 2014

8.5 शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशकों की शिकायतों का निवारण

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी शेयरों का अंतरण उनको प्रस्तुत करने की तिथि से 1 माह के अंदर कर दिया जाए. बैंक ने शेयरों के अंतरण और उनसे संबंधित मामलों पर विचार के लिए बोर्ड की शेयर अंतरण समिति बनाई है.

शेयर अंतरण और निवेशकों संबंधी अन्य समस्त गतिविधियों पर कार्रवाई रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट डाटामेटिक्स फायनांशियल सर्विसेज लि. मुंबई के कार्यालय में संपादित की जाती हैं. शेयरधारक अपने अंतरण विलेख और अन्य दस्तावेज तथा शिकायतें रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं. बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय, मुंबई में भी निवेशक सेवाएं प्रभाग स्थापित किया है. शेयरधारक अपनी शिकायतों के लिए निवेशक सेवाएं प्रभाग से संपर्क कर सकते हैं. सूचीबद्धता करार के खण्ड 47 (एफ) के अनुसार नामित ई-मेल आई डी investorservices@unionbankofindia.com है.

रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट
डाटामेटिक्स फायनांशियल सर्विसेस लि.
प्लॉट नं बी-5 पार्ट बी, क्रॉस लेन, एमआईडीसी,मरोल
अंधेरी पूर्व,
मुंबई - 400 093.
फोन -(022) 66712151-60
फैक्स -(022) 28213404
ई-मेल: ubiinvestors@dfssl.com

निवेशक सेवाएं प्रभाग
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
बारहवीं मंजिल, केंद्रीय कार्यालय, 239 विधान भवन मार्ग,
नरीमन पॉइंट,
मुंबई - 400 021.
फोन -(022) 2289 6643/36
फैक्स -(022) 22025238
ई-मेल: investorservices@unionbankofindia.com

बैंक ने अपनी वेबसाइट पर निवेशक सेवाएं जैसे ब्यौरे के परिवर्तन, डुप्लीकेट शेयर/लाभांश वारंट के अंतरण/प्रेषण/जारी करने के संबंध में अक्सर पूछे गए प्रश्नों की सूची दी है. इस कार्यप्रणाली और प्रलेखीकरण को आसानी से समझने के लिए इसको देखा जा सकता है.

8.5.1 अन्य सूचनाएं

शेयरधारकों की समस्याओं का समय से जवाब देने के अलावा, बैंक निवेशकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से शेयरधारकों को प्रत्येक छमाही में एक सूचना भेजता है.

इस साल भेजे गए पत्रों में निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया गया :

I. छमाही कार्यनिष्पादन

II. अदत्त लाभांशों का दावा करने और बैंक विवरण / लाभांश मेंडेट फॉर्म को अद्यतन करने पर.

III. कंपनी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की गयी पहल के अनुरूप कारपोरेट गवर्नेंस में पर्यावरण अनुकूल पहल कार्यान्वित करना.

8.6 शेयरों का अमूर्तीकरण

बैंक के शेयरों का क्रय-विक्रय अनिवार्यत: डीमैट रूप में ही होता है. बैंक ने दोनों डिपोजिटरियों यथा नैशनल सिक्यूरिटीज डिपोजिटरीज लि.(एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) से बैंक के शेयरों को डीमैट करने का करार किया है. बैंक के इक्विटी शेयरों के लिए आबंटित ISIN कोड, **INE 692 A01016** है. अत: यह अनुरोध है कि भौतिक रूप में धारित शेयर धारक अपने हित में अपने शेयरों को डीमैट कराएं, इससे वे शेयर प्रमाणपत्र की अभिरक्षा और शेयर प्रमाणपत्र के खो जाने / खराब हो जाने सरीखी समस्याओं से बच जाएंगे. इसके अलावा यह उन्हें तुरंत तरलता (नकदीकरण) भी प्रदान करेगा, क्योंकि बैंक के शेयर का व्यापार केवल डीमैट के रूप में ही किया जा सकता है. इससे लाभांश भुगतान भी तेजी और आसानी से हो सकेगा. 31.03.2013 को शेयरधारकों द्वारा डीमैट एवं भौतिक रूप में रखे गए शेयरों का विवरण निम्नानुसार है :

	शेयर धारकों की संख्या	**शेयरों की संख्या**	**शेयरधारिता का %**
भौतिक	64,556	6,06,96,006	10.17
डीमैट			
एनएसडीएल	88,562	22,50,67,822	37.71
सीडीएसएल	56,573	31,10,30,381	52.12
कुल	**2,09,691**	**59,67,94,209**	**100.00**

इसके अतिरिक्त, सेबी द्वारा जारी परिपत्र के अनुसरण में व्यवसायरत चार्टर्ड एकाउन्टेंट/कंपनी सेक्रेटरी ने भी तिमाही आधार पर शेयर पूंजी लेखापरीक्षा का मिलान किया. शेयर पूंजी के मिलान के दौरान सदस्यों की बही के अद्यतनीकरण / रखरखाव में अथवा डीमैट अनुरोध की प्रासेसिंग में कोई विसंगति नहीं पायी गयी और भौतिक प्रणाली तथा डीमैट प्रणाली में रखी गई पूंजी का निर्गमित पूंजी से मिलान होता है.

8.7 इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सेवा / यूनियन बैंक के खाते में सीधे जमा

सेबी ने सभी सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा निवेशकों को उन स्थानों पर नेशनल इलैक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस) के जरिये लाभांश के वितरण के लिए डिपोजिटरी द्वारा प्रस्तुत बैंक खातों के ब्यौरों का प्रयोग करना अनिवार्य कर दिया है, जहां ईसीएस सेवा उपलब्ध हो. नेशनल इलैक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस न होने पर बैंक निवेशकों को लाभांश वितरण का भुगतान लिखतों के माध्यम से करेगा एवं उपलब्ध होने पर बैंक खाते का विवरण भी मुद्रित करेगा.

उपरोक्त के अलावा, बैंक ने लाभांश की रकम जमा करने के लिए निम्नलिखित तरीका अपनाया है :

ऐसे शेयरधारकों के खाते में सीधे जमा के द्वारा लाभांश का भुगतान करना, जिनके खाते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हैं.

I) बैंक चार क्षेत्रों यथा ट्रेजंरी, फुटकर, गैर-फुटकर एवं सहायक बैंकिंग सेवाओं में परिचालन करता है. उत्पादों और सेवाओं की जोखिम प्रोफाइल और प्रकृति, लक्षित ग्राहक प्रोफाइल, बैंक की संगठनात्मक संरचना और आंतरिक रिपोर्टिंग प्रणाली पर विचार करने के बाद, क्षेत्रवार रिपोर्टिंग से संबंधित लेखा मानक 17 के अनुसार इन क्षेत्रों की पहचान की गयी है. बैंक ने कारोबार क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र के रूप में प्रकट किया है. लेखामानक 17 में विदेशी शाखा की इस अवधि की आय और अन्य पैरामीटर , लेखा मानक 17 में बतायी गयी सीमा के अंतर्गत है अत: बैंक का रिपोर्ट करने योग्य भौगोलिक क्षेत्र केवल एक ही है.

II) सीधे तौर पर आवंटित न किये जा सकने योग्य आय, व्यय, आस्तियां और देयताएं उचित समझे जाने वाले अनुमानों के आधार पर रिपोर्ट किये जाने वाले क्षेत्रों में आवंटित कर दिये गये हैं.

III) दो गैर बैंकिंग सहायक कंपनियों और एक संयुक्त उपक्रम की सूचनाएं अनावंटित खंड में सम्मिलित की गयी हैं . लेखा मानक -17 के अनुसार ये खंड रिपोर्ट करने योग्य नहीं है.

12 लेखा मानक 18 - संबंधित पार्टियों का प्रकटन (पेरेंट बैंक)

12.1 संबंधित पार्टियों की सूची :

(क) लेखा मानक 18 के अनुसार बैंक ने संबंधित पार्टी प्रकटन के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को प्रमुख प्रबंधन अधिकारी के रुप में चिन्हित किया है:

i. श्री डी सरकार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

i.. श्री एस. एस. मूंदड़ा, कार्यपालक निदेशक (21.01.2013 तक)

iii.. श्री एस. के. जैन, कार्यपालक निदेशक

iv श्री के सुब्रमण्यम , कार्यपालक निदेशक (21.01.2013 से)

(ख) अनुषंगी :

यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि.

यूनियन केबीसी ट्रस्टी कं. प्रा. लि.

(ग) संयुक्त उपक्रम :

स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कं. लि.

(घ) एसोसिएट :

बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अर्थात् काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक .

एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक यथा रीवा सीधी ग्रामीण बैंक, जो हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित था वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, नई दिल्ली के दि.1 नवंबर, 2012 की अधिसूचना के निबंधनाधीन, मध्यानचल ग्रामीण बैंक (भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित) में समामेलित हो गया.

12.2 संबंधित पार्टियों के साथ लेनदेन :

(₹. करोड़ में)

मदें / संबंधित पार्टियां	एसोसिएट / संयुक्त उपक्रम		प्रमुख प्रबंधन कार्मिक		प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों के रिश्तेदार		योग	
	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12	2012-13	2011-12
जमाराशियां	3720.52	2590.64		-		-	3720.52	2590.64
प्रदत्त ब्याज	306.03	211.26		-		-	306.03	211.26
बीमा कमीशन	21.84	19.77		-		-	21.84	19.77
विज्ञापन एवं प्रचार व्यय	8.41	7.17		-		-	8.41	7.17
बैठक शुल्क	0.04	0.04		-		-	0.04	0.04
अन्य व्यय/खरीद	0.00	0.13		-		-	0.00	0.13
बैंक प्रभार	0.02	0.15		-		-	0.02	0.15
बीमा प्रीमियम	26.64	25.46		-		-	26.64	25.46
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी बांड	26.70	0.00					26.70	0.00
शाश्वत बांड पर ब्याज	2.46	0.13		-		-	2.46	0.13
दलाली भुगतान	0.83	1.38		-		-	0.83	1.38
वितरण प्रोत्साहन भुगतान	1.00	0.36		-		-	1.00	0.36
कर्मचारी व्यय प्रतिपूर्ति	0.11	0.19		-		-	0.11	0.19
किराये और रखरखाव व्यय की प्रतिपूर्ति	0.11	0.08		-		-	0.11	0.08

12.3 प्रमुख प्रबंधन कार्मिक

(₹. करोड़ में)

	2012-13	2011-12
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को भुगतान किया गया पारिश्रमिक	#0.22	#0.22
कार्यपालक निदेशक को भुगतान किया गया पारिश्रमिक	#0.38	#0.35
योग	0.60	0.57

पिछले वर्ष के दौरान बैंक द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं कार्यपालक निदेशक को भुगतान की गई ₹ 6.00 लाख एवं ₹ 8.00 लाख की कार्य निष्पादन आधारित प्रोत्साहन राशि शामिल है.

13 लेखा मानक 20 - प्रति शेयर अर्जन

बैंक ने लेखामानक 20 के अनुसार "प्रति इक्विटी शेयर" के अनुसार मूल प्रति शेयर अर्जन की रिपोर्ट की है. प्रति शेयर अर्जन वर्ष के दौरान बकाया इक्विटी शेयरों के भारित औसत संख्या से कर भुगतान के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित कर मूल अर्जन की गणना की गई है.

			31.03.2013	31.03.2012
I	मूल एवं डाइल्यूटेड ईपीएस	₹	38.44	33.79
ii	इक्विटी शेयर धारकों को कर के बाद उपलब्ध निवल लाभ (₹ करोड़ में)	₹ करोड़ में	2121.71	1772.01
iii	इक्विटी शेयरों की औसत संख्या (संख्या करोड़ में)	संख्या	55.19	52.448
iv	प्रति शेयर नामिनल मूल्य	₹	10.00	10.00

14 लेखा मानक 22 - आय पर कर की गणना :

बैंक ने लेखाबंदी मानक ए एस 22 (आय पर कर की गणना) के अनुपालन में आय पर कर की गणना की है. तदनुसार, 31.03.2011 को आस्थगित कर आस्तियों एवं देयताओं की पहचान की गई है. 31.03.2012 को आस्थगित कर आस्ति और आस्थगित कर देयता के घटकों पर कर प्रभाव निम्न प्रकार हैं:

(₹. करोड़ में)

		31.03.2013	31.03.2012
	आस्थगित कर आस्ति		
1	निवेश पर प्रीमियम का परिशोधन	237.10	210.48
2	कर्मचारी लाभ	261.54	130.77
3	अचल संपत्तियों पर मूल्य ह्रास	18.11	4.45
4	अवकाश नकदीकरण	19.47	8.76
	योग	536.21	354.46
	आस्थगित कर देयता		
1	प्रतिभूतियों के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान	81.92	17.85
2	अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	28.88	31.97
3	प्रतिभूतियों पर उपचित ब्याज	457.11	326.33
	योग	567.90	376.15
	शुद्ध आस्थगित कर देयता	**31.69**	**21.69**
	शुद्ध आस्थगित कर आस्ति		-

15. पिछले वर्ष के आंकड़े यथावश्यक रुप से पुनर्समूहित / पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं.

अनुसूची 1 से 18 के हस्ताक्षरकर्ता

(ए एस पारीख) सहायक महा प्रबंधक	**(मयंक मेहता)** महा प्रबंधक

(के. सुब्रमण्यम) कार्यपालक निदेशक	**(एस. के. जैन)** कार्यपालक निदेशक	**(डी. सरकार)** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डा ए. भट्टाचार्या) निदेशक	**(चंदन सिन्हा)** निदेशक	**(एस के मिश्र)** निदेशक
(बी.एन.भट्टाचार्जी) निदेशक	**(एन. शंकर)** निदेशक	**(डा. अतुल अग्रवाल)** निदेशक
(डी चटर्जी) निदेशक	**(जी के लाठ)** निदेशक	**(डा. आर एच ढोलकिया)** निदेशक
(श्रीमती अनुसुइया शर्मा) निदेशक		

कृते जी.एस.माथुर एंड क़. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र008744एन	**कृते प्राइस पैट एंड कं.** चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र.002783एस	**कृते सिंगरोदिया गोयल एंड कं.** चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र. 112081 डब्ल्यू
(राजीव कुमार वाधवान) भागीदार(एम.नं. 091007)	**(एस.बालासुब्रमणियन)** भागीदार(एम.नं25413)	**(के.वी.एस श्याम सुंदर)** भागीदार(एम.नं. 015747)
कृते जिंदल एंड कं. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र.000844एन	**कृते शाह गुप्ता एंड कं.** चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र. 109574 डब्ल्यू	**कृते वी. रोहतगी एंड कं.** चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स फर्म पंजी.क्र.000980सी
(अखिल जिंदल) भागीदार(एम.नं. 090515)	**(विपुल के. चोकसी)** भागीदार(एम.नं. 037606)	**(वंदना रस्तोगी)** भागीदार(एम.नं. 086956)

मुंबई,
दिनांक :09.05.2013

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण (समेकित)

(₹ लाख में)

क्र सं	विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2013	समाप्त वर्ष 31.03.2012
ए	परिचालन कार्यों से नकदी प्रवाह	18,105	(382,367)
बी	निवेश कार्यों से नकदी प्रवाह	(33,066)	(23,526)
सी	वित्तपोषण कार्यों से नकदी प्रवाह	65,697	(37,006)
		50,736	**(442,899)**
डी	वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष	1,570,384	2,013,283
ई	वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष	1,621,120	1,570,384
एफ	वर्ष के दौरान कुल नकदी प्रवाह (ए+बी+सी) या (ई-डी)	**50,736**	**(442,899)**
	ब्रेकअप विवरण		
ए	**परिचालन कार्यों से नकदी प्रवाह**		
	वर्ष के दौरान अग्रिम, ब्याज आदि से प्राप्त ब्याज	2,501,547	2,070,761
	अन्य आय	286,974	231,697
घटाएं	जमाराशि, उधारों आदि पर दिया गया ब्याज (गौण ऋण को छोड़कर)	(1,695,502)	(1,360,782)
	परिचालन व्यय तथा प्रावधान और आस्मिकताएं	(833,004)	(748,289)
जोड़ें	मूल्य ह्रास के लिये समायोजन	15,550	14,645
I.	परिचालन से प्राप्त नकद लाभ	**275,565**	**208,032**
II.	आस्तियों/देयताओं के परिचालन से नकदी प्रवाह		
	{देयताओं में वृद्धि (कमी)		
	जमाराशियां	4,090,504	2,031,523
	उधार	528,779	459,351
	आस्थगित कर आस्तियों/देयताओं के लिये समायोजन	1,041	(1,238)
	अन्य देयताएं आदि (पूर्व के सालों में किये अधिक प्रावधानों के पुनर्लेखन सहित)	30,137	(5,155)
	आस्तियों में कमी/(वृद्धि)		
	अग्रिम	(3,022,034)	(2,689,601)
	निवेश	(1,870,451)	(470,467)
	अन्य	(15,436)	85,188
	परिचालन आसितयों और देयताओं से नकदी प्रवाह	**(257,460)**	**(590,399)**
	परिचालन कार्यों शुद्ध नकदी प्रवाह (I+II)	**18,105**	**(382,367)**
बी	**निवेश कार्यों से नकदी प्रवाह**		
	अचल आस्तियों का विक्रय/निपटान	4,255	4,564
	अचल आस्तियों की खरीद	(37,321)	(28,090)
	निवेश कार्यों से शुद्ध नकदी प्रवाह	**(33,066)**	**(23,526)**
सी	वित्तपोषण कार्यों से नकदी प्रवाह		
	लाभांश 2011-12	(44,044)	
	लाभांश कर 2011-12	(7,238)	
	लाभांश 2010-11		(41,947)
	लाभांश कर 2010-11		(6,859)
	गौण ऋण टियर II पूंजी के आगम	60,000	-
	टियर IIपूंजी पर ब्याज	(53,216)	(52,715)
	अधीनस्थ अपर टियर II पूंजी		-
	शाश्वत बांड	(39)	-
	पीएनसीपीएस पर ब्याज	(1,055)	(515)
	पीएनसीपीएस	-	-
	भारत सरकार / भारतीय जीवन बीमा निगम से अंश पूंजी	111,289	65,030
	वित्तपोषण कार्यों से शुद्ध नकदी प्रवाह	**65,697**	**(37,006)**

31 मार्च 2013 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण (समेकित)

(₹ लाख में)

क्र सं	विवरण	समाप्त वर्ष 31.03.2013	समाप्त वर्ष 31.03.2012
डी	**वर्ष के आरंभ में नकदी और नकदी समकक्ष**		
	नकदी और रिजर्व बैंक के पास जमा शेष (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	1,163,369	1,764,484
	बैंकों के पास जमा और मांग पर देय जमा	407,015	248,799
	शुद्ध नकद और नकदी समकक्ष	**1,570,384**	**2,013,283**
ई	**वर्ष के अंत में नकदी और नकदी समकक्ष**		
	नकदी और रिजर्व बैंक के पास जमा शेष (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	1,076,322	1,163,369
	बैंकों के पास जमा और मांग पर देय जमा	544,798	407,015
	वर्ष के अंत में शुद्ध नकद और नकद समकक्ष	**1,621,120**	**1,570,384**

(के. सुब्रमण्यम)
कार्यपालक निदेशक

(एस. के.जैन)
कार्यपालक निदेशक

(डी सरकार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

लेखापरीक्षकों का प्रमाणपत्र

हम, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31.03.2013 को समाप्त वर्ष के लिये बैंक के उपर्युक्त नकदी प्रवाह विवरण का सत्यापन किया है. यह विवरण स्टॉक एक्सचेंज के लिस्टिंग करार के खंड 32 की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किया गया है और सदस्यों को दिनांक 9 मई 2013 की हमारी रिपोर्ट में सम्मिलित बैंक के लाभ हानि खाते तथा तुलन पत्र पर आधारित और उसके अनुरूप है.

कृते जी.एस.माथुर एंड क़.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र008744एन

(राजीव कुमार वाधवान)
भागीदार(एम.नं. 091007)

कृते प्राइस पैट एंड कं.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र.002783एस

(एस.बालासुब्रमणियन)
भागीदार(एम.नं25413)

कृते सिंगरोदिया गोयल एंड कं.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र. 112081 डब्ल्यू

(के.वी.एस श्याम सुंदर)
भागीदार(एम.नं. 015747)

कृते जिंदल एंड कं.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र.000844एन

(अखिल जिंदल)
भागीदार(एम.नं. 090515)

कृते शाह गुप्ता एंड कं.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र. 109574 डब्ल्यू

(विपुल के. चोकसी)
भागीदार(एम.नं. 037606)

कृते वी. रोहतगी एंड कं.
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
फर्म पंजी.क्र.000980सी

(वंदना रस्तोगी)
भागीदार(एम.नं. 086956)

मुंबई,

दिनांक :09.05.2013

जोखिम प्रबंधन

नये पूंजी पर्याप्तता संरचना दिशानिर्देश के अंतर्गत प्रकटन

बासल II (स्तंभ 3)मार्च 2013

इस रिपोर्ट के प्रकटन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्णत:) से संबंधित हैं. बैंक का जोखिम भारित आस्तियों के सापेक्ष पूंजी अनुपात (सीआरएआर) निम्नानुसार है :

सीआरएआर %	11.45%
सीआरएआर-टियर 1 पूंजी%	8.23%
सीआरएआर - टियर 2 पूंजी %	3.22%

तालिका डीएफ-1

1. प्रयुक्ति की परिधि

गुणात्मक प्रकटन

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है.सहायक कारोबार के रूप में यूनियन केबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी में 51% हिस्सेदारी है. कंपनी ने तरलता, इक्विटी और ऋण निधि के अंतर्गत नौ योजनाएं प्रारंभ की हैं.

बैंक ने 1 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक, वाराणसी प्रायोजित किया हैं. इन आरआरबी में बैंक ने ₹ 15.96 करोड़ का निवेश किया है. यह आरआरबी लाभ कमा रही हैं और संतोषजनक ढंग से कार्यरत हैं. इस आरआरबी में कोई भी पूंजी अभाव नहीं है. इस आरआरबी के वित्तीय आंकड़ों को बैंक के तुलन पत्र में समाहित नहीं किया गया है.

मात्रात्मक प्रकटन

बैंक ने बीमा के लिए संयुक्त उपक्रम करार किया है, जिसकी जानकारी नीचे दी गयी है तथा इस संयुक्त उपक्रम में किए गए निवेश को बैंक की पूंजी निधि में से घटाया नहीं गया है; किंतु जोखिम भारित निवेश के तौर पर लिया गया है, क्योंकि यह निवेश कंपनी की चुकता पूंजी के 30% से कम है.

- स्टार यूनियन दाइ-इची (एसयूडी) जीवन बीमा कंपनी, चुकता पूंजी में 26% अंशदान के साथ (बैंक ऑफ इंडिया 48% तथा दाइ-इची म्यूचुअल जीवन बीमा, जापान - 26%).

स्टार यूनियन दाइ-इची (एसयूडी) जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड का ब्यौरा

कंपनी का नाम :	**स्टार यूनियन दाइ-इची (एसयूडी) जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड**
समामेलन का देश :	भारत
स्वामित्व हित का अनुपात :	26%
वोट देने की शक्ति का अनुपात :	25% (अर्थात 2 वोट)
एसयूडी जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड की अधिकृत पूंजी	₹ 250.00 करोड़
चुकता पूंजी :	₹ 250.00 करोड़
चुकता पूंजी में यूनियन बैंक का हिस्सा (26%) :	₹ 65 करोड़

बैंक ने म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए भी यूनियन केबीसी असेट मैनेजमेंट कं.बेल्जियम के साथ संयुक्त उपक्रम करार किया है. इस कंपनी में निवेश की गयी राशि पूंजी निधि से (टियर I से 50% और टियर 2 से 50%) घटा दी गयी है चूंकि निवेश की राशि कंपनी की चुकता पूंजी के 30 प्रतिशत से अधिक है.

इसके अंतर्गत एक संपदा प्रबंधन कंपनी और एक ट्रस्टी कंपनी का गठन किया गया है. इन कंपनियों के विवरण इस प्रकार हैं :

यूनियन केबीसी असेट प्रबंधन कंपनी प्रा. लि.के ब्यौरे

कंपनी का नाम :	**यूनियन केबीसी असेट प्रबंधन कं प्रा लि**
समामेलन का देश :	भारत
स्वामित्व हित का अनुपात :	51%
वोट देने की शक्ति का अनुपात :	50% (अर्थात 2 वोट)
यूनियन केबीसी असेट प्रबंधन कं प्रा लि की अधिकृत पूंजी	₹ 100.00 करोड़
चुकता पूंजी :	₹ 95.00 करोड़
चुकता पूंजी में यूनियन बैंक का हिस्सा (51%) :	₹ 48.45 करोड़

यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्रा लि के ब्यौरे

कंपनी का नाम :	**यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्रा. लिमिटेड**
समामेलन का देश :	भारत
स्वामित्व हित का अनुपात :	51%
वोट देने की शक्ति का अनुपात :	50% (अर्थात 1 वोट)
यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्रा.लिमिटेड की अधिकृत पूंजी	₹ 5 लाख
यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्रा.लिमिटेड की चुकता पूंजी	₹ 5 लाख
चुकता पूंजी में यूनियन बैंक का हिस्सा (51%) :	₹ 2.55 लाख

तालिका डीएफ-2

2. पूंजी संरचना

गुणात्मक प्रकटन

2.1 **अंश पूंजी:**

2.1.1. बैंक की अधिकृत अंश पूंजी ₹ 3000.00 करोड़ है. 31 मार्च 2013 को बैंक की निर्गमित, अभिदत्त एवं चुकता पूंजी ₹ 596.79 करोड़ थी, जिसमें शामिल प्रत्येक रू.10/- मूल्य वाले शेयरों की संख्या 59,67,94,209 है. 57.89% शेयरधारिता, जिसमें दिनांक 31.03.2013 को शामिल शेयरों की संख्या 34,54,59,689 है, भारत सरकार के पास है. वर्ष के दौरान, बैंक को भारत सरकार से, ₹ 10/- अंकित मूल्य के 4,62,45,174 शेयर वरीयता आधार पर, ₹ 230.89 के प्रीमियम पर जारी करके सकल ₹ 1114.00 करोड़ की पूंजी प्राप्त हुई है. परिणाम स्वरुप भारत सरकार की शेयरधारिता 54.35% से बढ़कर 57.89% हो गई है. बैंक के शेयर राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध हैं.

2.2 ऋण पूंजी लिखत :

2.2.1. बैंक ने नमोन्वेषी शाश्वत बांड (टियर 1 पूंजी) तथा टियर 2 पूंजी में शामिल किए जाने हेतु पात्र अन्य बांड भी जारी किए हैं. बांडों की कुछ महत्वपूर्ण शर्तें इस प्रकार हैं:

ए. वचन पत्र के रूप में शाश्वत गैर-जमानती अपरिवर्तनीय अधीनस्थ बांड (टियर 1 बांड)

श्रेणी	आबंटन की तिथि	बांड की रकम (करोड़ ₹ में)	कूपन दर	अवधि	कॉल ऑप्शन	पुट ऑप्शन
X - प्रथम ट्रांस	10.10.2006	300	10 वर्ष तक 9.45 10वें वर्ष से स्टेप अप 9.95, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न किया गया हो.	शाश्वत	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XI-अपर टियर प्रथम ट्रांस	12.12.2007	200	10 वर्ष तक 9.90 10वें वर्ष से स्टेप अप 10.40, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न किया गया हो.	शाश्वत	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XII	09.09.2008	200	10 वर्ष तक 11.15% 10वें वर्ष से स्टेप अप 11.65%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न किया गया हो.	शाश्वत	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XII	30.03.2009	140	10 वर्ष तक 9.10% 10वें वर्ष से स्टेप अप 9.60%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	शाश्वत	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XIV-A	16.06.2009	200	10 वर्ष तक 8.85% 10वें वर्ष से स्टेप अप 9.35%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	शाश्वत	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
कुल		**1040**				

बी. वचन पत्र के रूप में गैर-जमानती, शोध्य अपरिवर्तनीय अधीनस्थ बांड (अपर टियर 2 बांड) 10वें वर्ष की समाप्ति पर कॉल ऑप्शन के साथ

श्रेणी	आबंटन की तिथि	बांड की रकम (करोड़ ₹ में)	कूपन दर(प्र.व)	परिपक्वता	कॉल ऑप्शन	पुट ऑप्शन
X - द्वितीय ट्रांस अपर टीयर 2	16.10.2006	750	08.95% 10वें वर्ष से स्टेप अप 09.45%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	16.10.2021	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XIV-B - अपर टीयर 2	25.06.2009	500	08.65% 10 वर्ष तक 10वें वर्ष से स्टेप अप 09.15%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	25.06.2024	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XIV-C - अपर टीयर 2	27.01.2010	500	08.55% 10 वर्ष तक 10वें वर्ष से स्टेप अप 09.05%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	27.01.2025	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
XV-A - अपर टीयर 2	28.06.2010	500	08.48% 10 वर्ष तक 10वें वर्ष से स्टेप अप 8.98%, यदि काल ऑप्शन का प्रयोग न हो.	28.06.2025	10 वे वर्ष के अंत में	कोई नहीं
योग		**2250.00**				

सी. वचन पत्र के रूप में गैर-जमानती, शोध्य, अपरिवर्तनीय अधीनस्थ बांड (टीयर 2 बांड)

श्रेणी	आबंटन की तिथि	बांड की रकम (करोड़ ₹ में)	कूपन दर	परिपक्वता	कॉल ऑप्शन	पुट ऑप्शन
VI	03.09.2003	250	5.95%	03.05.2013	कोई नहीं	कोई नहीं
VII	08.02.2005	450	7.15%	08.05.2015	कोई नहीं	कोई नहीं
VIII	23.09.2005	600	7.45%	23.04.2015	कोई नहीं	कोई नहीं
IX	19.05.2006	200	8.33%	19.05.2016	कोई नहीं	कोई नहीं
XI- प्रथम ट्रांस	12.12.2007	400	9.35%	12.04.2018	कोई नहीं	कोई नहीं
XII	17.09.2008	400	10.95%	17.09.2018	कोई नहीं	कोई नहीं
XII	23.12.2008	200	9.50%	23.12.2018	कोई नहीं	कोई नहीं
XII	30.12.2008	200	8.60%	30.12.2018	कोई नहीं	कोई नहीं
XVI-बी	28.12.2012	800	8.90%	28.12.2022	कोई नहीं	कोई नहीं
कुल		**3500**				

डी. कुल सक्रिय बांड

(₹ करोड़ में)

कुल सक्रिय बांड (ए+बी+सी)	**6790**

मात्रात्मक प्रकटन

2.3 बैंक की टियर 1 पूंजी में शामिल है : (₹ करोड़ में)

i)	चुकता अंश पूंजी	707.79
ii)	आरक्षित पूंजी (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित पूंजी को छोड़कर)	15092.63
iii)	नवोन्वेषी शाश्वत बांड	1040.00
iv)	अन्य पूंजी लिखत	--
कटौतियाँ		
v)	अनुषंगियों में निवेशित अंश (50%)	7.98
vi)	सब्सिडियरी में इक्विटी निवेश (50%)	24.24
vii)	अमूर्त आस्तियाँ (आस्थगित कर आस्तियाँ + कंप्यूटर सॉफ्टवेयर.	22.96
टियर 1 पूंजी (i + ii + iii + iv - v - vi-vii)		16785.24

2.4 टियर 2 पूंजी (कटौतियों के बाद) की राशि ₹ 6555.61 करोड़ है.

2.4.1. अपर टियर 2 पूंजी में शामिल किये जाने हेतु पात्र ऋण पूंजी:

(₹ करोड़ में)

कुल बकाया रकम	2250
जिसमें से चालू वर्ष के दौरान प्राप्त की गई रकम	----
पूंजी कोष के रुप मे चिह्नित पात्र रकम	2250

2.4.2. लोअर टियर 2 पूंजी में शामिल किये जाने हेतु पात्र अधीनस्थ ऋण:

(रू. करोड़ में)

कुल बकाया रकम	3500
जिसमें से चालू वर्ष के दौरान प्राप्त की गई रकम	800
पूंजी कोष के रुप मे चिह्नित पात्र रकम	2540

2.5 पूंजी में अन्य कोई कटौती नहीं है.

2.6 कुल पात्र पूंजी में शामिल हैं :

(₹ करोड़ में)

टियर I पूंजी	16785.24
टियर II पूंजी	6555.61
कुल पूंजी निधियां	23340.85

तालिका डीएफ-3

3. पूंजी पर्याप्तता

गुणात्मक प्रकटन

3.1. बैंक अंशधारकों, खासकर जमाकर्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु अनावृत, कारोबार आदि के मूल्य में हानि की जोखिम से सुरक्षा के रूप में पूंजी रखता है.

3.2. वर्तमान एवं भावी कारोबार कार्यकलापों के आधार पर पूंजी आवश्यकताओं को निर्धारित करने के लिए बैंक में उचित प्रणाली कार्यरत है तथा निरंतर उसका अनुश्रवण किया जाता है. बैंक का मानना है कि पूंजी उपलब्धता संपूर्ण प्रक्रिया का केंद्रीय विषय है और इसकी गणना को नीति, रणनीति, कारोबार स्तर / संघटन, पर्यवेक्षी सरोकार एवं प्रकटन मुद्दों से जोड़ा जा सकता है. इस दिशा में बैंक ने आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आइ-सीएएपी) का एक अच्छा ढांचा तैयार किया है तथा स्तंभ 1 पूंजी गणना के अलावा बासल-II के स्तंभ 2 के अंतर्गत भी आवधिक अंतराल पर पूंजी गणना की जाती है. बैंक ने पूंजी पर्याप्तता पर प्रतिकूल दबाव परिदृश्यों के प्रभाव को आवधिक आधार पर मापने के लिए दबाव जांच नीति बनायी है.

3.2.1 रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, बैंक ने नये पूंजी पर्याप्तता ढांचा - बासल-II को लागू करने के लिए निम्नलिखित अवधारणाओं को अपनाया है :

- ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत अवधारणा
- परिचालनात्मक जोखिम के लिए मूल सूचक अवधारणा
- बाजार जोखिम के लिए मानक अवधि अवधारणा

3.2.2 बैंक ने पूंजी आवश्यकताओं एवं तिमाही आधार पर उसकी समीक्षा करने की योजना बनाई है. बैंक ने 2013 तक पूंजी का मूल्यांकन किया है.

मात्रात्मक प्रकटन

3.2.3 दिनांक 31 मार्च, 2013 को ऋण, बाजार एवं परिचालन जोखिम और पूंजी पर्याप्तता अनुपात का सारांश इस प्रकार है :

(₹ करोड़ में)

ए.	ऋण जोखिम के लिए पूंजी की आवश्यकता	
-	मानक दृष्टिकोण के अध्यधीन संविभाग @ 9%	16203.06
-	प्रतिभूतिकरण निवेश	0
बी.	बाजार जोखिम के लिए पूंजी आवश्यकता	
-	मानक अवधि दृष्टिकोण	629.57
-	ब्याज दर जोखिम	12.15
-	विदेशी मुद्रा जोखिम (स्वर्ण सहित)	350.42
-	ईक्विटी जोखिम	
सी.	परिचालन जोखिम के लिए पूंजी की आवश्यकताएं	
-	मूल संकेतक दृष्टिकोण (आरडब्ल्यूए - 12868 करोड़ @ 9%)	1158.12
डी.	बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	11.45%
ई.	टियर 1 सीआरएआर (%)	8.23%

सामान्य गुणात्मक प्रकटन

3.3 जोखिम प्रबंधन : उद्देश्य एवं संगठनात्मक संरचना

बैंक के पास एक विश्वसनीय एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन संरचना है और बैंक ने जोखिम प्रबंधन कार्यों को मजबूत बनाने के लिए कई पहल की हैं. बैंक जोखिम प्रबंधन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण रखता है. जोखिम प्रबंधन नीतियां कारोबार की आवश्यकताओं के अनुरूप और भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं. जोखिम प्रबंधन सिस्टम में विभिन्न प्रकार के जोखिम आते हैं, जैसे ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम.

बैंक ने अपनी हांगकांग एवं दुबई शाखा के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित देश-विशेष जोखिम नीति भी बनाई है और यह हांगकांग एवं दुबई की अर्थव्यवस्था के जोखिम आयामों एवं बैंक की जोखिम क्षमता के आधार पर तैयार की गई है.



बैंक का निदेशक बोर्ड बैंक के जोखिम प्रबंधन कार्यों का पर्यवेक्षण करता है. जोखिम प्रबंधन पर बैंक के निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति विभिन्न जोखिम प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण करने के लिए शीर्ष निकाय/ समिति है. बैंक के शीर्ष कार्यपालकों की अलग समितियां भी हैं, यथा ऋण जोखिम प्रबंधन समिति, आस्ति एवं देयता समिति (आल्को) और परिचालन जोखिम समिति जो क्रमशः ऋण, बाजार एवं परिचालन जोखिम की देख-रेख करती हैं. इसके अतिरिक्त, बैंक की जोखिम प्रबंधन संगठनात्मक संरचना न केवल केन्द्रीय कार्यालय में अपितु क्षेत्रीय कार्यालयों/ क्षेत्र महा प्रबंधक कार्यालयों में भी है. बैंक की व्यापक जोखिम प्रबंधन संगठनात्मक संरचना नीचे प्रस्तुत की गई है :

3.3.1. ऋण जोखिम

ऋण जोखिम प्रशासन

- ऋण जोखिम में ब्याज एवं किस्तों का भुगतान देय तिथि पर न करने के कारण उधारकर्ता या काउंटर-पार्टी का अपनी वचनबद्धताओं का आदरण करने की अक्षमता शामिल है.
- बैंक उधार एवं निवेश कार्यों के जरिये ऋण जोखिम उठाता है.
- बैंक के पास सुनिर्धारित ऋण नीति, ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, रीयल एस्टेट नीति और ऋण जोखिम शमन (सीआरएम) तकनीकें एवं सम्पार्श्विक प्रतिभूति प्रबंधन नीति हैं, जिनमें ऋण जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के सम्पूर्ण कार्य शामिल हैं. ऋण नीति एवं ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में लक्ष्य-बाजार, जोखिम स्वीकरण/ अस्वीकरण, जोखिम संयम, विविधीकरण एवं संकेन्द्रन के वरीयता प्राप्त स्तर, ऋण जोखिम मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं नियंत्रण तंत्र के बारे में दिया गया है.
- बैंक के पास ऋण जोखिम का प्रबंधन करने के लिए निरीक्षण तंत्र सहित एक उपयुक्त एवं स्वतंत्र संगठनात्मक संरचना है, जिसमें शीर्ष कार्यपालकों की ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी) और ऋण जोखिम पर्यवेक्षण के लिए एक अलग जोखिम प्रबंधन विभाग भी है. इसके अलावा, एक अलग बोर्ड स्तरीय समिति अर्थात् जोखिम प्रबंधन एवं एएलएम की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने के लिए बोर्ड की पर्यवेक्षी समिति है.
- ऋण जोखिम प्रबंधन समिति ,ऋण नीति, पद्धतियों से संबंधित मामले देखती है और बैंक-व्यापी आधार पर ऋण जोखिम के लिए नियंत्रण के उपाय करती है.

ऋण मंजूरी प्रक्रिया

- बैंक की ऋण नीति में ऋण मंजूरी प्रक्रिया पर विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ निम्नलिखित शामिल है :
  - महत्वपूर्ण और गैर-महत्वपूर्ण क्षेत्र
  - ड्यू डिलीजेंस मानदंड
  - केवाइसी मानदंड
  - वित्त मूल्यांकन की विधियां
  - न्यूनतम ऋण मानक
  - टेक ओवर कोड मानदंड आदि

ऋण अनुश्रवण प्रणाली :

- ऋण अनुश्रवण एक सतत प्रकिया है. बैंक के पास ऋण अनुश्रवण की एक अलग नीति है, जिसमें निम्नलिखित पर दिशानिर्देश दिए गए हैं :
  - ईएएस/ एसएमए खातों की पहचान और समय पर कार्रवाई शुरु करने के लिए प्रेरक बिन्दु
  - ऋण की गुणवत्ता के आधार पर उधार खातों की समीक्षा की समयावधि. न्यून क्रेडिट रेटिंग वाले उधारकर्ता बार-बार (आवर्ती) समीक्षा के अध्यधीन हैं.
  - आवधिक अनुश्रवण रिपोर्टों का प्रस्तुतीकरण
  - अनुश्रवण के लिए विभिन्न चरणबद्ध स्तर.

क्रेडिट रेटिंग ढांचा (फ्रेमवर्क)

- बैंक के पास ऋण प्रशासन एवं अनुमोदन प्रक्रिया के लागू होने वाले आंतरिक क्रेडिट रेटिंग/ स्कोरिंग मॉडल्स हैं. क्रेडिट रेटिंग ढांचा परिमाणात्मक एवं गुणात्मक पहलुओं का संयोग है. क्रेडिट रेटिंग ऋण की गुणवत्ता का चित्रण करती है और चूक की संभावना की भविष्यवाणी करती है.
- क्रेडिट रेटिंग मॉडल्स उधारकर्ताओं की क्रेडिट रेटिंग, गैर-एसएलआर निवेश, अन्तर बैंक एक्सपोजर और एनबीएफसी में एक्सपोजर निवेश के लिए बनाये गये हैं.
- क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल्स खुदरा ऋण स्कीमों के लिए बनाये गये हैं.
- क्रेडिट रेटिंग का कार्य स्वतंत्रतापूर्वक किया जाता है और क्रेडिट रेटिंग की समीक्षा वार्षिक रुप से की जाती है तथा उच्च जोखिम के ऋणों के लिए छमाही में की जाती है.
- मानक श्रेणी में 8 जोखिम मूल्यांकन स्तर (ग्रेड) हैं और क्रेडिट रेटिंग- 5 तक "निवेश ग्रेड" निर्धारित किया गया है.

- बैंक उधारकर्ताओं के मूल्यांकनवार वितरण पर आभारी (obligor) आधार पर और संविभाग आधार पर आवधिक अंतरालों में विश्लेषण करता है और उसका अनुश्रवण करता है.

ऋण अनुमोदन ग्रिड प्रणाली

- बैंक ने जोखिम प्रबंधन विभाग के प्रतिनिधित्व के साथ सभी ऋण निवेशों की जांच के लिए क्षेत्रीय कार्यालय/क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय और केन्द्रीय कार्यालय में व्यापक ऋण अनुमोदन ग्रिड प्रणाली स्थापित की है.
- सरकार के नवीनतम दिशानिदेश और बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार, ऋण अनुभाग के लिए बैंक ने क्षेत्रीय कार्यालय में ऋण अनुमोदन समिति (सीएसी), क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय और केंद्रीय कार्यालय के लिए ऋण अनुभाग प्रारंभ किया है. जोखिम प्रबंधन का सभी सीएसी में प्रतिनिधित्व है.

ऋण संकेन्द्रण जोखिम

- ऋण संकेन्द्रण निम्नलिखित उपायों द्वारा हल किया गया है:
- बैंक ने ऋण संविभाग के विविधीकरण के लिए अग्रिमों की विभिन्न श्रेणियों हेतु विवेकपूर्ण/नियंत्रण सीमाएं निर्धारित की हैं.
- बैंक निवेश सीमाओं के पालन का अनुश्रवण तिमाही आधार पर करता है. बैंक के पास मासिक अनुश्रवण रिपोर्ट के जरिये बड़े निवेशों का अनुश्रवण करने का एक सुस्थापित सिस्टम भी है. बैंक का ऋण संविभाग किसी भी क्षेत्र में संकेन्द्रण को कम करने के लिए अच्छा लचीला है. बैंक के ऋण संविभाग विविधीकरण के वांछित स्तर से नीचे आने की स्थिति में जोखिम को व्यक्तिगत समूह निवेश/उद्योग/क्षेत्र आदि से शिफ्ट करने के लिए तत्काल उपाय किए जाते हैं.
- बैंक की ऋण जोखिम क्षमता विभिन्न प्रकार के निवेशों के लिए ऋण सीमाएं/विवेकपूर्ण सीमाएं निर्धारित करके आंतरिक पूंजी पर्याप्तता निर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के माध्यम से परिभाषित की गई है. इनका अनुश्रवण आईसीएएपी के मूल्यांकन के जरिए तिमाही आधार पर किया जाता है.

जोखिम प्रोफाइल

- बैंक तिमाही आधार पर क्रेडिट रिपोर्ट प्रोफाइल टेम्पलेट (आरपीटी) का संकलन भी करता है जिसके द्वारा यह निम्नलिखित आधार पर स्वाभाविक कारोबार जोखिम, आंतरिक नियंत्रण जोखिम और एकल उधारकर्ता/समूह उधारकर्ताओं को परिणामी शुद्ध ऋण सुविधा के आधार पर ऋण जोखिम के स्तर एवं दिशा का मूल्यांकन करता है .
- बैंक ने एकल ऋणी/ समूह ऋणी हेतु उच्चतम सीमा भी निर्धारित की है.
- बड़ी ऋण सीमाएं
- संवेदनशील क्षेत्रों यथा पूंजी बाजार/रीयल एस्टेट और एनबीएफसी को एक्सपोजर
- अप्रतिभूत अग्रिम एवं गारंटियां
- शीर्ष 20 उधारकर्ताओं को एक्सपोजर
- उद्योगों /क्षेत्रों को एक्सपोजर
- भौगोलिक क्षेत्र वार एक्सपोजर
- तुलन पत्र वाह्य ऋण एक्सपोजर

3.3.2 बाजार जोखिम

- बाजार जोखिम प्रबंधन ट्रेजरी नीति और एएलएम नीति में आता है.
- ट्रेज़री परिचालन में फ्रंट आफिस, बैक आफिस और मिड आफिस में स्पष्ट रुप से भेद किया गया है.
- मिड आफिस जोखिम प्रबंधन विभाग को सीधे रिपोर्ट करता है.
- घरेलू एवं विदेशी विनिमय परिचालनों के लिए विभिन्न ऋण सीमाएं यथा ओवरनाइट पोजीशन सीमा, डे-लाइट ओपन पोजीशन सीमा, वीएआर सीमा, डील साइज सीमा, स्टाप हानि सीमा, सकल गैप सीमा (आईजीएल), एकल गैप लिमिट काउंटर पक्षकार सीमा आदि विद्यमान हैं.
- ट्रेडिंग के लिए धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध सरकारी प्रतिभूतियों, इक्विटी पोर्टफोलियो तथ विदेशी मुद्रा संव्यवहारों के जोखिम मूल्य (वीएआर)पर दैनिक आधार पर नजर रखी जाती है.

3.3.2.1 बैंक बही में ब्याज दर जोखिम

- बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार ईक्विटी के बाजार मूल्य पर ब्याज दरों में 200 बीपीएस तक परिवर्तन के प्रभाव जानने के लिए आवधिक गैप विश्लेषण (डीजीए) करता है.

3.3.3 परिचालन जोखिम

- बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक सु-निर्धारित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति विद्यमान है.
- वर्तमान में, परिचालन जोखिम का प्रबंधन आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया के जरिये किया जाता है.
- न्यू प्रॉडक्ट अनुमोदन प्रक्रिया विद्यमान है.
- आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावोत्पादकता जानने के लिये धोखाधड़ियों का विश्लेषण परिचालन जोखिम के दृष्टिकोण से किया जाता है.
- बैंक की गतिविधियों एवं आय के चित्रण के दिशानिर्देश विद्यमान हैं.
- बैंक विभिन्न उत्पादों/ प्रक्रियाओं के संबंध में जोखिम और नियंत्रण स्वमूल्यांकन(आरसीएसए)संचालित करता है.
- चूंकि आंतरिक परिचालन जोखिम हानि आंकड़ा बिन्दु सीमित संख्या में होते हैं, इसलिए बैंक ने सिद्धांततः आईबीए के बाह्य डाटा पूलिंग कार्य के साथ चलने पर सहमति दी है.

टेबल डीएफ - 4

गुणात्मक प्रकटन

4. **ऋण जोखिम - सामान्य प्रकटन**

4.1 **अतिदेय :** बैंक द्वारा निर्धारित देय तिथि पर किसी भी ऋण सुविधा के अंतर्गत बैंक को देय कोई भी रकम का भुगतान न किए जाने की स्थिति में वह "अतिदेय" (ओवरड्यू) हो जाती है.

4.2 **अनर्जक आस्ति :** अनर्जक आस्ति एक ऐसा ऋण या अग्रिम है जिससे बैंक की आय का अर्जन नहीं होता. गैर-निष्पादित आस्ति में निम्नलिखित ऋण या अग्रिम शामिल हैं :

ए मीयादी ऋण के मामले में 90 दिन से अधिक अवधि के लिए मूलधन का ब्याज और/या किस्त अतिदेय हो जाना.

बी. कोई ओवरड्राफ्ट/ नकद साख (ओडी/ सीसी) खाता अनियमित हो जाता है यदि

- बकाया शेष, मंजूरी सीमा/आहरण शक्ति से लगातार आधिक्य में रहता है
- ऐसे मामलों में जहां मूलधन परिचालन खाते में बकाया शेष मंजूर सीमा/आहरण शक्ति से कम होता है, परन्तु बैलेंस शीट की तारीख पर लगातार 90 दिन तक उसमें कोई जमा नहीं होता और जमा रकम उस अवधि के दौरान नामे किये गये ब्याज को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होती.

सी. खरीदे गए एवं भुनाए गए बिलों के मामले में बिल 90 दिन से अधिक अवधि तक अतिदेय होने की स्थिति में

डी फसल ऋण के मामले में

1. मूलधन या उस पर ब्याज की किस्त अल्प अवधि की फसलों के मामले में दो फसल सीजन के लिए अतिदेय रहने पर
2. लम्बी अवधि की फसल के मामले में मूलधन या उस पर ब्याज की किस्त एक फसल सीजन के लिए अतिदेय रहने पर.

ई. किसी तिमाही के दौरान प्रभारित ब्याज (मासिक ब्याज सहित) तिमाही के अंत से 90 दिन की अवधि में पूर्णत: प्राप्त न होने पर .

एफ. अन्य खातों के मामले में प्राप्त होने वाली कोई भी रकम 90 दिन से अधिक अवधि हेतु अतिदेय रहने पर.

4.3 **ऋण जोखिम प्रबंधन नीति** : बैंक के पास ऋण नीति के अतिरिक्त बोर्ड द्वारा अनुमोदित ऋण जोखिम प्रबंधन नीति है. ऋण नीति में कारोबार के मामले आते हैं, जबकि ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में जोखिम के मामले आते हैं. ऋण जोखिम प्रबंधन नीति में निम्नलिखित पर दिशानिर्देश दिए गए हैं :-

- ऋण जोखिम मूल्यांकन ढांचा एवं मूल्य निर्धारण
- ऋण ग्रिड अवधारणा / ऋण अनुमोदन समिति
- विवेकपूर्ण मानदण्ड/ विनियामक उच्चतम सीमा जैसे उद्योगवार ऋण जोखिम, संवेदनशील ऋण जोखिम (पूंजी बाजार/स्थावर संपदा ऋण जोखिम),
- ऋण समीक्षा तंत्र,
- पोर्टफोलियो प्रबंधन,
- तुलन-पत्र बाह्य ऋण जोखिम,
- समस्यामूलक ऋण प्रबंधन,
- बासल II कार्यान्वयन, आदि.

मात्रात्मक प्रकटीकरण

4.4 **पूर्ण सकल ऋण जोखिम निम्न हैं:**

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	राशि
निधि आधारित	211911
गैर निधि आधारित	35099
कुल	247010

4.5 **ऋण जोखिम का भौगोलिक क्षेत्रवार संवितरण**

(₹ करोड़ में)

	समुद्रपारीय	घरेलू
निधि आधारित	13017	198894
गैर निधि आधारित	652	34447
कुल	13669	233341

4.6 **एक्सपोजर (निधि आधारित) का उद्योगवार वितरण निम्नानुसार है:**

क्रमांक	कोड	उद्योग	31.03.2013	
			राशि (₹ करोड़ में)	% एक्सपोजर
1	1	कोयला	51.84	0.02
2	2	खनन	354.49	0.17
3	3	लोहा एवं इस्पात	7996.78	3.77
4	4	अन्य धातु व धातु उत्पाद	4168.69	1.97
5	5	समस्त इंजीनियरिंग	3292.39	1.55
6	6	विद्युत	150.94	0.07
7	7	सूती कपड़ा	2247.62	1.06
8	8	जूट कपड़ा	32.08	0.02
9	9	अन्य कपड़ा	3587.95	1.69
10	10	शक्कर	1765.77	0.83
11	11	चाय	209.80	0.10
12	12	खाद्य प्रसंस्करण	3445.00	1.63
13	13	खाद्य तेल और वनस्पति	687.77	0.32
14	14	तंबाकू व तंबाकू उत्पाद	39.58	0.02
15	15	कागज व कागज उत्पाद	672.01	0.32
16	16	रबर व रबर उत्पाद	1040.50	0.49

क्रमांक	कोड	उद्योग	31.03.2013	
			राशि (₹ करोड़ में)	% एक्सपोजर
17	17	रसायन,रंगाई,पैंट,आदि	3844.63	1.81
		जिसमें से उर्वरक	(958.72)	(0.45)
		जिसमें से पेट्रो-रसायन	(155.03)	(0.07)
18	18	सीमेन्ट	1187.59	0.66
19	19	चमड़ा व चमड़ा उत्पाद	275.08	0.15
20	20	रत्न एवं जेवरात	3919.29	2.16
21	21	निर्माण	2987.94	1.65
22	22	पेट्रोलियम	5241.25	2.90
23	23	ऑटोमोबाइल ट्रक सहित	1194.08	0.66
24	24	कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	1077.07	0.59
25	25	आधारभूत संरचना	34722.87	19.18
26	26	एनबीएफसी	15035.70	8.31
27	27	अन्य उद्योग	2211.27	1.22
		कुल	**101439.98**	**47.87**
28	28	अवशिष्ट अन्य अग्रिम	110471.02	52.13
		कुल योग	**211911.00**	**100.00**

एक्सपोजर (गैर-निधि आधारित) का उद्योग प्रकार वितरण निम्नानुसार है:

क्रमांक	कोड	उद्योग	31.03.2013	
			राशि (₹ करोड़ में)	ऋण जोखिम %
1	1	कोयला	28.65	0.08
2	2	खनन	37.21	0.11
3	3	लोहा एवं इस्पात	1835.26	5.23
4	4	अन्य धातु व धातु उत्पाद	680.47	1.94
5	5	समस्त इंजीनियरिंग	1282.16	3.65
6	6	विद्युत	27.29	0.08
7	7	सूती कपड़ा	201.87	0.58
8	8	जूट कपड़ा	0.01	0.00
9	9	अन्य कपड़ा	609.34	1.74
10	10	शक्कर	9.04	0.03
11	11	चाय	5.70	0.02
12	12	खाद्य प्रसंस्करण	320.49	0.91
13	13	खाद्य तेल और वनस्पति	231.11	0.66
14	14	तंबाकू व तंबाकू उत्पाद	24.26	0.07
15	15	कागज व कागज उत्पाद	20.82	0.06
16	16	रबर व रबर उत्पाद	226.83	0.65
17	17	रसायन, रंगाई, पैंट, आदि	443.26	1.26
		जिसमें से उर्वरक	(2.75)	0.02
		जिसमें से पेट्रो-रसायन	(23.59)	0.07

क्रमांक	कोड	उद्योग	31.03.2013	
			राशि (₹ करोड़ में)	ऋण जोखिम %
18	18	सीमेन्ट	56.59	0.16
19	19	चमड़ा व चमड़ा उत्पाद	75.78	0.22
20	20	रत्न एवं जेवरात	297.89	0.85
21	21	निर्माण	1801.66	5.13
22	22	पेट्रोलियम	30.22	0.09
23	23	ऑटोमोबाइल ट्रक सहित	1517.16	4.32
24	24	कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	140.74	0.40
25	25	आधारभूत संरचना	2506.61	7.14
26	26	एनबीएफसी	110.00	0.31
27	27	अन्य उद्योग	3136.84	8.94
		कुल	**15657.26**	**44.61**
28	28	अवशिष्ट अन्य अग्रिम	19441.74	55.39
		कुल योग	**35099.00**	**100.00**

4.7. आस्तियों का संविदागत परिपक्वता वर्गीकरण :

(₹ करोड़ में)

परिपक्वता पैटर्न	अग्रिम	निवेश (कुल)	विदेशी मुद्रा आस्तियां
आगामी दिवस	3298.51	666.86	1878.10
2-7 दिन	6295.10	749.84	1271.04
8-14 दिन	2856.04	543.54	696.00
15-28 दिन	8018.79	125.00	2449.90
29 दिन -3 माह	24002.69	1909.83	5124.71
>3 माह -6 माह	22114.91	2407.04	5650.68
>6 माह- 1 वर्ष	28103.93	2127.02	1393.07
>1 वर्ष-3 वर्ष	70920.40	11454.39	1695.71
>3 वर्ष-5वर्ष	21003.55	11290.60	2242.55
>5 वर्ष	21388.27	49556.33	1572.75
कुल	208102.19	80830.45	23974.51

4.8 कुल एनपीए निम्नानुसार हैं :

श्रेणी	(₹ करोड़ में)
अवमानक	3090
संदिग्ध-1	1832
संदिग्ध-2	1187
संदिग्ध-3	133
हानि	72
कुल एनपीए (सकल)	6314

4.9. निवल एनपीए की राशि रु.3353 करोड़ है.

4.10 एनपीए अनुपात निम्नानुसार है:

- कुल अग्रिमों का कुल एनपीए : 2.98%
- शुद्ध अग्रिमों का शुद्ध एनपीए : 1.61%

4.11 शुद्ध एनपीए का संचरण निम्नानुसार है: (₹ करोड़ में)

1.वर्ष के प्रारंभ में प्रारंभिक शेष	5449.86
2.वर्ष के दौरान संवृद्धि	3973.75
3.वर्ष के दौरान कमी	3109.78
4.वर्ष के अंत में अंतिम शेष (i+ii-iii)	6313.83

4.12 एनपीए के लिए प्रावधान का संचरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

1.वर्ष के आरंभ में प्रारंभिक शेष	2350.35
2.वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	1555.52
3.वर्ष के दौरान किए गए अपलेखन /पुनरांकन	1088.25
4.वर्ष के अंत में अंतिम शेष (i+ii-iii)	2817.62

4.13 गैर-निष्पादित निवेश की राशि रु 47.63 करोड़ है.

4.14 गैर-निष्पादित निवेश के लिए धारित प्रावधानों की राशि रु 44.33 करोड़ है.

4.15 निवेश पर ह्रास के लिए प्रावधान की गति निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

1.वर्ष के आरंभ में प्रारंभिक शेष	160.67
2.वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	243.96
3.वर्ष के दौरान किए गए अपलेखन / पुनरांकन	46.50
4.वर्ष के अंत में अंतिम शेष (i+ii-iii)	358.13

तालिका डीएफ-5

गुणात्मक प्रकटन

5. ऋण जोखिम : मानकीकृत अवधारणा के अध्यधीन संविभाग के लिए प्रकटन

5.1 बैंक ने सभी पात्र ऋण जोखिमों के लिए भारिबैं द्वारा मान्य निम्नलिखित 5 घरेलू ऋण रेटिंग एजेंसियों को अनुमोदित किया है.

- क्रिसिल
- केयर
- फिच इंडिया
- इक्रा
- ब्रिक वर्क

5.1.1. बैंक ने भारिबैं द्वारा अभिनिर्धारित निम्नलिखित 3 अंतर्राष्ट्रीय साख रेटिंग एजेंसियों को भी अनुमोदित किया है

- स्टैंडर्ड एंड पूअर
- मूडीज
- फिच

5.2 लार्ज कार्पोरेट ऋणियों और सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को अनुमोदित वाह्य रेटिंग एजेंसियों से रेटिंग प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है. सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रेटिंग को मैपिंग पर भारिबैं के दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम भारित आस्तियों की गणना के प्रयोजन से मैप किया गया है.

मात्रात्मक प्रकटन

5.3 विभिन्न वर्गों में जोखिम शमन (मानकीकृत अवधारणा के अध्यधीन) के पश्चात् जोखिम राशि निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

1. 100% से कम जोखिम भार ऋण बकाया	185518.80
2. 100% जोखिम भार ऋण बकाया	84467.16
3. 100% से अधिक जोखिम भार ऋण बकाया	29775.58
कुल	299761.54

सारणी डीएफ-6

6. ऋण जोखिम शमन : मानकीकृत अवधारणा के लिए प्रकटन

गुणात्मक प्रकटन

6.1 बैंक ऋण जोखिम शमन (सीआरएम)तकनीक व संपार्श्विक प्रबंधन पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति रखता है, जो संपार्श्विक के चयन, संपार्श्विक में जोखिम, संपार्श्विक के मूल्यांकन और निरीक्षण, पात्र वित्तीय संपार्श्विक गारंटियों और भारिबैं द्वारा निर्धारित हेयरकट के दिशानिर्देशों को कवर करती है.

6.2 बैंक द्वारा लिए गए मुख्य प्रकार के संपार्श्विक निम्न हैं :

6.2.1 नये पूंजी पर्याप्तता ढांचे (एनसीएएफ) पर भारिबैं के दिशानिर्देश के अनुसार मानकीकृत अवधारणा के अंतर्गत ऋण जोखिम प्रशामकों के रूप में पहचाने गए पात्र वित्तीय संपार्श्विक,

- नकद या नकद समतुल्य (बैंक जमाराशियां/ एनएससी/ केवीपी/ एलआइसी पालिसी आदि)
- सोना
- केंद्रीय/ राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियां
- बीबीबी या बेहतर रेटेड कर्ज प्रतिभूतियां / अल्पावधि ऋण लिखत पीआर 3/पी 3/एफ 3/ए 3

6.2.1.1.बैंक, संपार्श्विकों के जोखिम शमन प्रभाव के कारण, पात्र वित्तीय संपार्श्विकों की हेयरकट-समायोजित मूल्य के अनुसार काउंटर पार्टी को ऋण एक्सपोजर कम कर देता है.

6.2.2. चल और अचल आस्तियां/ भू संपत्ति आदि.

6.2.3.गारंटी में कार्पोरेट, बैंक और व्यक्तिगत गारंटी शामिल हैं. इसमें ईसीजीसी, सीजीएफटीआइ और राज्य/ केन्द्र सरकार आदि द्वारा गारंटीकृत अग्रिम भी सम्मिलित हैं.

मात्रात्मक प्रकटन

6.4 ऋण जोखिम हेतु मानकीकृत अवधारणा के अंतर्गत ₹ 27424.52 करोड़ के पात्र वित्तीय संपार्श्विकों को प्रभाव देने के बाद कुल ऋण जोखिम निवेश ₹ 299761.54 करोड़ है.

(करोड़ रुपयों में)

जोखिम पोर्टफोलियो	प्रशामक (करोड़ में)	प्रतिशत सहयोग
सरकार पर दावे	1.76	0.01%
बैंकों पर दावे	94.14	0.34%
विदेशी बैंकों पर दावे	0.27	0.00%
सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर दावे	251.66	0.92%
कंपनियों पर दावे	14796.67	53.95%
नियामक रिटेल पर दावे	7726.54	28.17%
आवासीय संपत्ति द्वारा प्रतिभूत दावे	16.09	0.06%
वाणिज्यिक रीयल स्टेट द्वारा प्रतिभूत दावे	112.80	0.41%
अनर्जक आस्तियां	46.33	0.17%
वैयक्तिक ऋण और क्रेडिट कार्ड प्राप्यों सहित उपभोक्ता ऋण	1911.83	6.97%
पूंजी मार्केट एक्सपोजर	384.72	1.40%
एनबीएफसी पर दावे	1.74	0.01%
स्टाफ अग्रिम	50.33	0.18%
अन्य सभी आस्तियां	2029.64	7.40%
कुल	27424.52	100.00%

6.5 ऋण जोखिम की मानकीकृत अवधारणा के अंतर्गत पात्र गारंटीकर्ताओं द्वारा कवर एक्सपोजर का विवरण निम्न प्रकार है

(करोड़ रुपयों में)

गारंटीकर्ता का प्रकार	जोखिम भार	कवर एक्सपोजर	प्रतिशत योगदान
केंद्र सरकार /सीजीटीएसआई/ डीआईसीजीसी द्वारा गारंटीकृत दावे	0%	1344.07	12.02%
राज्य सरकार/ईसीजीसी द्वारा गारंटीकृत दावे	20%	9839.27	8798%
कुल		**11183.34**	**100.00%**

तालिका डीएफ-7

7. प्रतिभूतिकरण : मानकीकृत अवधारणा हेतु प्रकटीकरण

7.1 वर्तमान में, प्रतिभूतिकरण में बैंक की भूमिका प्रतिभूतिकृत दस्तावेजों में निवेशक के रूप में है. वर्तमान में 31.03.2013 को, प्रतिभूतिकरण में निवेश के रूप में बकाया राशि शून्य है.

तालिका डीएफ-8

8. व्यापारिक बही में बाजार जोखिम :

गुणात्मक प्रकटन

बाजार जोखिम ऑन अथवा ऑफ तुलन पत्र की उस स्थिति का मूल्यांकन है, जो वस्तुओं/ आस्तियों के मूल्यों एवं विनिमय दरों के कारण इक्विटी एवं ब्याज दर बाजार में संचरण से प्रतिकूल प्रभाव को दर्शाती हैं.

बाजार जोखिम के आकलन हेतु मानकीकृत अवधारणा द्वारा कवर किए गए पोर्टफोलियो निम्नानुसार हैं:

- व्यापार हेतु धारित (एचएफटी) के अंतर्गत धारित प्रतिभूतियां
- विक्रय हेतु उपलब्ध (एएफएस) के अंतर्गत धारित प्रतिभूतियां\
- व्युत्पन्नों (डेरिवेटिव्स) में व्यापार स्थिति,
- ट्रेडिंग बुक एक्सपोजर की हेजिंग हेतु डेरिवेटिव
- दिन की समाप्ति पर विदेशी मुद्रा विनिमय स्थिति व दिन की समाप्ति पर गोल्ड स्थिति

शेष आस्तियां अर्थात् परिपक्वता पर धारित निवेश संविभाग एवं अग्रिमों को बैंकिंग बुक के रुप में माना गया है. बाजार जोखिम प्रबंधन के उद्देश्यों एवं नीतियों का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है :

ए रणनीतियां एवं प्रक्रियाएं:

नीतियां

बैंक में एक सुनिर्धारित कोषागार नीति (जिसमें निवेश संविभाग, विदेशी विनिमय परिचालन एवं डेरिवेटिव परिचालन निहित हैं) तथा आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) नीति है, जो बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है. इन नीतियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि प्रतिभूतियों, विदेशी विनिमयों एवं डेरिवेटिव्स के परिचालन सुदृढ़ एवं स्वीकार्य कारोबार नीतियों के अनुसार किये जा रहे हैं तथा वित्तीय लिखतों एवं वित्तीय बाजारों के लेनदेनों को नियंत्रित करने वाले कानूनों एवं नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार हैं. नीतियों की समीक्षा प्रतिवर्ष की जाती है और सरकार/ नियामक प्राधिकरण, आर्थिक परिवेश एवं कारोबार की अपेक्षाओं की स्थिति में नियमों एवं विनियमों में परिवर्तन कम अंतराल पर भी किया जाता है.

तरलता जोखिम :

तरलता जोखिम की माप, अनुश्रवण एवं प्रबंधन के लिए बैंक द्वारा नकदी प्रवाह अप्रोच एव स्टॉक अप्रोच का प्रयोग किया जाता है. परिपक्वता अथवा नकदी प्रवाह अन्तर के माध्यम से तरलता जोखिम का पता लगाया जाता है. तरलता जोखिम की माप हेतु परिपक्वता सोपान एवं चयनित परिपक्वता तिथियों पर निधियों के संचयी आधिक्य अथवा कमी की गणना जिसे टाइम बॅकेट के रुप में जाना जाता है, का प्रयोग मानक माध्यम के रुप में किया जाता है. अन्तरों के स्वीकार्य स्तर पर विवेकपूर्ण सीमाएं लागू हैं तथा पाक्षिक आधार पर इनका अनुश्रवण किया जाता है. स्टॉक अप्रोच के अंतर्गत अनेक अनुपात/ सीमाएं यथा मांग उधारी, अंतर बैंक देयता, थोक जमाराशि, प्रतिबद्धता अनुपात, तरल आस्ति सापेक्ष क्रय निधि अनुपात आदि लागू हैं. विपरीत स्थिति में विभिन्न स्तरों पर स्ट्रेस टेस्ट किये जाते हैं. दबाव की स्थितियों में तरलता/ निधि की आवश्यकता, निधि उगाही के स्रोत एवं लाभ-हानि इसके संभावित प्रभाव आदि की गणना तिमाही अंतराल पर की जाती है.

थोक जमाराशियों का अनुश्रवण दैनिक आधार पर किया जाता है. तरलता स्थिति के आकलन हेतु पाक्षिक आधार पर अल्पकालिक गतिशील तरलता विवरण तैयार किया जाता है एवं अनुश्रवण किया जाता है, जिसमें कारोबार विकास को भी ध्यान में रखा जाता है.

ब्याज दर जोखिम

अल्प काल अर्थात वित्त वर्ष की समाप्ति तक बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पर प्रभाव के आकलन हेतु बैंक द्वारा परंपरागत गैप विश्लेषण (टीजीए) की गणना की जाती है. बैंक के निवेश संविभाग का अनुश्रवण आवधिक विश्लेषण के आधार पर किया जाता है.जोखिम पर मूल्य (वीएआर) कार्यप्रणाली का प्रयोग एसएलआर एवं ईक्विटी के अंतर्गत दिनांकित प्रतिभूतियों के लिए किया जाता है. जोखिम पर मूल्य (वीएआर) के लिए विवेकपूर्ण सीमा निर्धारित की गयी है और इसका अनुश्रवण दैनिक आधार पर किया जाता है तथा उच्च प्रबंधन को रिपोर्टिंग की जाती है.

भारतीय रिज़र्व के दिशानिर्देशों के अनुसार इक्विटी के बाजार मूल्य पर ब्याज दर में परिवर्तन के दीर्घकालीन प्रभाव के आकलन हेतु आवधिक गैप विश्लेषण का भी प्रयोग बैंक द्वारा किया जाता है.

विदेशी विनिमय जोखिम

बैंक द्वारा अनेक एक्सपोजर सीमाएं जैसे अधिकतम डे-लाइट सीमा, ओवरनाइट सीमा, सकल गैप सीमा (एजीएल), स्टॉप हानि सीमा एवं डील साइज सीमा आदि निर्धारित की गयीं हैं. बैंक द्वारा विदेशी विनिमय की स्थिति के लिए वीएआर सीमा निर्धारित की गयी है, जिसका अनुश्रवण दैनिक आधार पर किया जाता है. डेरिवेटिव लेनदेनों का अनुश्रवण ओपन स्थितियों के लिए विवेकपूर्ण सीमा एवं बकाया डेरिवेटिव के लिए पीवी01 सीमा द्वारा किया जाता है.

इक्विटी मूल्य जोखिम

बैंक की कोषागार नीति के अंतर्गत इक्विटी ट्रेडिंग के लिए बुक साइज, डील साइज, धारण अवधि एवं स्टॉप हानि सीमा आदि के लिए सीमाएं निर्धारित हैं. इन सीमाओं का अनुश्रवण दैनिक आधार पर किया जाता है.

(बी) बाजार जोखिम प्रबंधन कार्य का संगठन एवं संरचना

बाजार जोखिम के प्रबंधन को कवर करने वाली नीतियों का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है. निदेशक मंडल की सहायता हेतु निम्नलिखित तीन स्तरों की व्यवस्था है -

- आस्ति देयता प्रबंधन एवं जोखिम प्रबंधन की पर्यवेक्षण समिति
- आस्ति देयता प्रबंधन समिति
- महाप्रबंधक (जोखिम प्रबंधन विभाग)

(सी) क्षेत्र

बाजार जोखिम के प्रबंधन, मापन एवं अनुश्रवण के लिए बैंक द्वारा अनेक सीमाएं यथा डे-लाइट सीमा, ओवरनाइट सीमा, डील साइज सीमा, सकल गैप सीमा (एजीएल), वैयक्तिक गैप सीमा, स्टॉप हानि सीमा, ट्रेडिंग बुक साइज, जारीकर्तावार सीमा, दर संवेदी सीमा, वीएआर सीमा आदि निर्धारित की गयी हैं.

इन सीमाओं का अनुश्रवण दैनिक आधार पर किया जाता है तथा उच्च प्रबंधन को समुचित रिपोर्टिंग की जाती है.

तरलता एवं बाजार जोखिम के लिए स्ट्रेस टेस्टिंग फ्रेमवर्क की समुचित व्यवस्था है तथा तिमाही आधार पर स्ट्रेस टेस्ट किये जाते हैं. परिणामों की चर्चा आल्को में की जाती है तथा इसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है.

डी हेजिंग एवं जोखिम शमन

बाजार जोखिम के लिए पूंजी प्रभार की गणना हेतु बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानक आवधिक अवधारणा को अपनाया है. बाजार जोखिम के लिए पूंजीगत अपेक्षा निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रू.में)

जोखिम श्रेणी	पूंजी प्रभार
ब्याज दर जोखिम	629.57
इक्विटी स्थिति जोखिम	350.42
विदेशी विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित)	12.15
मानक आवधिक अवधारणा के अंतर्गत बाजार जोखिम हेतु कुल पूंजी प्रभार	**992.14**

तालिका डीएफ-9

9. परिचालनात्मक जोखिम

गुणात्मक प्रकटन

परिचालनात्मक जोखिम गवर्नेंस

- परिचालनात्मक जोखिम वह जोखिम है जो आंतरिक प्रक्रिया, जनबल एवं सिस्टम के अपर्याप्त या असफल होने के कारण अथवा बाहरी घटनाओं के कारण होता है.
- परिचालनात्मक जोखिम सभी कारोबार लाइनों एवं सभी स्तरों पर विद्यमान होता है.
- वर्तमान में परिचालनात्मक जोखिम का प्रबंधन अधिकांशत: आंतरिक नियंत्रण एवं लेखा परीक्षा व्यवस्था द्वारा किया जाता है.
- परिचालनात्मक जोखिम के नियंत्रण/ निवारण हेतु बैंक द्वारा निम्नलिखित उपाय किये गये हैं.
    - प्रत्यायोजित प्राधिकार व्यवस्था, जिसमें ऋण एवं व्यय को कवर किया गया है.
    - अनुदेश पुस्तिका एवं समय-समय पर परिपत्रों के माध्यम से अनुदेश जारी करना.
    - निरंतर प्रशिक्षण की व्यवस्था
    - निवारक सतर्कता
    - बीमा
    - जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा
    - आउटसोर्सिंग नीति
    - अनुपालन नीति

- कारोबार निरंतरता नीति

- बैंक में परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन नीति लागू है, जिसमें निम्न शामिल हैं:
  - परिचालनात्मक जोखिम की पहचान, आकलन, अनुश्रवण एवं नियंत्रण.
  - परिचालनात्मक जोखिम के लिए पूंजी प्रभार
  - रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क
  - परिचालनात्मक जोखिम हानि आंकड़ों के संग्रहण एवं रिपोर्टिंग संबंधी दिशानिर्देश.
  - आठ कारोबारी स्तरों की गतिविधियों की मैपिंग हेतु नीति.
- बैंक में परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंधन हेतु पर्यवेक्षण मशीनरी सहित समुचित एवं स्वतंत्र संगठनात्मक संरचना की व्यवस्था है, जिसमें उच्च कार्यपालकों की परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) तथा परिचालनात्मक जोखिमों की देखरेख हेतु एक अलग जोखिम प्रबंधन विभाग भी कार्यरत है. इसके अतिरिक्त जोखिम प्रबंधन तथा एएलएम की कार्यप्रणाली का पर्यवेक्षण हेतु बोर्ड स्तरीय समिति अर्थात बोर्ड की पर्यवेक्षण समिति भी कार्यरत है
- परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) बैंक के नये उत्पादों के अनुमोदन, धोखाधड़ियों के विश्लेषण, परिचालनात्मक जोखिम हानि आंकड़ों के विश्लेषण, बैंक की गतिविधियों एवं आय की मैपिंग की कार्यप्रणाली के विश्लेषण आदि का कार्य आठ कारोबारी स्तरों पर करती है.
- परिचालनात्मक जोखिम हेतु पूंजी प्रभार के परिकलन हेतु बैंक द्वारा बेसिक इंडीकेटर अवधारणा अपनायी जाती है.
- भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशों के अनुसार बैंक को बेसिक इंडीकेटर अवधारणा (बीआईए) के अंतर्गत परिचालनात्मक जोखिम हेतु 31.03.2013 से पूंजी की व्यवस्था करनी है. बेसिक इंडीकेटर अवधारणा के अनुसार प्रभार रू. 1158.12 करोड़ है.

जोखिम प्रोफाइलिंग

बैंक तिमाही आधार पर परिचालनात्मक जोखिम प्रोफाइल टेंपलेट संकलित करता है, जिसके द्वारा निहित जोखिम, आंतरिक नियंत्रण जोखिम तथा परिणामी शुद्ध परिचालनात्मक जोखिम की दशा एवं दिशा का आकलन तथा निम्नांकित के आधार पर किया जाता है:

- जन जोखिम
- आउटसोर्सिंग जोखिम
- प्रोसेस जोखिम
- प्रौद्योगिकी जोखिम
- छवि जोखिम
- घटना जोखिम

टेबल डीएफ-10

10. बैंकिंग बुक में ब्याज दर जोखिम

(ए) गुणात्मक प्रकटन

ब्याज दर जोखिम वह जोखिम है जिसमें बाजार ब्याज दरों में परिवर्तन का बैंक की वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. इसके परिणामस्वरूप बैंक की आय (शुद्ध ब्याज आय) एवं बैंक का नेटवर्थ (कैपिटल फंड) प्रभावित हो सकता है. बैंक के पास विभिन्न परिपक्वता अवधियों अथवा पुनर्मूल्यांकन तिथियों तथा विभिन्न बेंचमार्क दरों से संबद्ध आस्तियां, देयताएं और ऑफ तुलनपत्र मदें विद्यमान हैं. इससे ब्याज दर के स्तर में अप्रत्याशित परिवर्तन से जोखिम उत्पन्न होता है .

फ्रेमवर्क

बैंक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में आस्ति देयता प्रबंधन समिति (ALCO) का गठन किया गया है. जो तरलता/ बाजार जोखिम की पहचान एवं विश्लेषण तथा बैंक की आस्ति देयता प्रबंधन नीति के लिए समुचित व्यवस्था एवं प्रक्रिया लागू करने हेतु उत्तरदायी है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति को एक समर्पित एएलएम तथा एक स्वतंत्र मिड ऑफिस द्वारा सहायता प्रदान की जाती है. एएलएम एवं जोखिम प्रबंधन पर निदेशक मंडल की पर्यवेक्षण समिति द्वारा आस्ति देयता प्रबंधन के लिए सिस्टम के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण किया जाता है तथा आवधिक आधार पर इसकी समीक्षा की जाती है एवं मार्गदर्शन दिया जाता है.

परंपरागत गैप विश्लेषण (TGA) का प्रयोग दर संवेदी गैप (RSG)के माध्यम से ब्याज दर जोखिम के मापन एवं अनुश्रवण हेतु किया जाता है. शुद्ध ब्याज आय पर ब्याज दर में परिवर्तन के प्रभाव का आकलन किया जाता है. आय के दृष्टिकोण से ब्याज दर में परिवर्तन के प्रभाव को सीमित रखने हेतु 1 वर्ष तक की दर संवेदी गैप सीमा निर्धारित की गई है.

प्रत्येक महीने के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को ब्याज दर संवेदी विवरण तैयार किया जाता है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति द्वारा मासिक आधार पर इसकी समीक्षा की जाती है. आस्तियों एवं देयताओं की व्यापक श्रेणी अर्थात् जमा, अग्रिम, निवेश आदि में परिवर्तन के प्रभाव की गणना वित्तीय वर्ष के अंत तक के लिए की जाती है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार बैंक की आस्तियों एवं देयताओं के आर्थिक मूल्य और इस प्रकार इक्विटी के बाजार मूल्य (MVE) पर ब्याज दरों में परिवर्तन के प्रभाव की जानकारी हेतु तिमाही आधार पर आवधिक गैप विश्लेषण (DGA) भी किया जाता है. इस प्रभाव की गणना आय रेखा में 200 बीपीएस समानान्तर शिफ्ट के आधार पर की जाती है.

(बी) मात्रात्मक प्रकटन:

ब्याज दर में एक परिवर्तन शिफ्ट की कल्पना द्वारा इक्विटी के आर्थिक मूल्य एवं आय पर प्रभाव को निम्नानुसार दर्शाया गया है.

	पैरामीटर		**प्रभाव**
1.	आय पर जोखिम (NII) : 0.5% परिवर्तन पर	(राशि करोड़ ₹ में)	306.39
2.	इक्विटी का बाजार मूल्य : 200 बेसिस पॉइंट का उतार चढ़ाव	(राशि करोड़ ₹ में)	294.55
3.	इक्विटी मूल्य में गिरावट	(%)	1.8669%

नियोजित पूंजी : (करोड़ रुपयों में)

आस्ति खंड	**31.03.2013**	**कुल आस्ति का %**	**आबंटित पूंजी**
ट्रेजरी परिचालन	99496.80	31.90%	7446.72
रिटेल बैंकिंग परिचालन	71773.92	23.01%	5371.83
कारपोरेट/थोक बैंकिंग	137558.28	44.11%	10295.39
अन्य आस्तियां	3031.81	0.97%	226.91
कुल आस्तियां	311860.81	100.00%	23340.85
कुल पूंजी			23340.85

कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2012-13

खंड ए : बैंक की सामान्य जानकारी

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंकों में से एक है और यह पूरे देश में व्यक्तियों, भागीदारी फर्मों, व्यक्तियों के समूहों, सहकारी समितियों और कार्पोरेट ग्राहकों सहित सभी प्रकार के ग्राहकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करता है. बैंक के कार्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन वर्ष 1921 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा किया गया था. बैंक पिछले 9 दशकों में लगातार कारोबार वृद्धि एवं लाभ दर्ज करता चला आ रहा है. बैंक की पूरे देश में 3511 शाखाएं एवं 4603 एटीएम हैं. बैंक की हांगकांग एवं डीआईएफसी, दुबई में दो विदेशी शाखाएं हैं. बैंक के शंघाई, बीजिंग, आबू धाबी, सिडनी एवं लंदन में प्रतिनिधि कार्यालय भी हैं.

बैंक मूलत: अपने ग्राहकों को बैकिंग एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है. बैंक के अधिकतर उत्पादों एवं सेवाओं को नीचे दिए गए 3 संवर्गों में शामिल किया गया है :

1. जमाराशि
2. ऋण एवं अग्रिम और
3. धन प्रेषण एवं संग्रह

बैंक की गतिविधियों को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "समूह के.: राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण की वित्तीय एवं बीमा गतिविधियों (सभी वित्तीय गतिविधियां) - 2008" के अधीन गतिविधि कूट - 6419 में शामिल किया गया है. बैंक तकनीक के प्रयोग में अग्रणी है और इसकी शत प्रतिशत शाखाएं कंप्यूटरीकृत हैं. बैंक ने सभी शाखाओं को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के माध्यम से आपस में जोड़ रखा है और इसका शत प्रतिशत कारोबार कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के माध्यम से ही किया जाता है.

आई बी ए बैंकिंग तकनीकी अवार्ड 2012

यूनियन बैंक को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा "सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल" के लिए पुरस्कृत किया गया. यह पुरस्कार श्री एन. आर. नारायण मूर्ति, समारोह के मुख्य अतिथि एवं संरक्षक, इन्फोसिस टेक्नालॉली ने मुंबई में आयोजित समारोह में प्रदान किए.

वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकीयुक्त बैंक

यूनियन बैंक को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा "वर्ष का सर्वश्रेष्ठ तकनीकयुक्त बैंक" के लिए पुरस्कृत किया गया. यह पुरस्कार श्री एन. आर. नारायण मूर्ति, समारोह के मुख्य अतिथि एवं संरक्षक, इन्फोसिस टेक्नालॉली ने मुंबई में आयोजित समारोह में प्रदान किए.

बैंक के बारे में उपयोगी जानकारी निम्नानुसार है :

कंपनी की कार्पोरेट पहचान संख्या (सिन)	लागू नहीं
पंजीकृत पता	यूनियन बैंक भवन, 139, विधान भवन मार्ग नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021
वेबसाइट	http://www.unionbankofindia.co.in
ईमेल आईडी	busresponsehead@unionbankofindia.com
वित्तीय वर्ष	2012-13

एनपीसीआई द्वारा "सरकारी क्षेत्र के बैंकों में सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अवार्ड"

बैंक को विवाद प्रबंधन, नेटवर्क अपटाइम, विफल संव्यवहारों पर नियंत्रण, डीआर ड्रिल्स आदि जैसी राष्ट्रीय भुगतान स्विच की परिचालन श्रेष्ठता के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनसीपीआई) द्वारा "सरकारी क्षेत्र के बैंकों में सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अवार्ड" से नवाजा गया.

खंड बी : कंपनी के वित्तीय विवरण

आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक के कारोबारी परिणाम निम्नानुसार रहे :

- चुकता पूंजी : ₹ 596.79 करोड़
- नेट वर्थ : ₹ 15,777 करोड़
- कुल जमाराशियां : ₹ 2,63,762 करोड़
- कुल अग्रिम : ₹ 2,11,911 करोड़
- कर के बाद कुल लाभ : ₹ 2,158 करोड़

कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का मानना है कि कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व बैंक के कोर कारोबार से सीधा जुड़ा हुआ है क्योंकि बैंक वित्तीय क्षेत्र में एक मध्यस्थ की भूमिका निभाता है. बैंक द्वारा की गई ये पहल इसकी सभी गतिविधियों में सामाजिक, आसपास के परिवेश एवं आर्थिक मूल्यों में वृद्धि करती है तथा समाज व कारोबार दोनों पर अनुकूल एवं स्थायी प्रभाव डालती है. बैंक का विश्वास है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, नागरिक समितियों, सरकार एवं विकास एजेंसियों को मूलभूत सुविधाओं एवं सेवाओं में सुधार के लिए मिलजुलकर कार्य करना चाहिए, जिससे वे अपनी विशेषज्ञता के उपयोग से इसमें आने वाली किसी भी बाधा को दूर कर सकें.

बैंक के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की पहल **यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट** के माध्यम से की जाती हैं, जिसकी शुरुआत बैंगलोर में 2 मार्च 2006 को की गई थी. ट्रस्ट का लक्ष्य व उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यों को बढ़ावा देना, उसमें सहायक बनना एवं उसका क्रियान्वयन करना है. इसके अलावा, समाज के विभिन्न वर्गों, जिसमें लघु एवं सीमांत कृषक, भूमिहीन मजदूर, ग्रामीण दस्तकार, शारीरिक विकलांग, महिलाएं, बच्चे,सामाजिक एवं आर्थिक रुप से पिछड़े वर्ग,पददलित एवं समाज के ऐसे ही वर्ग शामिल हैं, के जीवन स्तर में सुधार हेतु कल्याणकारी गतिविधियां संचालित करना है.

आलोच्य वर्ष के दौरान, बैंक ने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों पर ₹ 75.55 लाख खर्च किए. बैंक द्वारा किए गए कुछ प्रमुख कल्याणकारी कार्य निम्न है:

- सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस मशीनें प्रदान करना
- मोबाइल क्लीनिक वैन एवं एंबुलेंस प्रदान करना
- स्कूल के बच्चों को घर लाने व पहुंचाने के लिए बस प्रदान करना
- भोजन वितरण के लिए वाहन एवं बर्तन प्रदान करना
- 50 बेड के बिस्तर का 100 बेड के बिस्तर वाले अस्पताल में विस्तार
- मानसिक रुप से विकलांग बच्चों के माता-पिता के एसोसिएशन को आर्थिक सहायता प्रदान करना
- मानसिक रुप से विकलांग बच्चों के पूर्णत: फर्निश्ड क्लासरुम की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता
- मानसिक रुप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल वैन प्रदान करना
- एक एलपी स्कूल में कंप्यूटर लैब की स्थापना
- "अनाथ एवं बेघर बच्चों के लिए आश्रय" हेतु अनुदान
- कैंसर ऐड सोसायटी को दान दिया.

यूनियन बैंक ने "एडॉप्ट" को स्कूल बस दान दी

बैंक ने स्पैस्टिक सोसायटी ऑफ इंडिया (अब एडॉप्ट) की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर 36 सीटर स्कूल बस दान दी.
बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री डी. सरकार ने अडैप्ट की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती मिथु अलूर को बस की चाबी भेट की.

खंड सी : अन्य जानकारी

बैंक की दो सहायक कंपनियां (यूनियन केबीसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लि. एवं यूनियन केबीसी ट्रस्टी कं. प्रा. लि.), एक संयुक्त उपक्रम (स्टार यूनियन दाई-ईची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.) एवं एक सहयोगी बैंक (काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक) हैं.

बैंक की सहायक कंपनियां अपना कारोबार जिम्मेदारीपूर्वक करती हैं और यही बैंक के कारोबारी भागीदार से अपेक्षित है. बैंक अपनी सहायक कंपनियों एवं कारोबारी भागीदारों को कारोबारी उत्तरदायित्वों के लिए आवश्यक ज्ञान व सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है.

खंड डी : कारोबारी उत्तरदायित्व संबंधी जानकारी

कारोबारी उत्तरदायित्व से संबंधित गवर्नेंस

कारोबारी उत्तरदायित्वों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार निदेशक :

डिन नंबर	05103064
नाम	एस. के. जैन
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

कारोबारी उत्तरदायित्वों के लिए प्रमुख की जानकारी

डिन नंबर	लागू नहीं
नाम	देबज्योति गुप्ता
पदनाम	महा प्रबंधक, वैयक्तिक बैंकिंग एवं परिचालन विभाग, केन्द्रीय कार्यालय
टेलीफोन नं.	022-22896600
ईमेल आईडी	dgupta@unionbankofindia.com

कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट की जानकारी

यूनियन बैंक कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2012-13 में पहली बार प्रकाशित कर रहा है और अब से अपनी इन पहलों को वार्षिक आधार पर प्रकाशित करेगा. इस दिशा में बैंक द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के लिए निरंतर विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के लिए गठित समिति की तिमाही आधार पर बैठक होती है और आवश्यक कार्रवाई की जाती है

बैंक की कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट **Main Page > About Us > Sustainable Development** लिंक पर देखी जा सकती है.

सिद्धांतवार कारोबारी उत्तरदायित्व नीतियां (हां/नहीं में उत्तर दें)

		राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों के सिद्धांत (एनवीजी)								
क्र.	**प्रश्न**	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**
1	क्या आपके द्वारा नीति/नीतियां बनाई गई हैं?	हां								
2	क्या नीतियां बनाते समय संबंधित स्टेकधारकों से सलाह ली गई?	हां								
3	क्या नीति राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुकूल है? यदि हां, तो (50 शब्दों में) जवाब दें.	हां, बैंक की निरंतर विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कारोबार के सामाजिक, पारिस्थिक एवं आर्थिक उत्तरदायित्वों के संबंध में जारी राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों पर आधारित है.								
4	क्या यह नीति बैंक के निदेशक मंडल से अनुमोदित हैं. यदि हां, तो क्या इस पर प्रबंध निदेशक / मालिक / प्रमुख कार्यकारी अधिकारी / सक्षम निदेशक के हस्ताक्षर हैं?	हां, बैंक की निरंतर विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है.								
5	क्या कंपनी ने इस नीति के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के लिए बोर्ड / निदेशक / अधिकारियों की निर्दिष्ट समिति बनाई है?	हां								
6	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक का उल्लेख करें?	**Main Page > About Us > Sustainable Development**								
7	क्या इस नीति को संबंधित आंतरिक एवं बाहरी स्टेकधारकों के बीच औपचारिक रुप से परिचालित किया गया है?	हां								
8	क्या कंपनी में नीति / नीतियों को क्रियान्वित करने के लिए आंतरिक व्यवस्था है?									
9	क्या कंपनी में नीति / नीतियों के संबंध में स्टेकधारकों की शिकायतों के निवारण के लिए शिकायत निवारण मशीनरी की स्थापना की गई है?									
10	क्या कंपनी ने इस नीति के कार्यकलापों की किसी आंतरिक या बाहरी एजेंसी से निष्पक्ष लेखापरीक्षा/मूल्यांकन कराया है?	बैंक द्वारा हाल ही में बैंक की सतत विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति तैयार की गई है और इसकी गतिविधियों पर निरंतर विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति निगरानी रखेगी.								

खंड ई : सिद्धांत-वार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1 - योग्य कार्पोरेट गवर्नेंस

बैंक ने कार्पोरेट गवर्नेंस के लिए एक जिम्मेवार एवं मूल्य-आधारित दृष्टिकोण अपनाया है. बैंक ने कार्यनिष्पादन के सभी स्तर पर सदैव निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदारी के मूलभूत मूल्यों पर जोर दिया है, जिससे स्टेकधारकों के मूल्य बढ़े हैं और उनके हित की रक्षा हुई है. बैंक इस दशक में अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है और उसका लक्ष्य है कि वह ग्राहकों की पसंद का पहला बैंक बने, जिससे आगे आने वाले वर्षों में यह कारोबार एवं लाभप्रदता की नई ऊचाइंया प्राप्त कर सके. बैंक अपने सभी कर्मचारियों से अपने कारोबार के सभी पहलुओं में ईमानदारी, एकनिष्ठा एवं निष्पक्षता को प्रदर्शित करने एवं व्यावसायिकता के उपयुक्त मानकों का प्रयोग करने और अपने प्रत्येक कार्य में नैतिक आचरण की आशा करता है. बैंक अपने कारोबारी साझेदारों व आपूर्तिकर्ताओं से भी कारोबार में इसी दृष्टिकोण की आशा करता है. बैंक किसी भी रूप में रिश्वत या भ्रष्टाचार को सहन नहीं करता है और इस नीति में किसी भी तरह उल्लंघन को बरदाश्त नहीं करता है या "शून्य सहनशीलता" रखता है.

इस संबंध में बैंक के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित नीतियां लागू हैं :

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (आचरण) विनियमन, 1976.
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियमन, 1976.
- भारतीय बैंक संघ के नेतृत्व में विभिन्न बैंकों के प्रबंधन और विभिन्न कर्मचारी संगठनों/ अधिकारी संघ के प्रतिनिधित्व में बैंक कर्मचारियों के बीच हस्ताक्षरित द्विपक्षीय समझौता / संयुक्त नोट.
- सतत विकास एवं कार्पोरेट सामाजिक दायित्व.

पिछले कई वर्ष अच्छे कार्पोरेट व्यवहार के कारण बैंक ने अनेक पुरस्कार जीते हैं. बैंक ने वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में कार्पोरेट गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिए "सर्टिफिकेट ऑफ रीकोगनीशन" प्राप्त किया था. बैंक वर्ष 2008-09 के लिए कंपनी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की भागेदारी सहित आईसीएसआई द्वारा कार्पोरेट गवर्नेंस व्यवहार में उत्कृष्टता के लिए 25 सर्वोच्च भारतीय कंपनियों में एक चुना गया था.

सिद्धांत 2 - सतत उत्पाद एवं सेवाएं.

बैंक भारत के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है. यह अर्थव्यवस्था के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की जरूरतों के लिए ऋण प्रदान करता है. बैंक ने अर्थव्यवस्था की वृद्धि को गति प्रदान करने के लिए उद्योग, निर्यात, व्यापार, कृषि, मूलभूत संरचना एवं व्यक्तिगत खण्डों के विविध ऋण संविभागों में ऋण का विस्तार किया है.

अपनी वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत बैंक ने अनेक उत्पाद व सेवाएं प्रदान की हैं, जिनका ऊंचा सामाजिक प्रभाव है क्योंकि ये सभी उत्पाद व सेवाएं शोषित वर्गों की जरूरतों को सीधे पूरा करते हैं. वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बैंक के उत्पादों एवं सेवाओं, प्रोजेक्टों एवं स्कीमों को बैंक की कार्पोरेट वेबसाइट पर देखा जा सकता है.

मोबाइल बैंकिंग-यू मोबाइल
सरकारी क्षेत्रों के बैंकों में यूनियन बैंक पहला बैंक है जो अपने ग्राहकों को किसी शाखा या एटीएम मे जाये बिना ही राशि अंतरण की सुविधा देता है. यह ग्राहक का समय बचाने के साथ ही अंतरण के दूसरे माध्यमों के मुकाबलें किफायती भी है.

समाज / पर्यावरण के लिए उपयोगी कुछ अन्य उत्पाद नीचे दिए गए हैं:

1. दृष्टिबाधितों के लिए एटीएम: बैंक ने इस तरह के 100 एटीएम की स्थापना का कार्य पूरा किया है, जिसमें से कुछ व्हील कुर्सी का प्रयोग करने वाले शारीरिक रूप से अपंग व्यक्तियों के लिए भी हैं.

दृष्टिबाधितों के लिये बोलता एटीएम

बैंक का बोलता एटीएम दिखाते हुए

बैंक ने विकलांग व्यक्तियों के लिये बोलता एटीम प्रारंभ किया. यह एटीएम दृष्टिबाधितों को आवाज (स्वर) की सहायता से संव्यवहार करने में समर्थ करता है, इसलिये इसे "बोलता एटीम" कहते हैं. इस एटीएम की बनावट इस तरह है कि विकंलाग व्यक्ति भी व्हील चेयर का उपयोग करके अंदर जा सकता है और लेन-देन कर सकता है.

2. कृषि एवं सहायक गतिविधियों के लिए नये ऊर्जा उपकरणों की खरीद हेतु किसानों को ऋण : वॉटर पम्प द्वारा वॉटर पंपिंग के लिए सोलर ऊर्जा पैदा करने हेतु सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए, एग्रो प्रोसेसिंग यूनिटों में प्रयोग के लिए आवश्यक उपकरणों सहित सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम और एलइडी लाइटों व छोटे डीसी लोड के लिए सोलर लाइटिंग सिस्टम.

3. पंजाब में ग्रामीण जनता के लिए बायो-मेट्रिक एटीएम

4. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पाद व सेवाएं.

5. ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद, सेवाएं एवं स्कीम.

सम्पूर्ण एटीएम
बैंक वृहद बैंकिंग सेवाओं के लिये अपने एटीएम को "वन स्टॉप शॉप" में बदलने के प्रयास कर रहा है: यह अन्य सेवाओं के अलावा राष्ट्रीय इलैक्ट्रानिक निधी अंतरण (एनईएफटी), अंतर बैंक मोबाइल भुगतान सेवा (आईएमपीएस), यूनियन ईकैश और स्वयं के म्यूच्यूल फंड-यूनियन केबीसी, एएमसी आदि में एटीएम के माध्यम से निवेश करने की सुविधा भी देता है.
एटीएम के माध्यम से वृहद सुविधा उपलब्ध कराना बैंक की वर्तमान पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राहक सेवा उत्कृष्टता और सभी चैनल में बेहतरीन ग्राहक अनुभव प्रदान करना है.

अपने कारोबारी परिचालनों के लिए बैंक ऊर्जा, जल सरीखे प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग भी करता है जिसका पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है परंतु अन्य उद्योगों की तुलना में यह बहुत कम होता है. फिर-भी, बैंक यह सुनिश्चित करता है कि उसके परिचालनों से कम-से-कम नुकसान हो. बैंक अपनी अधिकांश उपभोग्य वस्तुएं स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं से खरीदता है. बैंक ने स्थानीय एवं छोटे विक्रेताओं (वेंडरों) की क्षमता एवं सामर्थ्य को बढ़ाने के लिए भी ऋण योजनाएं बनाई हैं, इनमें प्रभारित ब्याज-दर अपेक्षाकृत कम होती है और पुनर्भुगतान उस इकाई की नकदी उत्पादक क्षमता के अनुसार निर्धारित किया जाता है.

बैंक के परिचालनों से उत्सर्जन / रद्दी में कोई खास वृद्धि नहीं होती, फिर भी, पुराने रिकॉर्ड को छोटे छोटे टुकड़ों में काटने के बाद नष्ट करने के लिए और उसके बाद री-सायकलिंग के लिए कागज़ उद्योग को बेचने के लिए बैंक ने एक नीति बनाई है. उत्पादों की री-सायकलिंग एवं रद्दी का प्रतिशत 10% से अधिक संवर्ग में आता है.

सिद्धांत 3 : कर्मचारी प्रथाएं

बैंक को विश्वास है कि इसके कर्मचारी बैंक की कामयाबी में एक महत्वपूर्ण घटक है. बैंक अपना अच्छा कार्यनिष्पादन कर्मचारियों के माध्यम से ही कर सकता है अत: बैंक, समर्पित तथा निपुण व्यक्तियों को आकृष्ट करने तथा उन्हें सेवा में बनाये रखने की आवश्यकता को समझता है. बैंक की पदोन्नति नीति आकर्षक है, जिसमें फास्ट ट्रैक पदोन्नति शामिल है. इसमें गुणवान कर्मचारियों का ध्यान रखा जाता है. नीति का उद्देश्य बैंक के कर्मचारियों को कार्य के विभिन्न अवसर तथा पदोन्नति प्रणाली के जरिए प्रोत्साहन देकर कैरियर में गति प्रदान करना है.

बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए भरपूर सुविधाएं, लाभ तथा कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, ताकि वे व्यक्तिगत एवं कारोबारी जीवन में संतुलन बनाये रख सकें. उदाहरण के लिए बैंक के पास कर्मचारियों के लाभ के लिए अस्पतालीकरण योजना है तथा देश भर में बैंक ने कई अस्पतालों के साथ टाइ-अप व्यवस्था है. कर्मचारी इन अस्पतालों में प्रवेश तथा उपचार करा सकते हैं तथा बिलों का भुगतान बैंक द्वारा सीधे किया जाता है. पात्र रकम से अधिक राशि को कर्मचारी से यथासमय वसूल किया जाता है. कर्मचारी ऐसी अतिरिक्त रकम के संबंध में अनुग्रह रकम के लिए भी आवेदन कर सकता है. इसी प्रकार बैंक के पास 24 कल्याण योजनाएं हैं, जिन्हें 5 प्रमुख संवर्गों में समूहित किया जा सकता है, जिनमें कैंटीन अनुदान, शिक्षा, चिकित्सा तथा अस्पतालीकरण, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा अन्य कल्याणकारी उपाय शामिल हैं.

अन्य उपायों में स्वास्थ्य कैंप, बैंक के स्थापना दिवस समारोह, हिंदी दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि शामिल हैं. साथ ही सिल्वर जुबिली अवार्ड तथा कर्मचारियों तथा उनके बच्चों को शिक्षा, स्पोर्ट्स, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान शामिल है.

बैंक ने कुछ वर्ष पहले मानव संसाधन रूपांतरण आरंभ किया, जिसका उद्देश्य उद्योग की उत्कृष्ट प्रथाओं को अंगीकार कर, अपनी मानव संसाधन कार्यनीति का समन्वय कारोबार कार्यनीति के साथ करना है. मानव संसाधन रूपांतरण परियोजना दृष्टिकोण के तीन चरण हैं,(समस्याओं का पता लगाना, उन्हें दूर करने की योजना बनाना तथा उसे क्रियान्वित करना) जिनके उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त हुए हैं, जिसमें नीतियों, प्रक्रियाओं तथा प्रणालियों को सरल बनाना, वस्तुनिष्ठ कार्यनिष्पादन प्रबंधनप्रणाली (पीएमएस) का कार्यान्वयन, जनबल आवश्यकता के लिए सूचना, योग्यता मॉडेल तथा मैपिंग आदि शामिल है.

दिनांक 31 मार्च 2013 को बैंक में कुल 31,798 कर्मचारी थे, जिनमें 6136 महिलाएं तथा 342 अपंग कर्मचारी शामिल हैं.

बैंक ने रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान 128 ग्राहक संपर्क कार्यपालक भी संविदा आधार पर नियुक्त किये हैं.

मानव अधिकारों का ध्यान:

बैंक, अपने सभी परिचालन क्षेत्रों तथा अधिकार क्षेत्रों के भीतर मानवाधिकारों का समर्थन तथा उसका सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कभी भी बाल मजदूर, बेगारी तथा अनिच्छुक श्रम को स्वीकृती नहीं दी है. साथ ही रिपोर्टिंग वर्ष में स्टेक होल्डरों को इस संबंध में कोई शिकायत नहीं रही. बैंक ने "कार्यस्थल पर यौन शोषण शिकायत समिति" की स्थापना की है तथा इस प्रयोजन से शिकायतों के निवारण हेतु समुचित उपाय किए हैं. बैंक, कर्मचारी समूहों/संघों के निर्माण तथा सामूहिक रुप से उनकी चिंताओं के प्रति आवाज उठाने संबंधी अधिकार का सम्मान करता है. बैंक में कई कर्मचारी संगठन हैं. बैंक कुल स्टाफ संख्या में से अधिकतम सदस्यता वाले संगठन को मान्यता प्रदान करता है. दिनांक 31 मार्च 2013 को अधिकारियों सहित 28549 कर्मचारी, जो कि कुल कर्मचारियों का 92.65 प्रतिशत हैं, मान्यता प्राप्त संगठनों सहित विभिन्न कर्मचारी/अधिकारी संघों के सदस्य हैं.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कार्मिकों का कल्याण

बैंक ने अपने उच्च कार्यपालक, जो महाप्रबंधक स्तर का हो, उसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिये संपर्क अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है.

संपर्क अधिकारी व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधि के बीच नियमित रूप से तिमाही बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कल्याण के मुद्दों को हल किया जाता है.

उद्योग स्तर पर वेतन समझौता

भारतीय बैंक संघ, जो बैंक का प्रतिनिधित्व करता है, मान्य यूनियनों/संघों के बीच सामूहिक सौदेबाजी की प्रक्रिया व मांग के निपटान द्वारा वेतन समझौते करता है. यह वेतन संशोधन 5 वर्षों के लिये मान्य होता है.

प्रशिक्षण तथा कर्मचारियों के कौशल का विकास:

यूनियन बैंक में प्रशिक्षण बैंक की एक जिम्मेदारी है जिसे उच्च प्रबंधन द्वारा अपनी बहुविध चैनल प्रशिक्षण केंद्रों तथा कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निभाया जाता है. एक अध्ययनकर्ता संगठन के रूप में बैंक आधुनिक ज्ञान प्राप्त करने, निरंतर पुनर्योग्यता तथा कौशलवर्धक कार्यकलाप तथा अभिवृत्तीय सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है. बैंक का प्रशिक्षण मिशन स्टेटमेंट "व्यक्ति तथा बैंक के विकास के लिए निरंतर अध्ययन की संस्कृति को बढावा देना " है.

बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली की एक मुख्य विशेषता स्टाफ सदस्यों को आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उसे संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है. बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्टाफ सदस्य मूल कार्यकौशल तथा अपनी वैयक्तिक जिम्मेदारियों संबंधी ज्ञान में सक्षम है. कर्मचारी के संपूर्ण संगठनात्मक जीवन चक्र अर्थात् प्रवेश से लेकर निकास तक की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा पूरा किया जाता है, जिसमें बैंगलूर स्थित शीर्षस्थ महाविद्यालय के साथ देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित 7 प्रशिक्षण केंद्र अर्थात् अलुवा, अहमदाबाद, भोपाल, भुवनेश्वर, गुड़गांव, लखनऊ तथा पवई (मुम्बई) शामिल हैं. नयी मांगों को पूरा करने के लिए, संगठनात्मक आवश्यकताओं के आधार पर विभिन्न लोकेशनल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है.

स्टाफ सदस्यों को अद्यतन प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दृष्टि से आंतरिक तथा बाह्य संकाय को न्यायोचित रूप से नियुक्त किया जाता है. उचित मामलों में स्टाफ सदस्यों को विदेश में प्रशिक्षण के लिए भी प्रतिनियुक्त किया जाता है. बैंक हाउसकीपिंग स्टाफ से लेकर उच्च कार्यपालक तक की कर्मचारियों की सभी श्रेणियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करता है.

वर्ष 1997 में बैंक ने कुछ प्रतिष्ठित विदेशी परामर्शदाताओं की मदद से पुनर्निर्माण कार्यक्रम चलाया, जिससे अद्यतन प्रशिक्षण तकनीक का प्रारंभ हुआ. उन्हें अब मानकीकृत किया गया है तथा प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा अपनाई गयी अभिनव प्रथाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं ने सराहा है तथा पुरस्कृत भी किया हैं. इसमें उत्कृष्ठ प्रशिक्षण प्रणाली के लिए गोल्डन पीकॉक ट्रेनिंग नैशनल अवार्ड शामिल है, जो वर्ष 1998, 2005, 2007, 2011 तथा 2012 में प्राप्त हुआ है.

बैंक का प्रयास है "उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्टता"

वर्ष 2012-13 के दौरान प्रदत्त प्रशिक्षण के ब्यौरे

संवर्ग	प्रशिक्षितों की सं.
कुशल	16367
अकुशल	799
कुल	17166

ब्यौरे	पुरूष	महिला	विकलांग	कुल
महाविद्यालय/केन्द्र कार्यक्रम	9384	2018	58	11460
कार्यशालाएं	3560	440		4000
स्थानीय कार्यक्रम	1399	307		1706
कुल	14343	2765	58	17166

सिद्धांत 4- स्टेकधारकों से वादा

यूनियन बैंक का विश्वास स्टेकधारकों से प्रभावी और लगातार संबंध बनाए रखना है, जो संगठन की दीर्घकालीन सफलता और स्थायित्व की कुंजी है. बैंक स्टेकधारक को ऐसा व्यक्ति मानता है, जो बैंक के परिचालनों से प्रभावित होता है या जो बैंक के परिचालनों को प्रभावित करता है.

बैंक ने अपने स्टेकधारकों की पहचान की है और उन्हें आंतरिक और बाह्य में वर्गीकृत किया है, जिससे संबंधों में प्रगाढ़ता लाने की योजना बनाई जा सके. बैंक के आंतरिक स्टेकधारकों में कर्मचारी, शेयरधारक और प्रवर्तक शामिल हैं, जबकि बाह्य स्टेकधारकों में ग्राहक, स्थानीय समुदाय/ आपूर्तिकर्ता, एनजीओ, औद्योगिक एसोसिएशन, नियामक निकाय आदि शामिल हैं, पर यह सूची यहीं तक सीमित नहीं है. यूनियन बैंक अपने परिचालनों की शुरुआत से ही अपने सभी स्टेकधारकों से विभिन्न संप्रेषण चैनलों के माध्यम से औपचारिक या अनौपचारिक रुप से जुड़ा है.

बैंक ने ऐसे कुछ स्टेकधारकों की पहचान की, जो वंचित, संवेदनशील या हाशिए पर थे और उन्हें विशेष उत्पाद/योजनाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया. इन स्टेकधारकों के कुछ समूहों में कृषि ग्राहक, एमएसएमई ग्राहक, स्वसहायता समूह (एसएचजी), अल्पसंख्यक समूह, शहरी मजदूर और फेरीवाले, पिछड़े गांवों में रह रहे ग्रामीण आदि शामिल हैं और यह यहीं तक सीमित नहीं है. ऐसे सभी स्टेकधारकों के लिए, बैंक ने विशिष्ट उत्पाद, सेवाएं और योजनाएं बनाई हैं, जिनके विवरण बैंक की कारपोरेट वैबसाइट पर उपलब्ध हैं.

ग्राहक

बैंक के केंद्रित प्रयास उसके समस्त संपर्क स्थलों अर्थात् शाखा, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कॉल सेंटर इत्यादि पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं.

विदेशों में उपस्थिति :

बैंक ने 2008 में हांगकांग में अपनी पहली शाखा और आबू धाबी (यूएई), बीजिंग और शंघाई (चीन), सिडनी (आस्ट्रेलिया) एवं लंदन (यूके) में 5 प्रतिनिधि कार्यालय खोलकर विदेशी धरती पर अपने पैर फैलाना शुरु किया था. 2008 में हांगकांग में खोली गई शाखा हांगकांग एवं सिंगापुर में बसे भारतीय कारोबारियों के साथ ही साथ भारतीय कंपनियों की विदेशी मुद्रा आवश्यकताओं को पूरा करती है.

दूसरी विदेशी शाखा मार्च 2013 में डीआईएफसी, दुबई में खोली गई.

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) में ओवरसीज़ शाखा का शुभारंभ

श्री नमो नारायण मीणा, माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार ने श्री डी. सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में दुबई इंटरनेशनल फाईनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) में बैंक की दूसरी ओवरसीज़ शाखा का शुभारंभ करते हुए.

डीआईएफसी विशेष रूप से स्थापित एक वित्तीय हब है. यहां पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मित्रतापूर्ण स्थितियों का लाभ उठाकर इस क्षेत्र के कारोबार को तेज गति से विस्तार करने हेतु आदर्श स्थिति है. यूनियन बैंक की डीआईएफसी शाखा की शुरुआत बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही साथ यूएई एवं भारत के विकास में योगदान देगी.

ग्राहक संप्रेषण को विभिन्न अवस्थाओं यथा- उत्पादों/सेवाओं की जानकारी देने, कारोबारी लेन-देन करते समय और फीडबैक प्राप्त करते समय प्राथमिकता से लिया जाता है.

उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु, बैंक ग्राहकों से जुड़ने/संप्रेषण के लिए निम्नलिखित उपाय अपना रहा है.

- बैंक ने ग्राहक संबंध अधिकारी नियुक्त किये है, जिनके लिये यह आवश्यक है कि वे नियमित रूप से ग्राहक के सम्पर्क में रहे जिससे ग्राहक से संबंध और भी घनिष्ठ हों.
- बैंक अपने स्टाफ के लिये कई तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है, जिससे शिकायतकर्ता कैम्पैनर मे बदला जा सके.
- बैंक विपणन के लिये मीडिया का भी सहारा लेता है, जिससे वे ग्राहक को विभिन्न प्रकार के नए उत्पाद व सेवाओं के बारे में बता सके. गत वर्ष का विषय तकनीकी नवप्रवर्तन. गत वर्ष बैंक को एबीसीआई (Association of Business Communication of India) द्वारा विपणन व शाखा संप्रेषण हेतु अवार्ड प्राप्त हुआ था.
- बैंक ने 24x7 की तर्ज पर खुद का कॉल सेंटर शुरू किया, जिससे ग्राहक की शंकाओं का निवारण किया जा सके.
- बैंक शाखा स्तर, क्षेत्रीय स्तर व कॉरपोरेट स्तर पर तिमाही ग्राहक बैठक आयोजित करता है. बैंक इस मंच का उपयोग ग्राहक से संपर्क स्थापित करने व अपने उत्पाद व सेवाओं में हुए नवीन विकास की जानकारी देता है जैसे "अपने ग्राहक को जाने" (केवाइसी) का पालन, इंटरनेट बैंकिंग इस्तेमाल करते समय बरतने वाली सावधानियां ग्राहक से संबद्ध व सभी क्षेत्र, जिससे सुरक्षित बैंकिंग बढ़ती है. इन सभी बैठकों में बैंक की तिमाही प्रगति भी बताई जाती है.
- बैंक ने एक समर्पित कस्टमर केयर यूनिट बनाया है, जो ग्राहकों के सभी सप्रेषणों का उत्तर देता है, और सिस्टम में सुधार के लिए प्राप्त फीडबैक का अध्ययन और मूल कारण का विश्लेषण करता है और उसे पूरी तरह सुधारने की कोशिश करता है. इंटरनेट बैंकिंग व एटीएम में पिन प्राप्त न होने की शिकायतों में कुछ वर्षों में काफी गिरावट आई है. कस्टमर केयर यूनिट ग्राहक की शिकायतों के निपटान के संतुष्टि स्तर की भी जांच करता है.
- **यूनियन एक्सपीरियंस**

  बैंक की 3500 से अधिक शाखाएं ग्राहकों के साथ संबंध स्थापित करने के प्राथमिक बिंदु हैं. आनंददायी ग्राहक अनुभव उपलब्ध कराने की दृष्टि से, बैंक रुपांतरण यात्रा पर है और बैंक की विभिन्न शाखाएं "यूनियन एक्सपीरिएन्स" नाम से एक मॉडल के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है. इस नई शाखा मॉडल में, 35% के प्रतिशत की तुलना में 65%स्टाफ ग्राहकों की सीधी पहुंच में रहता है. इन शाखाओं का स्टाफ ग्राहकों से सक्रिय रुप से निपटने और उनकी विशिष्ट जरुरतों के अनुरुप वित्तीय समाधान मुहैय्या कराने हेतु प्रशिक्षित होता है.

बैंक की 200 वीं यूनियन एक्सपीरियंस शाखा ग्राहक सेवा के संवर्धित स्तर हेतु रुपांतरण की यात्रा में एक मील का पत्थर है. यह शाखा स्व सेवा पास बुक प्रिंटर, एक चेक जमा मशीन, जो चेक स्वीकार करती है और ग्राहकों को लिखत की फोटो प्रति सहित पावती उपलब्ध कराती है और फोन बैंकिंग सेवा, जिसे यूनियन रीच नाम दिया गया है और जो 9 भाषाओं में ग्राहक की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति करती है, सहित अत्याधिक स्व सेवा लॉबी रखती है.

200वीं यूनियन एक्सपिरियेन्स शाखा, महालक्ष्मी, मुंबई में

यूनियन बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी. सरकार, कार्यपालक निदेशक श्री एस. एस. मूंदडा व श्री एस. के. जैन ने महालक्ष्मी, मुंबई में स्थित यूनियन एक्सपीरिएंस शाखा का उद्‌घाटन किया.

कर्मचारीगण

- बैंक की आंतरिक गृहपत्रिका 'यूनियन धारा' संगठन की संस्कृति, ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता और वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास जैसे विकास के प्रमुख क्षेत्रों की बेहतर समझ के निर्माण के लिए है. यूनियन धारा निरंतर एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया(एबीसीआई)से पुरस्कार जीतती आई है. हाल ही में, यूनियन धारा ने एबीसीआई के पचासवें पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिष्ठित "मैगजीन ऑफ द ईयर" सहित 7 पुरस्कार जीते हैं.



- बैंक के कर्मचारियों को समर्पित इंट्रानेट पोर्टल, जिसमें सभी आंतरिक नीतियां, दिशानिदेश, कोड, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से संप्रेषण होता है, के माध्यम से संप्रेषण प्रेषित किए जाते हैं.
- केंद्रीय कार्यालय से क्षेत्र/ शाखाओं का अप्रनि/कानि/महाप्रबंधक द्वारा आवधिक निरीक्षण किया जाता है.
- बैंक के पास innovation@unionbankofindia.com शीर्षक के अंतर्गत देश भर से स्टाफ सदस्यों से फीडबैक प्राप्त करने हेतु समर्पित ऑन-लाइन प्रक्रिया है. उत्पाद, प्रक्रिया और सेवाओं में विकास/सुधार के लिए कर्मचारियों के सुझाव एकत्र, विश्लेषित और कार्यान्वयन के दौरान ध्यान में लिए जाते हैं.

निवेशक

- बैंक प्रत्येक तिमाही निष्पादन की विशेषताओं सहित संक्षिप्त तुलन पत्र प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करता है.
- बैंक के निष्पादन के बारे में शेयरधारकों को अर्ध-वार्षिक संप्रेषण के माध्यम से भी बैंक सूचना देता है.
- बैंक तिमाही आधार पर विश्लेषकों और निवेशकों की बैठक भी आयोजित करता है.

सोसाइटी

- बैंक भारत में बैंकिंग उद्योग की कार्यप्रणाली सुधारने के लिए सरकार एवं अन्य प्रमुख बैंकों से निरन्तर सम्पर्क रखता है और विभिन्न नीतियों के क्रियान्वयन और उद्योग स्तर के मुद्दों में सक्रिय भागीदारी रखता है.
- बैंक ने 150 गांवों को आदर्श ग्राम में परिवर्तित करने हेतु अंगीकृत किया है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यपालक निदेशक ने ग्रामवासियों से आपसी समन्वय और कार्यक्रम के प्रभाव को बढ़ाने हेतु इन गावों के आवधिक दौरे किए.

यूनियन बैंक आफ इंडिया को वर्ष 2010-11 के लिये प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया.

हिन्दी का समुचित प्रयोग, हिन्दी भाषी किसानों व अन्य हिताधिकारियों के बड़े समुदाय को लाभ पहुचाने में सहायक सिद्ध हुआ.

इंदिरा गांधी राजभाषा शील्ड

राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए यूनियन बैंक के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री डी. सरकार.

यूनियन बैंक ने कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया से प्रतिष्ठित आई-टी इनोवेशन अवार्ड प्राप्त किया है. केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री अजीत सिंह, द्वारा इस सम्मान के साथ ₹ 1,00,000 का नकद पुरस्कार दिया गया.

यूनियन बैंक को यह सम्मान दृष्टिबाधितों के लिये बोलता एटीएम आरंभ करने पर प्राप्त हुआ. यह समाधान सभी बैंकों के ग्राहकों के डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड पर काम करता है.

प्रतिष्ठित आई-टी इनोवेशन अवार्ड

माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री अजीत सिंह से पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री आर. के. चौधरी, उप महाप्रबंधक कोलकाता और श्री डी. के. कनवरिया, सहायक महा प्रबंधक, वैकल्पिक डिलीवरी चैनल.

सभी स्टेकधारकों से प्रभावी संप्रेषण कायम रखने के लिए बैंक की वेबसाइट भी विकसित की गई है, जिससे बैंक के स्टेकधारकों से नियमित संपर्क रखा जा सके.

सिद्धांत 5 - मानव अधिकारों के लिए सम्मान

भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते तथा एक जिम्मेदार कार्पोरेट इकाई के रूप में बैंक की यह जिम्मेदारी है कि वह केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय सरकार अथवा मानवाधिकार के संबंध में संवैधानिक प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित सभी निर्देशों, अनुदेशों व आदेशों का सच्चे मन से सम्मान करते हुए पालन करे.

बैंक की नीतियां अपने कर्मचारियों के साथ-साथ बैंक के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले शेयरधारकों के मानवाधिकारों के मुद्दे पर आधारित है. बैंक यह आशा करता है कि उसके कारोबारी भागीदार, जिसमें आपूर्तिकर्ता, कारोबार संपर्की आदि शामिल हैं, बैंक के कर्मचारियों के मानव अधिकारों का सम्मान करें तथा उनके इन अधिकारों के उल्लंघन से बचें. बैंक को इस रिपोर्टिंग वर्ष में मानवाधिकारों के उल्लंघन के संबंध में कोई शिकायत नहीं प्राप्त हुई है.

सिद्धांत 6 - पर्यावरण पर प्रभाव

बैंक के कामकाज की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत प्रदूषण रहित है, बैंकिंग में संचालित गतिविधियां और उसकी सेवाएं और उत्पाद मूल रूप से वित्त तथा बीमा संबंधी क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं. उनके कारण से पर्यावरण पर पड़ने वाला दबाव अर्थव्यवस्था के अधिकांश अन्य क्षेत्रों से पड़ने वाले प्रभाव की तुलना में काफी कम है.

फिर भी, बैंक ने पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए यथासंभव महत्त्वपूर्ण कदम उठाए है. बैंक ने अपनी शाखाओं और एटीएम के विशाल नेटवर्क तथा कारोबार संपर्की मॉडल के द्वारा देश के दूरस्थ स्थानों पर भी हर जगह चौबीसों घंटे बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोर बैंकिंग कार्यप्रणाली को अपनाया है. बैंक में प्रयुक्त अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी दस्तावेज विहीन आंकड़ों के आदान-प्रदान को तेज गति से निपटाने में सक्षम है. इसके अतिरिक्त, बैंक ने सभी भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से करने को अनिवार्य कर दिया है तथा ग्राहकों को भी ई-भुगतान के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है.

बैंक द्वारा बिजली की बचत के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं तथा पेपरलेस (कागज रहित) बैंकिंग को प्रोत्साहित करने और उसे सरल बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं. ऐसे स्टार-रेटेड बिजली उपकरणों के उपयोग को बढ़ाया जा रहा है, जो बिजली की खपत कम करते हों. बैंक द्वारा परिचालन के प्रभावों को कम करने के लिए कुछ नए कदम उठाए जा रहे हैं, जो निम्न हैं :

- कार्पोरेट कार्यालय के सभी कारों को सीएनजी आधारित बनाया जा चुका है, जिससे कि उससे कहीं अधिक प्रदूषण फैलाने वाले पेट्रोल और डीजल ईंधन पर निर्भरता कम की जा सके.
- बैंक ने बिजली के उपकरणों तथा एयर कंडीशनर्स में गति संवेदक या मोशन सेंसर स्थापित किया हैं जिससे केबिन के दो मिनट से अधिक समय से खाली रहने पर कमरे में बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है और कमरे में किसी के प्रवेश के साथ ही पुन: स्वत: चालू हो जाती है.

बैंक उन उद्योगों को ऋण नहीं देती है, जो ओजोन क्षयकारक पदार्थ उत्पादित करते हैं. अपनी ऋण स्वीकृति प्रक्रिया में बैंक प्रदूषण फैलाने वाली संस्थाओं को नकरात्मक रूप से लेती है और उन उद्योगों को ऋण स्वीकृत नहीं करती है, जिन्हें पर्यावरण सुरक्षा अनुमति प्राप्त नहीं है.

बैंक ऐसे प्रकल्प/परियोजना को प्रोत्साहित करता है, जो यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन के जलवायु परिवर्तन के अंतर्गत आने वाले स्वच्छ विकास प्रक्रिया के तहत स्वीकृत हैं.

चूंकि बैंकिंग गतिविधियों में पर्यावरण को क्षति पहुँचाने की संभावना कम है, इसलिए बैंक ने कोई औपचारिक पर्यावरण जोखिम मूल्यांकन नही किया है. बैंक अपनी भिन्न परिचालन गतिविधियों के रहते किसी प्रकार का महत्वपूर्ण स्त्राव/क्षय नही करता है. अत: जो भी स्त्राव/क्षय होता है, वह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बताई गई सीमा के अंदर होता है. बैंक द्वारा किसी भी प्रकार का उल्लंघन नहीं किया गया है.

सिद्धांत 7- जनहित का समर्थन

यूनियन बैंक कई वित्तीय व उद्योग संबद्ध व्यापार चेम्बर व संस्था का सदस्य है, जिनमें मुख्य है:

a) भारतीय बैंक संघ (आईबीए)

b) भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ)

c) द असोसिएटेड चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचेम)

d) भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल महासंघ (एफआईसीसीआई)

e) भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)

जनहित की नीति के लिए बैंक संयुक्त मंच का उपयोग करता है, जैसे कि व्यापारिक चेम्बर व औद्योगिक संघ, जिनका बैंक सदस्य है और बैंक यह काम पूर्ण जिम्मेदारी व नैतिकता के साथ करता है. बैंक विधिनिर्माता व अन्य सरकारी पदाधिकारियों के संपर्क में रहता है, जिससे बैंक के व्यापार व उसके कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली नीति व कानून बनाने में सहयता कर सके. बैंक का मुख्य केंद्र बिन्दु संयुक्त विकास, वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता है .

इसके साथ ही बैंक के उच्च कार्यपालक विभिन्न समितियों में नामित हैं, जैसे भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबै), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), ग्राहक सेवा में सुधार के लिए कार्यरत अन्य संस्थाएं.

सिद्धांत 8 - समावेशी विकास

देश के कोने-कोने में फैली हुई 1.2 बिलियन भारतीय आबादी का 41% हिस्सा न केवल छः लाख से अधिक गावों में, बल्कि महानगरों और शहरों की गंदी बस्तियों में रहता है, जो अभी भी बैंकरहित हैं अर्थात् उन्हें औपचारिक वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं. देश के वास्तविक और समावेशी विकास हेतु देश के प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में बैंकिंग संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इस बात पर विश्वास करता है कि गरीबों को दी जानेवाली सेवाओं की लागत नवोन्मेषी डिलीवरी मॉडल के माध्यम से यदि कम की जाती है, तो गरीबों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया कराना एक सार्थक अवसर होगा. बैंक ने वित्तीय समावेशन को अपने कारोबार का एक प्रमुख उद्देश्य माना है और हमारा बैंक उन चुनिंदा बैंकों में से एक है, जिसने पिछले 5-6 वर्षों से अपनी कारोबार योजना में वित्तीय समावेशन की योजना को भी शामिल किया है.

बैंक ने 2010-13 के लिए तीन वर्ष की वित्तीय समावेशन योजना बनाई है, जिसे बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है. वित्तीय समावेशन में जो लक्ष्य रखा गया है, उसे प्राप्त करने हेतु बैंक ने महा प्रबंधक की निगरानी में कार्पोरेट कार्यालय में अलग से वित्तीय समावेशन वर्टिकल की स्थापना की है, जो बैंक द्वारा की गयी वित्तीय समावेशन की पहल की प्रगति और 100% सार्थक वित्तीय समावेशन प्राप्ति के प्रभाव और अब तक बैंक रहित गांवों में पहुंच का अनुश्रवण करता है.

वित्तीय समावेशन अभियान प्रारंभ करने के केवल तीन साल के अंदर बैंक ने बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड टेक्नालॉजी के तहत 12.50 मिलियन ग्राहकों को कवर करते हुए उल्लेखनीय प्रगति की है, जो बैंक के वित्तीय समावेशन विजन को वास्तविकता में बदलने का द्योतक है. बैंक का वित्तीय समावेशन प्रोजेक्ट शाखा नेटवर्क तथा शाखा रहित बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ किया गया है. इसमें निम्नलिखित पर लक्ष्य केन्द्रित किया गया है:

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम(मनरेगा) / सामाजिक सुरक्षा पेंशन (एसएसपी) लाभार्थी.
- दुग्ध आपूर्तिकर्ता
- सामान्य वित्तीय समावेशन ग्राहक
- शहरी गरीब

9 कारोबार संपर्की मॉडल के माध्यम से शाखा रहित बैंकिंग गतिविधियों के लिए एंड टू एंड वित्तीय समावेशन सोल्यूशन मुहैया कराने हेतु बैंक ने 9 प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता (टीएसपी)को नियुक्त किया है. स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तपोषण करने हेतु कर्नाटक में कार्यरत मशहूर एनजीओ श्री क्षेत्र धर्मस्थल ग्रामीण विकास प्रोजेक्ट के साथ बैंक ने टाई अप किया है. यह स्वयं सहायता समूह मुख्यत: कृषि तथा विविध संबद्ध गतिविधियों में कार्यरत है, जिससे ग्रामवासियों को लाभकारी रोजगार और आय उत्पन्न होती है.

महिलाओं द्वारा तैयार किए गये संयुक्त देयता समूहों के लिए बैंक ने एक विशेष ऋण उत्पाद तैयार किया है. इसके तहत बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग करते हुए कारोबार संपर्की मॉडल के माध्यम से ऋण नियोजन किया जाता है. बैंक ने प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता को निदेश दिए हैं कि इस ऋण उत्पाद का कार्यान्वियन कारोबार संपर्कियों के माध्यम से करें.

वित्तीय समावेशन में बैंक की उल्लेखनीय प्रगति निम्नानुसार है :

- वर्तमान में बैंक 12.50 मिलियन वित्तीय समावेशन ग्राहकों को बैंकिग सेवा मुहैया करा रहा है और कारोबार संपर्की मॉडल के माध्यम से देश के 29497 बैंक रहित गावों को कवर किया गया है.
- शाखा रहित बैंकिंग हेतु तकनीक का अधिक उपयोग किया जा रहा है अर्थात बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड टेक्नॉलाजी, प्री-पेड मोबाइल प्लॅटफार्म, मोबाईल वैन बैंकिंग. बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड और जनाधार रुपे कार्ड के प्रयोग में बैंक अग्रणी है. बैंक निम्नलिखित में भी अग्रणी है:
- बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड आधारित शाखा रहित बैंकिंग शुरु करने में अग्रणी.
- शहरी गरीबों के लिए बायोमेट्रिक स्मार्ट कार्ड आधारित बैंकिंग प्रारंभ करने वाला पहला बैंक.
- साप्ताहिक समान किश्तों के साथ माइक्रो क्रेडिट उत्पाद प्रारंभ करनेवाला पहला बैंक.
- माईक्रो क्रेडिट उत्पाद के साथ माइक्रो बीमा देनेवाला पहला बैंक.
- पहचान किए गये इलाकों में बायोमेट्रिक कार्ड आधारित प्रेषण उत्पाद प्रारंभ करनेवाला पहला बैंक.

- शाखा रहित बैंकिंग के माध्यम से जी 2 पी भुगतान में अग्रणी.

वित्तीय समावेशन पहल के अलावा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से कई सामुदायिक विकास परियोजनाओं में भी योगदान दिया है. बैंक द्वारा की गयी सीएसआर पहल के ब्यौरे इस रिपोर्ट के भाग बी में कवर किए गये हैं.

बैंक द्वारा की गयी अन्य पहल और फोकस एरिया में निम्नलिखित शामिल हैं:

- यूनियन आदर्श ग्राम के तहत पिछड़े गावों का अंगीकरण.
- बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) स्थापित कर ग्रामीण युवाओं को नि:शुल्क भोजन और आवासीय गहन अल्पावधि स्व रोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम दे रहा है, जिससे वे अपने माइक्रो उद्यम सफलता से चलाने हेतु स्व रोजगार पहल तथा कौशल उन्नयन कर सकें.
- स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ लिंकेज स्थापित करना, सदस्यों और ग्राहकों की सहभागिता, क्षमता वृद्धि और सशक्तीकरण पर ध्यान देना.
- स्कूली शिक्षा हेतु गरीब बालिकाओं का अंगीकरण.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक "बैंकर ऑफ द ईयर" अवार्ड लेते हुए

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को स्कॉच कंसलटेंसी द्वारा उनके वित्तीय समावेशन अवार्ड 2013 के अंतर्गत "बैंकर ऑफ द ईयर" अवार्ड से सम्मानित किया गया. हाल ही में बैंक को भारतीय बैंक संघ द्वारा वित्तीय समावेशन के लिए "सर्वश्रेष्ठ बैंक वर्ष 2012" के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया.

स्व रोजगार, माइक्रो क्रेडिट, ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण और स्वयं सहायता समूह में बैंक द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर सावधानी से ध्यान दिया जा रहा है. विविध योजनाओं के तहत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा यूनियन बैंक सोशल फाऊंडेशन ट्रस्ट द्वारा आवधिक स्तर पर की जाती है.

सामाजिक उद्देश्यों के कार्यान्वयन की दिशा में, यूनियन बैंक निम्नलिखित 14 जिलों में अग्रणी बैंक की जिम्मेदारियों को गर्व से पूरा कर रहा है.

- उत्तर प्रदेश में वाराणसी, चंदौली, संत रविदास नगर(भदोही), जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर.
- मध्यप्रदेश में रीवा, सिधी और सिंगरौली.
- केरल में एर्णाकुलम, इडुक्की.
- बिहार में समस्तीपुर और खगड़िया.

अग्रणी बैंक की भूमिका के रूप में यूनियन बैंक अपने अग्रणी जिलों में निम्नलिखित कार्यों को सुनिश्चित करता है-

- शाखा विस्तार, जमाराशियों का संग्रहण और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण देना.
- जिला ऋण योजना/वार्षिक ऋण योजना की तैयारी और कार्यान्वयन
- एसीपी और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन में भौतिक और वित्त से संबंधित समग्र प्रगति का अनुश्रवण करना.
- पात्र लाभार्थियों को अनुदान/लाभ हस्तांतरण सुनिश्चित कराना.
- वित्तीय समावेशन
- वित्तीय साक्षरता, क्रेडिट परामर्श और क्रेडिट प्लस गतिविधियां.
- समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैंक और सरकार को एक साथ काम करने में समर्थ बनाना.

अग्रणी जिलों में दिये गए कुल अग्रिमों में से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का अग्रिम और कृषि अग्रिम में बैंक का योगदान क्रमश: 62.87% और 30.54% है.

एर्णाकुलम जिला, जो हमारे बैंक के अग्रणी जिलों में से है, उसे दिनांक 22 नवंबर 2012 को आयोजित कार्यक्रम में केरल के भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर द्वारा "सार्थक वित्तीय समावेशन" प्राप्त करने वाला देश का पहला जिला घोषित किया गया.

एर्णाकुलम देश का पहला "सार्थक वित्तीय समावेशन" जिला

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. डी सुब्बाराव एर्णाकुलम को प्रथम सार्थक वित्तीय समावेशित जिला घोषित करते हुए.

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्री डी. सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के. एम. मणि, वित्त मंत्री, केरल, श्री ओमेन चंडी, मुख्य मंत्री, केरल, अध्यक्ष यूआईडीएआई एवं डा. डी. सुब्बा राव, गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक.

बैंक ने अग्रणी जिलों में उच्च वित्तीय साक्षरता और क्रेडिट काउंसलिंग के लिये 14 एफएलसीसी उपलब्ध कराए है. इसके अलावा,14 आरसेटी युवाओं की क्षमता बढ़ाने व उन्हे रोजगार व स्व: रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कार्यरत हैं.

सिद्धांत 9 - ग्राहक अभिकेन्द्रण

यूनियन बैंक ग्राहकों को सर्वोत्तम ग्राहक सेवा मुहैया कराने व स्वस्थ ग्राहक संबंध रखने हेतु वचनबद्ध है.

प्रोजेक्ट नव निर्माण

इस दूरदर्शी प्रोजेक्ट का उद्देश्य बैंक को ग्राहक केन्द्रित वित्तीय सेवा संस्था में बदलने का है. इस रुपांतरण का निर्माण बैंक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना और सरकारी क्षेत्र के बैंकों में देश का सर्वश्रेष्ठ बैंक बनने का है और ग्राहक सेवा में उत्तम अनुभूति देने का है.

वर्तमान में बैंक इस प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण में काम कर रहा है, जिसमें ग्राहक संबंध के लिये शाखा के अंदर अनुभव को पुनर्रचना के माध्यम से बेहतर बनाना, ग्राहक अनुभव के लिये वैकल्पिक चैनलों का समेकन करना, कॉल सेंटर की क्षमता को बढ़ाना और सशक्त शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध करना शामिल है.

250वीं यूनियन एक्सपीरिएंस शाखा

श्री डी. सरकार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कार्यपालक निदेशक द्वय श्री एस. के. जैन व श्री के. सुब्रम्हण्यम की उपस्थिति में नरीमन पॉइंट, मुंबई में 250वीं यूनियन एक्पीरिएंस शाखा का उद्घाटन किया.

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों की सभी शिकायतों का निवारण जहां तक संभव हो, दक्ष व कारगर तरीके से किया जाये. बैंक ने हाल ही में यह सुनिश्चित करने हेतु एक मैकेनिज़्म कार्यान्वित किया है, जिसमें ग्राहक मौखिक और लिखित शिकायतें कर सके, जिस पर बाद में ध्यान देकर अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है. आलोच्य वर्ष के दौरान विविध चैनलों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 98% का निपटान हो चुका है.

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि उत्पादों से संबंधित सभी जानकारी, उसके ऑफर विविध सामान्य चैनेलों तथा प्रत्यक्ष सूचना के माध्यम से ग्राहकों को सहजता से उपलब्ध हों. इसके अलावा बुकलेट और लीफलेट के माध्यम से उत्पाद की जानकारी मुहैया करायी जाती है. इनकी जानकारी शाखा में नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने के साथ ही साथ लीफलेटों, आवेदन बुकलेटों, पास बुकों आदि के माध्यम से भी ग्राहकों को उपलब्ध करायी जाती है. उनके द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले उत्पाद अथवा सेवा में होने वाले किसी भी परिवर्तन के बारे में भी ग्राहक को उचित रुप से सूचित किया जाता है.

बैंक ने 'उचित व्यवहार उधार संहिता' को अंगीकृत किया है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा उचित और नीतिपरक है. इस संहिता के तहत बैंक ने यह घोषित किया है कि वह उत्पाद के विज्ञापन और मार्केटिंग में और सेवाओं तथा निबंधनों, लागत, अधिकारों और देयताओं से संबंधित जानकारी समय पर और सही तरह से मुहैया कराने में ईमानदार रहेगा. अधिक जानकारी हेतु बैंक की कार्पोरेट वेबसाइट पर इस संहिता को देखा जा सकता है.

बैंक ग्राहकों अथवा प्रतियोगियों के प्रति किसी अनुचित अथवा कपटपूर्ण कार्य में शामिल नहीं होता है और हमेशा यह सुनिश्चित करता है कि उसका विज्ञापन सच्चा, उचित और सही है. पिछले पांच वर्षों में इस संबंध में किसी स्टेकधारक ने बैंक के विरुद्ध कोई केस फाइल नहीं किया है.

अपने ग्राहकों की अपेक्षाओं तथा संतुष्टि स्तर को जानने हेतु बैंक लगातार प्रयास कर रहा है. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक ने बाहरी एजेंसी के माध्यम से एक ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किया. यह सर्वेक्षण भारत के 12 शहरों में किया गया था, जिसके मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे.

KEY FINANCIAL INDICATORS

S.No.	Particulars % (In Percentage)	31.03.2004	31.03.2005	31.03.2006	31.03.2007	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013
1	Interest Income/Average Working Funds (AWF)	8.43	7.96	7.49	8.08	8.35	8.78	8.04	8.33	9.35	9.19
2	Interest Expenses/AWF	5.19	4.65	4.46	5.03	5.76	5.96	5.51	5.19	6.33	6.43
3	Interest Spread/AWF	3.24	3.31	3.03	3.05	2.59	2.82	2.53	3.14	3.02	2.76
4	Non-Interest Income/AWF	1.55	1.23	0.63	0.75	1.20	1.09	1.19	1.03	1.09	0.93
5	Operating Expenses/AWF	2.02	2.01	1.79	1.61	1.44	1.63	1.52	2.00	1.77	1.65
6	Cost Income Ratio	42.26	44.42	48.90	42.45	38.17	41.81	40.66	47.85	43.15	44.70
7	Gross (Operating) Profit/AWF	2.77	2.52	1.87	2.19	2.34	2.28	2.21	2.18	2.34	2.04
8	Net Profit/AWF	1.33	1.15	0.86	0.92	1.26	1.27	1.25	1.05	0.79	0.79
9	Return on Net Worth	27.36	22.90	16.55	17.88	24.70	24.79	23.69	18.63	13.67	13.68
10	Return on Terminal Assets	1.22	0.99	0.76	0.82	1.12	1.07	1.06	0.88	0.68	0.69
11	Return on Average Assets	1.32	1.10	0.84	0.92	1.26	1.27	1.25	1.05	0.79	0.79
12	Yield on Advances	9.03	8.33	8.18	8.98	10.12	11.06	9.94	9.86	11.22	11.05
13	Cost of Deposits	5.64	4.97	4.75	5.23	6.19	6.50	5.94	5.53	6.93	7.38
14	Dividend payout Ratio to Net Profit (including Corporate Dividend Tax)	25.51	25.32	30.78	24.20	17.04	17.11	15.66	23.44	28.64	25.89
15	Credit - Deposit Ratio	61.17	67.96	75.50	76.46	75.55	73.22	73.71	78.11	84.94	84.11
16	Credit + Non SLR Investment (excluding Investments in Subsidiaries) - Deposit Ratio	73.74	77.86	84.29	81.49	78.44	76.75	80.75	84.08	86.51	87.63
17	Capital Adequacy Ratio	12.32	12.09	11.41	12.80	12.51	13.27	12.51	12.95	11.85	11.45
	Tier I	6.47	6.07	7.32	7.79	7.45	8.18	7.91	8.69	8.37	8.23
	Tier II	5.85	6.02	4.09	5.01	5.06	5.09	4.60	4.26	3.48	3.22

KEY FINANCIAL INDICATORS

S.No.	Particulars	31.03.2004	31.03.2005	31.03.2006	31.03.2007	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013
1	Employees (Number)	25630	25645	25421	25969	25722	27510	27772	27746	30838	31798
2	Branches (Number)	2020	2051	2082	2206	2361	2558	2805	3016	3201	3511
3	Business per Employee (Rs in Crore) *	2.86	3.46	4.36	5.09	6.20	6.94	8.53	10.43	10.70	12.15
4	Gross Profit per Employee (Rs in Lacs)	5.79	6.13	5.77	7.70	10.03	11.20	13.18	15.52	17.04	17.56
5	Net Profit per Employee (Rs in Lacs)	2.78	2.81	2.66	3.25	5.39	6.28	7.47	7.50	5.80	6.79
6	Business per branch (Rs in Crore) *	36.35	43.35	53.29	59.94	67.52	74.61	84.49	95.93	103.11	110.05
7	Gross Profit per branch (Rs in Crore)	0.73	0.77	0.70	0.91	1.09	1.20	1.30	1.43	1.64	1.59
8	Net Profit per branch (Rs in Crore)	0.35	0.35	0.32	0.38	0.59	0.68	0.74	0.69	0.56	0.61
9	Earnings per Share (in Rupees)	15.47	15.64	14.58	16.74	27.46	34.18	41.08	39.71	34.07	38.93
10	Book Value per Share (in Rupees)	55.71	67.18	80.77	93.60	111.19	137.87	173.38	213.17	237.48	264.37

Note : * Average Business

Definitions :

Average Working Funds (AWF)	:	Fortnightly average of total assets
Average Deposits	:	Fortnightly average of total deposits
Average Advances	:	Fortnightly average of total advances
Average Business	:	Total average deposits and average advances
Average Investments	:	Fortnightly average of total investments
Interest Income/AWF	:	Total interest income divided by AWF
Interest Expenses/AWF	:	Total interest expenses divided by AWF
Interest Spread/AWF	:	Total interest income minus Total interest expenses divided by AWF
Non Interest Income/AWF	:	Total Non interest income divided by AWF
Operating Expenses	:	Total Expenses minus Interest Expenses
Operating Expenses/AWF	:	Operating profit divided by AWF
Cost Income Ratio	:	Operating Expenses / Non Interest Income plus interest spread
Gross Profit/AWF	:	Operating profit divided by AWF
Net Profit/AWF	:	Net Profit divided by AWF
Return on Net Worth	:	Net Profit / Net Worth (excluding revaluation reserves and intangible assets
Return on Assets	:	Net Profit / Total Assets
Return on Average Assets	:	Net Profit / AWF
Yield on Advances	:	Interest Earned on Advances / Average Advances
Cost of Deposits	:	Interest paid on deposits divided by average deposits
Dividend Payout Ratio	:	Dividend including corporate Dividend Tax / Net Profit (including Corporate dividend tax)
Credit Deposit Ratio	:	Total advances / Customer Deposits (i.e. Total Deposits minus Inter Bank Deposits)
Credit + Non SLR Investments (excluding Investment in Subsidiaries) - Deposit Ratio	:	Total Advances + Non-SLR Investments minus Investments in subsidiaries / Customer Deposits
Business per employee	:	Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of employees
Gross Profit per Employee	:	Gross Profit divided by total No. of employees
Net Profit per Employee	:	Net Profit / Total No. of Employees
Business per Branch	:	Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of branches
Gross Profit per Branch	:	Gross Profit / No. of Branches
Net Profit per Branch	:	Net Profit / No. of Branches
Earning per Share	:	Net Profit divided by equity multiplied by ten
Book Value per share	:	Net worth (excluding Revaluation Reserve and intangible assets)/ equity multiplied by ten

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Eleventh Annual General Meeting of the shareholders of Union Bank of India will be held on Wednesday, 26th June, 2013 at 3.30 p.m. at **Rama Watumull Auditorium,** K. C. College, Dinshaw Wacha Road, Churchgate, Mumbai – 400 020 to transact the following business:-

Item No. 1

To discuss, approve and adopt the Balance Sheet as at 31st March, 2013 and the Profit & Loss Account for the year ended on that date, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

Item No. 2

To declare dividend on Equity Shares for the financial year 2012-13.

By Order of the Board of Directors
For UNION BANK OF INDIA



(D. Sarkar)
Chairman & Managing Director

Place : Mumbai
Dated : 20.05.2013

NOTES:

(i) APPOINTMENT OF PROXY

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE ANNUAL GENERAL MEETING IS ALSO ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/HERSELF AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. The Proxy form, in order to be effective, must be received at the Head Office of the Bank not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting, i.e., on or before the closing hours of the Bank i.e. 5.00 p.m., on Friday, 21st June, 2013.

(ii) APPOINTMENT OF AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the Annual General Meeting as a duly authorized representative of a Company or any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank not less than FOUR DAYS before the date of the Annual General Meeting, i.e., on or before the closing hours of the Bank i.e. 5.00 p.m., on Friday, 21st June, 2013.

(iii) ATTENDANCE SLIP-CUM-ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-Cum-Entry Pass is annexed to this Report. Shareholders/ Proxy holders/Authorised Representatives are requested to affix their signatures at the space provided therein and surrender the Attendance Slip-cum-Entry Pass at the venue. Proxy/Authorized Representative of a shareholder should state on the Attendance Slip-Cum-Entry Pass as "Proxy" or "Authorized Representative" as the case may be.

(iv) BOOK CLOSURE

The Register of the shareholders and the Share Transfer Register of the Bank will remain closed from Saturday, 22nd June, 2013 to Wednesday, 26th June, 2013 (both days inclusive), for the purpose of Annual General Meeting and for ascertaining the shareholders entitlement to dividend, if declared at the Annual General Meeting.

(V) PAYMENT OF DIVIDEND

Payment of dividend to shareholders as proposed by the Board of Directors shall be paid to those shareholders holding shares in physical form, whose names appear on the Register of Shareholders of the Bank as on 26th June, 2013 and in respect of shares held in dematerialised form, the dividend will be paid on the basis of beneficial ownership as per details to be furnished by the depositories as at the end of business hours on 21st June, 2013 and the dividend shall be paid on 5th July' 2013.

(vi) TRANSFERS

Share certificates along with transfer deeds should be forwarded to the Registrar and Transfer Agent only for effecting the transfer.

(vii) DETAILS OF BANK ACCOUNT IN DIVIDEND WARRANTS / DIRECT CREDIT TO UNION BANK ACCOUNT / NATIONAL ELECTRONIC CLEARING SERVICE FACILITY (NECS):

The Bank will credit the dividend amounts to the bank accounts of the shareholders through Direct Credit

